# हरिभूमि

जबलपुर

मंगलवार, 28 जनवरी 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


8 ➝ वैश्विक दायित्वों से भाग रहे ट्रंप



### महू की 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली में गरजे कांग्रेस नेता राहुल गांधी

# संसद के जरिए तोड़ देंगे 50 फीसदी आरक्षण की ये दीवार

संविधान खत्म हुआ, इसके बाद गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा

◆ राहुल ने कहा कि पहले कांग्रेस शासित राज्यों में आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा किया जाएगा, इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर कानून बना कर इस दीवार को तोड़ दिया जाएगा



विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जातिगत जनगणना नहीं कराएंगे लेकिन हम 50 फीसदी आरक्षण की दीवार लोकसभा और राज्यसभा के जरिए तोड़ देंगे। इसे कोई नहीं रोक सकता।

उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस शासित राज्यों में आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा किया जाएगा, इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर कानून बना कर इस दीवार को तोड़ दिया जाएगा। राहुल महू में कांग्रेस द्वारा आयोजित 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित कर रहे थे।

जातिगत जनगणना से डरते हैं प्रधानमंत्री मोदी, कभी नहीं कराएंगे

आईआईटी आईआईएम छात्रों को नौकरी नहीं आपको कैसे मिलेगी



### आजादी से पहले का हिंदुस्तान चाहती है भाजपा

राहुल ने कहा कि संविधान से पहले इस देश में गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के लिए कोई अधिकार नहीं थे। अधिकार सिर्फ राजा- महाराजाओं के थे। वह बदलाव आजादी के दिन आया। आपको जमीन दी गई, जमीन का हक दिया गया। अधिकार दिए गए। राहुल ने कहा कि भाजपा और आरएसएस आजादी के पहले का हिंदुस्तान चाहते हैं। आजादी से पहले सिर्फ अडाणी-अंबानी जैसे लोगों के लिए अधिकार थे। कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हिंदुस्तान को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली। सच्ची आजादी मोदी जी के आने के बाद मिली। वे इस संविधान को ही नहीं मानते। राहुल ने कहा कि देश में दलित, आदिवासी, पिछड़ों एवं सामान्य वर्ग के गरीबों को फिर गुलाम बनाया जा रहा है। ये चाहते हैं कि गरीब चुप बैठें, एक शब्द न बोलें, भूखे मर जाएं, सपने न देखें और हिंदुस्तान अरबपति चलाएं।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का दावा...

## कांग्रेस ने नहीं, सावरकर ने रची थी बाबा साहेब को हराने की साजिश

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को हराने की साजिश सावरकर ने रची थी। महू रैली में बाबा साहेब का एक खत दिखाते हुए कहा कि उन्होंने खुद बताया था कि सावरकर ने उन्हें हराने के लिए साजिश की थी। बाबा साहेब को लेकर एक अफवाह फैलाते हैं कि बाबा साहेब आंबेडकर को किसने हराया। लेकिन खुद बाबा साहेब ने एक लेटर लिखा। इसे मैं आपको दिखा रहा हूं। इसे उन्होंने अपने दोस्त कमलाकांत को लिखा था। वह लिखते हैं- मुझे हराने में और किसी का हाथ नहीं सिवाए एसए डांगे और सावरकर, जिन्होंने साजिश करके मुझे हराया।

खरगे ने बाबा साहेब का लिखा पत्र भी दिखाया

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला

# कांग्रेस के लिए महात्मा गांधी, संविधान व बाबा साहेब सिर्फ राजनीतिक औजार



◆ राहुल अपने एजेंडे पर चलते हुए देश और समाज को बांटने का षडयंत्र रच रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस के लिए महात्मा गांधी, संविधान और बाबा साहेब सिर्फ राजनीतिक औजार हैं। हकीकत यह है कि कांग्रेस ने आजादी के बाद न बापू की सुध ली, न संविधान का सम्मान किया, न ही बाबा साहेब के विचारों, सिद्धांतों के प्रति आस्था रखी। कांग्रेस नेताओं ने सिर्फ बाबा साहेब आंबेडकर की राह में कांटे बिछाए। उनकी विचारधारा क कुचलने का काम किया। देश में आपातकाल लगाकर बाबा साहेब के बनाए संविधान की हत्या की।

कांग्रेस ने आजादी के बाद न बापू की सुध ली, न संविधान का सम्मान किया, न ही बाबा साहेब के विचारों, सिद्धांतों के प्रति आस्था रखी

### राहुल बताएं चीन से किसने किया था एमओयू?

उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों के माध्यम से चीनी माल बिकवाने वाले राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ एमओयू किसने किया था? चीन की सरकार राजीव गांधी फाउंडेशन को आर्थिक मदद क्यों देती रही है? उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ही है, जिसने चीन से आने वाले अनेक उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया है। सीमा पर उसकी आंखों में आंखें डालकर देश की जमीन कब्जाने के उसके एजेंडे को असफल किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के विकास से बौखला गए हैं। देश में अधोसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुए हैं।

### कांग्रेस ने 70 सालों में गरीब, पिछड़ों के लिए क्या किया?

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरीबों, पिछड़ों और आदिवासियों के हमदर्द बनने का ढोंग करने की बजाए राहुल गांधी को देश की जनता को यह बताना चाहिए कि कांग्रेस की सरकारों ने आजादी के बाद गरीबों, पिछड़ों और आदिवासियों के लिए क्या किया? गरीबी मिटाने का सिर्फ नारा दिया, लेकिन गरीबों के लिए कभी कुछ नहीं किया। भाजपा सरकार की योजनाएं कांग्रेस की बंदरबांट करने वाली योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इनसे लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है और इन्हीं योजनाओं के फलस्वरूप आज करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल सके हैं।

## खबर संक्षेप

### जसप्रीत बुमराह बने 2024 के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2024 का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुना गया है। इस पुरस्कार के लिए भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट, इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस भी नामित थे लेकिन बुमराह ने इन सभी को पछाड़कर पुरस्कार जीता। बुमराह ने हाल ही में टेस्ट में 200 विकेट पूरे किए थे।

### स्मृति मंधाना ने रचा धांसू कीर्तिमान



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को साल 2024 में दमदार बैटिंग का इनाम दिया है। मंधाना को आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 चुना गया है। उन्होंने एक धांसू कीर्तिमान रचा है। वह दो बार आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतने वाली दूसरी क्रिकेटर बन गई हैं। उनके अलावा यह कारनामा न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स ने अंजाम दिया है।

### दो समाजों के बीच हुए टकराव में खुलकर लाठी, डंडे, तलवार व चाकू चले

# जुए के विवाद पर चार लोगों की हत्या, 2 गंभीर



पाटन थाना अंतर्गत ग्राम टिमरी में वारदात, हालात तनावपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

संस्कारधानी के पाटन थाना अंतर्गत ग्राम टिमरी में दो पक्षों में पुरानी रंजिश के कारण सोमवार को हुए विवाद के बाद नरसंहार को अंजाम देने का मामला सामने आया है। दो समाज के बीच हुए टकराव में खुलकर लाठी, डंडे, तलवार व चाकू चले जिसमें चार लोगों की जान चली गई। दो लोग जीवन से संघर्ष कर रहे हैं। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए बड़ी संख्या में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। सांसद आशीष दुबे, क्षेत्रीय विधायक अजय बिश्नोई ,कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय मौके पर पहुंच गए। (विस्तृत पेज 14 पर)



### सड़क पर शव रखकर चक्काजाम किया

पीड़ित परिवार ने सड़क पर शव रखकर जबलपुर-दमोह रोड जाम कर दिया। वे आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। कलेक्टर दीपक सक्सेना के आश्वासन पर करीब 4 घंटे बाद चक्काजाम खत्म कर दिया गया। इसके बाद ही शव पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज रवाना किए जा सके। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कुछ टीमें रवाना की हैं। मृतक और हमलावर दोनों पर पूर्व से मामले दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है।

### गृहमंत्री अमित शाह ने संतों और बेटे जय के साथ संगम में लगाई डुबकी



### सीएम योगी ने भेंट किया रजत कलश

**प्रयागराज।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बेटे जय शाह के साथ संगम में डुबकी लगाई। गृहमंत्री सोमवार को प्रयागराज पहुंचे। एयरपोर्ट पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक सहित कई कैबिनेट मंत्री और विधायक मौजूद रहे। स्नान के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमित शाह और आईसीसी के चेयरमैन जय शाह को रजत कलश भेंट किया।

महाशिवरात्रि के लिए महाकालेश्वर मंदिर में तैयारियां शुरू

# 250 वाली टिकट से दर्शन पर 'रोक' वीआईपी दर्शन के लिए अब नए नियम

*लड्डुओं के दाम बढ़े, सोने-चांदी के दान पर लगाया जाएगा क्यूआर कोड*

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारी शुरू हो गई हैं। 17 से 27 फरवरी तक चलने वाले इस पर्व के लिए मंदिर प्रशासन ने कई अहम फैसले लिए हैं। इनमें सोने-चांदी के दान पर क्यूआर कोड, लड्डू के दामों में बढ़ोतरी और



वीआईपी दर्शन के नए नियम शामिल हैं। मुख्य पर्व 26 फरवरी को है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह सब तय हुआ। दीनदयाल रसोई योजना के तहत 3000 लोगों को मुफ्त भोजन दिया जाएगा।

शहर के छह केंद्रों पर महाकाल का प्रसाद रूपी भोजन मिलेगा। सबसे बड़ा बदलाव दर्शन व्यवस्था में किया गया है। 250 रुपये वाला शीघ्र दर्शन पूरी तरह बंद रहेगा। वीआईपी और वीवीआईपी के लिए सिर्फ विशेष शीघ्र दर्शन टिकट से ही प्रवेश मिलेगा।

### उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बना, नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण किया

# हलाला, एक से ज्यादा शादियों व तीन तलाक पर 'रोक'

## मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने किया ऐलान

एजेंसी ⏭ देहरादून

उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) सोमवार से लागू हो गया है। मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसका ऐलान किया। यह कार्यक्रम सीएम आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित किया गया। सीएम धामी ने कहा कि हमने 3 साल पहले जनता से किए गए वादे को पूरा किया। यूसीसी किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं है।



27 जनवरी का दिन समान नागरिकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा

### यूसीसी पोर्टल पर इनका पहला रजिस्ट्रेशन?

यूसीसी लागू करने और इसी नियमावली तथा पोर्टल लॉन्च करने के बाद उन्होंने ही सबसे पहला रजिस्ट्रेशन कराया। यूसीसी पोर्टल पर शुरुआती रजिस्ट्रेशन करवाने का श्रेय पाने वालों में निकिता नेगी रावत, मनोज रावत, अंजना रावत, मीनाक्षी और अंजलि हैं।


### इससे क्या बदलेगा? जरा समझिए

- **समान संपत्ति अधिकारः** बेटे और बेटी दोनों को संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा। इससे फर्क नहीं पड़ेगा कि वह किस कैटेगरी के हैं।
- **मौत के बाद संपत्तिः** अगर किसी व्यक्ति की मौत जाती है तो यूनिफॉर्म सिविल कोड उस व्यक्ति की संपत्ति को पति/पत्नी और बच्चों में समान रूप से वितरण का अधिकार देता है। इसके अलावा उस व्यक्ति के माता-पिता को भी संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा। पिछले कानून में ये अधिकार केवल मृतक की मां को मिलता था।
- **समान कारण पर ही मिलेगा तलाकः** पति-पत्नी को तलाक तभी मिलेगा, जब दोनों के आधार और कारण एक जैसे होंगे। केवल एक पक्ष के कारण देने पर तलाक नहीं मिल सकेगा।
- **लिव इन का रजिस्ट्रेशन जरूरीः** उत्तराखंड में रहने वाले कपल अगर लिव इन में रह रहे हैं तो उन्हें इसका रजिस्ट्रेशन कराना होगा। हालांकि ये सेल्फ डिक्लेरेशन जैसा होगा, लेकिन इस नियम से अनुसूचित जनजाति के लोगों को छूट होगी।


## COPYRIGHT & TRADEMARK CAUTION NOTICE

Our Client, **M/s. NAVA HEALTHCARE PVT. LTD.,** a registered private limited company, at **C1/10, LAL SAI MARG, JANAKPURI, NEW DELHI-110058,** India is the registered, prior user and honest adopter of the Copyright/Artistic work **"DEVICE OF ARROWS"** vide no. A-143295/2022, as shown below, under relevant sections of the Copyright Act 1957 and Trademarks Act, 1999.

The members of trade and public are hereby cautioned and notified against any unscrupulous manufacturers, marketers and traders, who pass of their goods under the aforementioned Copyright/Artistic work/ Trademark and its variants thereof or any other Artistic work and mark deceptively similar to our Client's Copyright/trademark and its variants thereof. Therefore, the public is hereby cautioned against purchasing goods from any such individuals/entities.




The public in general are also advised not to be attracted or lured by any email communications, advertisements or solicitation made by any unauthorized entities. Our client will take strict legal action against such entities and thwart their attempts to mislead the public at large.

Dated this 24th day of January, 2025
For **NAVA HEALTHCARE PVT. LTD.**

Romila Malhotra (Advocate)
Bee Legal Advisory-IP Law Firm
C-11, Shivlok Apartment,
Plot-6, Sector-6, Delhi-110075.
Mobile-9582916996, 9599712505

## खबर संक्षेप

### गोलीबारीः चैंपियन को 14 दिन की हिरासत



**देहरादून।** उत्तराखंड में खानपुर से विधायक उमेश कुमार और पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के बीच विवाद के बाद गिरफ्तार किए गए। चैंपियन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। जबकि उमेश को जमानत मिल गई। 40-40 हजार के दो मुचलके भरे गए। प्रभारी संयुक्त निरीक्षक अभियोजन हरिद्वार रिंकू वर्मा ने की पुष्टि की है। बता दें कि रविवार को पूर्व विधायक चैंपियन की ओर से विधायक उमेश के कैंप कार्यालय पर गोली चलाने के बाद माहौल गर्मा गया था। हाथ में पिस्टल ले जाते हुए दिखाए दिए थे।

### 13वीं मंजिल से गिरी बच्ची, बच गई जान



**मुंबई।** महाराष्ट्र के डोंबिवली के देवीचापाड़ा इलाके में एक चमत्कारिक घटना घटी। रविवार सुबह 13 मंजिला इमारत से एक दो वर्षीय बच्चा नीचे गिरने लगा, जैसे ही बच्चा गिरने लगा इमारत में रहने वाले भावेश म्हात्रे नाम के एक युवक ने अपनी जान की परवाह किए बिना भाग कर उसकी जान बचा ली। इस घटना से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना पिछले हफ्ते देवीचापाड़ा इलाके में हुई और बच्चे को केवल मामूली चोटें आईं। 13वीं मंजिल के फ्लैट की बालकनी में खेलते समय गिर गया।

## हिमाचल में यूसीसी पर जुबानी जंग!

# जयराम की 'गुगली' पर धर्माणी ने किया पलटवार, रजवी बोले- कोई दिक्कत नहीं

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर हिमाचल प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार होती, तो हिमाचल, यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने वाला दूसरा राज्य बन जाता। जयराम ठाकुर की इस सियासी गुगली ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की नेतृत्व वाली सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राज्य धर्माणी ने भाजपा पर तुष्टीकरण का आरोप लगा दिया।

**उत्तराखंड में यूसीसी लागू हुआ और हिमाचल में सियासी उबाल आ गया**

एजेंसी ▶▶ शिमला

**शिक्षा मंत्री ने भाजपा पर लगाया तुष्टिकरण का आरोप**

हिमाचल प्रदेश का पड़ोसी राज्य उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने वाला पहला राज्य बन चुका है। इस बीच हिमाचल प्रदेश में भी यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर सियासी जंग की शुरुआत हो चुकी है। राज्य में सियासत उबाल देखा जाने लगा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर हिमाचल प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार होती, तो हिमाचल यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने वाला दूसरा राज्य बन जाता।

जयराम ठाकुर की इस सियासी गुगली ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की नेतृत्व वाली सरकार को परेशान तो किया, लेकिन सोमवार को ही तकनीकी शिक्षा मंत्री राज्य धर्माणी ने भाजपा पर तुष्टीकरण के आरोप लगाते हुए पलटवार कर डाला।

हिमाचल में भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार को यूसीसी के बहाने जमकर घेरा



**जयराम ठाकुर पर धर्माणी का पलटवार :** हिमाचल प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म के नाम पर राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड सुनने के लिए तो अच्छा लगता है और लोगों को आकर्षित करता है, लेकिन यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के रीति रिवाज भी अलग हैं। हर हिंदू धर्म में भी क्षेत्र के मुताबिक रीति रिवाज बदल जाते हैं। देश में उत्तर और दक्षिण में भी रीति-रिवाज अलग हैं। ऐसे में यूनिफॉर्म सिविल कोड व्यावहारिक नहीं है।

### यूसीसी व्यवहारिक नहीं हैः धर्माणी

राजेश धर्माणी ने कहा कि अगर हम हिमाचल प्रदेश के संबंध में ही बात करें, तो हिमाचल प्रदेश में भी रीति रिवाज अलग-अलग हैं। हर जिले के रीति रिवाज भी अलग हो जाते हैं। शिमला में ही एक इलाके में रिवाज अलग होते हैं, जबकि दूसरे इलाके के रिवाज बदल जाते हैं।उन्होंने कहा कि देश की अनेकता ही यहां की ताकत है। धर्माणी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति अल्पसंख्यक समूहों पर टारगेट के लिए होती है। धर्माणी ने कहा कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड संभव नहीं है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी को इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।



### यूसीसी पर अमल करने में भी कोई ऐतराज नहींः रजवी

बरेली। मुसलमान कानून पर अमल करता है और सम्मान करता है, यूसीसी पर अमल करने में भी कोई ऐतराज नहीं है। आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बयान में कहा कि उत्तराखंड में लागू यूसीसी का अगर शरीयत से कोई टकराव नहीं हो और शरीयत के उसूलों के खिलाफ नहीं है तो मुसलमान यूसीसी पर अमल करेंगे। अगर शरीयत के खिलाफ या टकराव की स्थिति है तो मुसलमान यूसीसी पर अमल करने पर बाध्य और मजबूर नहीं हैं। मौलाना ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सभी समुदायों से राय लेनी चाहिए थी। धामी की ओर से बनाई गई कमेटी ने सभी समुदाय से राय मशविरा नहीं लिया। खास तौर पर मुसलमानों से दूरी बनाए रखी गई, इसलिए ये फैसला एकतरफा है।

## सोलापुर में जीबीएस से पहली मौत

# 19 बच्चों सहित 101 एक्टिव मरीज,1 इंजेक्शन 20 हजार का

» पुणे में जीबीएस का पहला मरीज 9 जनवरी को मिला था



एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के सोलापुर में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम यानी जीबीएस से पहली मौत की बात सामने आई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि शख्स पुणे में काम करता था और अपने घर सोलापुर गया था। उसके गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से पीड़ित होने का संदेह था। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक 26 जनवरी तक जीबीएस के 101 एक्टिव मरीज हैं। इसमें पुणे से 81 मरीज, पिंपरी चिंचवाड़ से 14 और 6 मरीज अन्य जिलों से हैं। इनमें 68 पुरूष और 33 महिला मरीज हैं। पुणे में 16 मरीज वेंटिलेटर पर हैं।

■ पुणे में 16 मरीज वेंटिलेटर पर हैं

### केंद्र ने स्पेशल टीम भेजी

पुणे में 9 जनवरी को अस्पताल में भर्ती मरीज जीबीएस पॉजिटिव आया था, ये पहला केस था। अब पुणे में एक्टिव केसों की संख्या 101 हो गई है। इनमें 19 मरीज 9 साल से कम उम्र के हैं। 50-80 साल की उम्र वाले 23 मरीज हैं। जीबीएस के मामले में महाराष्ट्र सरकार की मदद के लिए केंद्र सरकार ने हाई लेवल की स्पेशलिस्ट टीम भेजी है। स्वास्थ मंत्रालय ने 7 सदस्य वाली टीम भेजी है। एजेंसी के मुताबिक रिसर्च और दूसरे डिपार्टमेंट की स्पेशलिस्ट टीम ग्राउंड लेवल पर काम कर रही है। इस मामले में महाराष्ट्र सरकार की मदद के लिए केंद्र सरकार ने हाई लेवल की स्पेशलिस्ट टीम भेजी है। एजेंसी के मुताबिक स्वास्थ मंत्रालय ने 7 सदस्य वाली टीम भेजी है। एजेंसी के मुताबिक रिसर्च और दूसरे डिपार्टमेंट की स्पेशलिस्ट टीम ग्राउंड लेवल पर काम कर रही है।

### » मुफ्त इलाज की घोषणा की

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने जीबीएस मरीजों के मुफ्त इलाज की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पिंपरी-चिंचवाड़ के लोगों का इलाज वीसीएम अस्पताल में होगा, जबकि पुणे नगर निगम क्षेत्र के मरीजों का इलाज कमला नेहरू अस्पताल में होगा। ग्रामीण क्षेत्रों की जनता के लिए पुणे के ससून अस्पताल में फ्री इलाज मिलेगा। जीबीएस का इलाज महंगा है। डॉक्टरों के मुताबिक मरीजों को आमतौर पर इम्युनोग्लोबुलिन इंजेक्शन के कोर्स करना होता है। निजी अस्पताल में इसके एक इंजेक्शन की कीमत 20 हजार रुपए है।

## कानून में सुधार की मांग को लेकर लगाई गई याचिका खारिज

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दहेज और घरेलू हिंसा को लेकर हम कुछ भी नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों में सुधार की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इसके लिए समाज को बदलना होगा, हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। याचिका में कहा गया था कि मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है, ऐसे में इनमें सुधार किए जाने चाहिए। बीते दिनों बंगलूरू में एक इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली थी। इंजीनियर ने अपनी पत्नी पर कानूनी तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और इंजीनियर ने कानून में कथित खामियों का भी आरोप लगाया था।



इंजीनियर की आत्महत्या के बाद समाज में देहज और घरेलू हिंसा कानूनों के गलत इस्तेमाल को लेकर बहस छिड़ गई। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कानूनों में सुधार की मांग की गई। याचिका वकील विशाल तिवारी ने दायर की थी। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जजों, वकीलों और कानूनी विशेषज्ञों की सदस्यता वाली एक समिति बनाने की मांग की गई थी, जो मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों की समीक्षा करे। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्रा की पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए साफ कहा कि समाज को बदलना होगा और अदालत इसमें कुछ नहीं कर सकती।



जबलपुर
मंगलवार, 28 जनवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष -14
■ वर्ष : 19, अंक : 265
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 24
न्यून. 10

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से की बात

## वैश्विक शांति के लिए मिलकर काम करेंगे



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बात की है। पीएम ने खुद सोमवार को एक्स पर इसकी जानकारी दी। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद यह दोनों नेताओं की पहली बातचीत है। उन्होंने लिखा कि हम लोगों के कल्याण और वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे।

सरेंडर को लेकर दिन भर कोर्ट में बना रहा सस्पेंस आज होगी सुनवाई

# ये भी गजब, तीन एजेंसियां कर रहीं जांच, सौरभ चुपचाप कोर्ट पहुंचा, किसी को भनक नहीं लगी, सरेंडर का आवेदन दिया, कोर्ट बोला-मंगलवार को आना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा ने सोमवार को अधिवक्ता के साथ विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन के विशेष न्यायाधीश आरपी मिश्र के न्यायालय में उपस्थित होकर अपने समर्पण का आवेदन पेश किया। इसकी भनक किसी को भनक तक नहीं लगी।

इस मामले में लोकायुक्त, ईडी व आयकर की जांच चल रहा है। सौरभ के आवेदन के अनुसार उसे जानकारी मिली है कि विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन ने उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। सुरक्षा की दृष्टि से वह न्यायालय में उपस्थित होकर समर्पण करना चाहता है। विशेष न्यायाधीश ने आवेदन स्वीकार कर विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन को मंगलवार को सुबह 11 बजे अपराध से संबंधित डायरी और प्रतिवेदन पेश करने के निर्देश दिए।

इसके बाद सौरभ शर्मा और उसके अधिवक्ता न्यायालय से वापस चले गए। इस जानकारी पर मीडियाकर्मियों का न्यायालय में जमावड़ा लग गया। विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन के डीएसपी वीरेंद्र सिंह भी अपनी टीम के साथ न्यायालय पहुंच गए थे।

कोर्ट ने लोकायुक्त पुलिस से केस डायरी तलब की

शाम तक लगा रहा मीडिया कर्मियों का न्यायालय में जमावड़ा

इस मामले में ईडी और आयकर की जांच अलग चल रही है

### एसपी बोले- कोर्ट ने डायरी तलब की

इधर, इस मामले में लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर का 'हरिभूमि' से कहना था कि अदालत ने सौरभ शर्मा मामले में लोकायुक्त पुलिस से डायरी तलब की है। लोकायुक्त की टीम मंगलवार को केस अदालत में डायरी प्रस्तुत करेगी। जहां तक उसके सरेंडर का सवाल है तो अभी उसने सरेंडर नहीं किया है। फिलहाल कोर्ट में सरेंडर का आवेदन लगाए जाने की जानकारी मिली है।



जिला अदालत में दिन भर मीडिया का जमावड़ा लगा रहा

### सौरभ के ठिकानों से अब तक मिल चुकी है करीब 100 करोड़ की संपत्ति

लोकायुक्त की टीम ने 19 दिसंबर को आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के भोपाल की अरेरा कॉलोनी स्थित घर और ऑफिस पर छापा मारा था। टीम को इन ठिकानों से 2.95 करोड़ रुपए कैश, करीब 50 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और 234 किलो चांदी अन्य प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले थे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### इंजीनियरिंग छात्रों को 50 हजार छात्रवृत्ति शुरू

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद



(एआईसीटीई) ने छात्रों के लिए "यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप और समग्र शैक्षणिक कौशल उद्यम पहल (यशस्वी) योजना 2025 की शुरुआत की है। डिग्री छात्रों को 50 हजार और डिप्लोमा छात्रों को 30 हजार की सहायता दी जाएगी।

### विवादित रील बनाने पर एमबीए की छात्रा पर केस

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विवि में एमबीए की छात्रा अल्फिया खान की सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई एक रील से विवाद खड़ा हो गया है। जिसके बाद हिंदू संगठनों और छात्र संगठनों ने विरोध किया और पुलिस ने छात्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।



### हथौड़े से पत्नी की हत्या फिर खुद को लगाई आग

**रायसेन।** बरेली में पति ने पत्नी की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद पति ने खुद को आग के हवाले कर दिया और उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। हालांकि, पति ने मर्डर कर सुसाइड क्यों किया इसका खुलासा नहीं हो पाया है।



इंदौर में सीएम डॉ. यादव ने जन कल्याण अभियान में चिन्हित हितग्राहियों को वितरित किए हितलाभ

# ग्रामीण क्षेत्र में पक्के मकान उपलब्ध कराने अब दोबारा कराया जा रहा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र को आगे बढ़ाने के लिए 63 प्रकार की विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, गरीबी रेखा राशन के लाभ उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार के प्रतिनिधि घर-घर पहुंच रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए पुनः सर्वे कराया जा रहा है। राज्य सरकार जीयो और जीने दो के सिद्धांत पर विश्वास करती है और हर गरीब का जीवन बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जनकल्याण अभियान के समापन पर इंदौर के गांधी नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में इंदौर और उज्जैन संभाग के हितग्राही और नागरिक शामिल हुए। राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया गया।

**सफाई मित्रों को किया सम्मानित और पहनाई पादुकाएं**

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र को आगे बढ़ाने के लिए 63 प्रकार की विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, गरीबी रेखा राशन के लाभ उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार के प्रतिनिधि घर-घर पहुंच रहे हैं।*

» ***जीयो और जीने दो के सिद्धांत पर हर गरीब का जीवन बेहतर बनाने राज्य सरकार प्रतिबद्ध***

» ***बाबा साहेब की समरसता और समानता की भावना के अनुरूप कार्य कर रही है सरकार***

### मप्र में शुरू किया गया है नशा मुक्ति अभियान

-मुख्यमंत्री ने कहा कि पक्का मकान, गैस का चूल्हा, 2029 तक प्रतिमाह निःशुल्क राशन, बच्चों के अध्ययन के लिए निशुल्क पुस्तकों की व्यवस्था के साथ ही दुग्ध-उत्पादन में वृद्धि के लिए 10 से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा नाश की जड़ है, प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान शुरू किया जा रहा है। शराब दुकानों को हतोत्साहित कर दूध के उत्पादन को प्रोत्साहित करना हमारा उद्देश्य है। इससे बहन-बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और सम्पन्नता सुनिश्चित होगी और परिवारों का जीवन बेहतर होगा।



### शासकीय नौकरियों के साथ ही औद्योगीकरण भी

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में शासकीय नौकरियों के साथ ही औद्योगीकरण से निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। युवाओं के साथ ही महिला सशक्तिकरण, अन्नदाता किसानों और गरीब कल्याण के लिए भी मिशन मोड में कार्य करने के लिए 56 विभागों को चार भागों में बांटते हुए योजनाओं और कार्यक्रमों का समग्रता में संचालन कर प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में बदलाव की दिशा में कार्य जारी है। उद्योगों के लिए विद्यमान सकारात्मक वातावरण के कारण प्रदेश को चार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

### सीएम जापान दौरे पर उद्योगपतियों को देंगे भोपाल जीआईएस का आमंत्रण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का चार दिनी जापान दौरा सोमवार से शुरू हो गया। वे शाम को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट नई दिल्ली से टोक्यो के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री जापान के टोक्यो, ओसाका और कोबे जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय उद्योगपतियों से मप्र में निवेश के संबंध में संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान दौरे के पहले दिन 28 जनवरी को टोक्यो में विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री टोक्यो (जापान) में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज के साथ बैठक में जापान के निवेशकों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों के साथ मप्र में औद्योगिक गतिविधियों के बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों और संभावनाओं के विषयों पर चर्चा करेंगे।

आय से 240 गुना संपत्ति उजागर

## रतलाम में लेखापाल व धार में पिता के घर ईओडब्ल्यू का छापा




■ आधा दर्जन से अधिक प्लाट आलीशान मकान, पेट्रोल पंप, डीलक्स बसें सहित अन्य चल और अचल संपति का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रतलाम में नगर निगम के लेखापाल विकास सोलंकी के घर पर सोमवार सुबह 4 बजे आर्थिक अपराध अन्वेषण (ईओडब्ल्यू) की टीम ने छापा मारा।

टीम ने घर में दस्तावेज आदि जांचे और आय से अधिक संपत्ति के सबूत पाए। इसके अलावा ईओडब्ल्यू की दूसरी टीम ने धार में लेखापाल के पिता के घर पर भी छापा मारा। दोनो स्थानों पर करोड़ो की संपत्ति हुई है।

स्कूल में बच्चों को परोसा गया खीर-पूड़ी और हलवा

## 30 से ज्यादा बच्चे फूड पॉइजनिंग के हुए शिकार



■ सभी बच्चों का इलाज जारी है और वे खतरे से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कसरावद के एक स्कूल में लगभग 30 बच्चे फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। इन बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरसूद में भर्ती कराया गया है।

बच्चों में 25 प्राथमिक विद्यालय के छात्र और 5 आंगनवाड़ी के बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा एक आंगनवाड़ी सहायिका भी फूड पॉइजनिंग का शिकार हुई है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने सभी बच्चों का इलाज शुरू कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

स्नैक बाइट पीड़ितों के उपचार मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

## केंद्र से कहा- इसमें सभी राज्यों को भी शामिल करें



'एंटी-वेनम' इंजेक्शन की सारे देश में कमी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्पदंश की समस्या के पूरे देश में व्याप्त होने का उल्लेख करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह सभी राज्यों को साथ लेकर मेडिकल सुविधाओं में स्नेक बाइट का ट्रीटमेंट उपलब्ध कराने के लिए कुछ करें। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि सांप के काटने के इलाज में महत्वपूर्ण 'एंटी-वेनम' की कमी के कारण देश एक बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है।

## मप्र की झांकी ने देशवासियों का जीता दिल

### सीएम यादव बोले- चीतों से ईको-टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा




**भोपाल।** 76वें गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय उत्सव में इस बार कर्तव्य पथ पर मध्यप्रदेश की झांकी ने देशवासियों का दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री ड. मोहन यादव ने इस उपलब्धि पर सोशल मीडिया एक्स पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि चीतों का आगमन न केवल हमारे ईको-टूरिज्म को प्रोत्साहन देगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। चीतों की ऐतिहासिक वापसी पर आधारित झांकी ने न केवल राज्य की समृद्ध जैव विविधता को उजागर किया, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई चीता पुनर्वास परियोजना की सफलता को भी उत्कृष्टता से रेखांकित किया। झांकी में कूनो नेशनल पार्क और वहां बसे चीतों को दिखाया गया।

6 महीने पहले हुए झगड़े का ऐसा बदला

## थार से कुचलकर 12वीं के छात्र की हत्या, दो घायल



■ घायलों का इलाज जारी, पिता की भी एक्सीडेंट में हो चुकी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

भिंड में 12वीं के एक छात्र की थार से कुचलकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने 6 महीने पहले हुए एक झगड़े का बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ये घटना 26 जनवरी को भिंड के रौन इलाके की है।

पुलिस ने बताया कि छात्र शिव रावत उर्फ लकी अपने दो दोस्त समर प्रताप राजावत और देवेश राजावत के साथ बाइक से जा रहा था। तभी थार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। शिव रावत उर्फ लकी की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उसके दोस्त समर प्रताप राजावत और देवेश राजावत गंभीर रूप से घायल हो गए।


**नोएडा के 14 साल के बच्चे ने की अहम खोज**

## नए एस्टेरॉयड की खोज नासा ने भी की तारीफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरिक्ष के अनके रहस्य पृथ्वी पर रहने वाले मानव के लिए आज भी एक अबूझ पहेली बने हुए हैं। नोएडा के स्कूली छात्र ने ऐसे की एक रहस्य को पर्दा उठाकर धरती से आसमान तक अपना नाम रोशन कर दिया है।

दरअसल, नोएडा के एक स्कूल में पढ़ने वाले 9वीं क्लास के एक छात्र ने अंतरिक्ष में मार्स और जूपिटर के बीच के बीच मेन एस्टेरॉयड बेल्ट में एक नए एस्टेरॉयड की खोज की है। इसके चलते दुनिया की शीर्ष अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने उसे ही एस्टेरॉयड का नामकरण करने की इजाजत दे दी है।



**ये हैं शिव नाडर स्कूल के छात्र दक्ष मलिक**

नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) द्वारा नोएडा के शिव नाडर स्कूल के 14 वर्षीय छात्र दक्ष मलिक को एक प्रोविजनल एस्टेरॉयड खोज के लिए मान्यता दी गई है। जैसा कि आमतौर पर होता है, इस एस्टेरॉयड का नाम वर्तमान में इसकी खोज के वर्ष के आधार पर '2023 ओजी40' रखा गया है, लेकिन बहुत जल्द ही दक्ष मलिक को इसके लिए एक स्थायी नाम चुनने का सम्मान मिलेगा। दक्ष मलिक और उनके स्कूल के कुछ दोस्त पिछले डेढ़ साल से इंटरनेशनल एस्टेरॉयड डिस्क्वरी प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष में एस्टेरॉयड्स की खोज कर रहे थे। उन्हें यह मौका तब मिला जब स्कूल एस्ट्रोनॉमी (खगोल विज्ञान) क्लब ने 2022 में इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल सर्च कॉलेब्रेशन के बारे में एक ईमेल भेजा।

संसदीय समिति की अगुवाई कर रहे सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा की गई

एनडीए सदस्यों की ओर से पेश किए गए सुझावों को स्वीकार किया गया

# वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी की मंजूरी, सत्ता पक्ष के 14 संशोधन पारित, विपक्ष के सुझाव खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ संशोधन अधिनियम पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की सोमवार को बैठक हुई। बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा की गई। भाजपा की अगुवाई में एनडीए सांसदों के संशोधनों को स्वीकार कर लिया गया जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया। संसदीय समिति की अगुवाई कर रहे भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि एनडीए सांसदों की ओर से पेश किए गए 14 संशोधनों को स्वीकार कर लिया गया जबकि विपक्ष की ओर से पेश किए गए सभी संशोधनों को खारिज कर दिया गया।



**टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने कहा**

### भाजपा सांसद खुद को बड़ा समझते हैं

समिति की बैठक में सोमवार को हुई वोटिंग में सत्तारूढ़ सरकार की ओर से संशोधनों के पक्ष में 16 सांसदों ने वोटिंग की जबकि विपक्ष के 10 सदस्यों ने इसके विरोध में वोटिंग की। विपक्ष के संशोधनों में विपक्ष को बिल के 44 क्लॉजों को लेकर आपत्ति थी लेकिन इन्हें खारिज किया गया।

### संशोधनों को मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन बताया विपक्ष ने

8 अगस्त को वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश होने के तुरंत बाद इस समिति का गठन किया गया था। विपक्षी दलों ने इस विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों को मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए कड़ी आलोचना की। वहीं, सत्तारूढ़ भाजपा का कहना है कि ये संशोधन वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाएंगे और उन्हें जवाबदेह बनाएंगे। इससे पहले वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ था।




इंटरनेशनल स्पेस सेंटर से खींची गई तस्वीरें

# अंतरिक्ष से महाकुंभ मेले का देखने को मिला अद्भुत और भव्य नजारा

# केंद्रीय मंत्री शाह को संतों ने रुद्राक्ष की माला पहनाकर दिया आशीर्वाद

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और केमिकल इंजीनियर डोनाल्ड रॉय पेटिट ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से खींची गई तस्वीरें में 2025 के महाकुंभ मेले को देखकर पूरी दुनिया विस्मित है। गंगा नदी के तट पर दुनिया का सबसे बड़ा समागम रौशनी से जगमगाया। इन तस्वीरों को आईएसएस से एस्ट्रोनॉट डॉन पेटिट ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर शेयर किया है






एजेंसी ▶▶ महाकुंभ नगर (प्रयागराज)



महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसमें लाखों श्रद्धालु गंगा नदी में डुबकी लगाकर आध्यात्मिक शांति प्राप्त करते हैं। महाकुंभ में श्रद्धालुओं का आना लगातार जारी है। उत्तर प्रदेश सूचना विभाग के मुताबिक, अब तक 13.21 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। यह आंकड़ा दिन-प्रतिदिन तेजी से बढ़ता ही रहा है।

वहीं महाकुंभ ने "वसुधैव कुटुंबकम" का संदेश दिया है जहां देश-विदेश से आए लोग जाति-धर्म की सीमाओं को पार कर संगम में एक साथ स्नान कर रहे हैं। प्रयागराज से आ रही तस्वीरों को देखकर पूरी दुनिया विस्मित है। महाकुंभ मेला को सिर्फ जमीन से ही नहीं बल्कि अंतरिक्ष से भी कैप्चर किया जा रहा है। इंटरनेशनल स्पेस सेंटर (आईएसएस) ने रविवार रात को अंतरिक्ष से महाकुंभ की आश्चर्यचकित कर देने वाली तस्वीरें कैद की हैं। इन तस्वीरों में महाकुंभ मेले का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इसमें गंगा नदी के तट पर दुनिया का सबसे बड़ा मानव समागम रौशनी से जगमगा रहा है। इन तस्वीरों को आईएसएस से एस्ट्रोनॉट डॉन पेटिट ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर शेयर किया है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सपरिवार प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ में स्नान किया और कई साधु-संतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

**अब तक 13.21 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में किया स्नान**

**केंद्रीय मंत्री शाह ने लेटे हनुमान मंदिर में दर्शन और पूजन किया**



## भाजपा नेताओं में गंगा स्नान की होड़: खरगे



**इंदौर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाकुंभ स्नान को लेकर कहा कि गंगा स्नान से गरीबी दूर नहीं होगी। भाजपा नेताओं में गंगा स्नान की होड़ लगी हुई है। लोग कॉम्पटीशन में डुबकी मार रहे हैं। जब तक टीवी में डुबकी अच्छी नहीं आती है तब तक डुबकी मारते रहते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म पर हम सभी की आस्था है। धर्म हम सभी के साथ है, लेकिन धर्म के नाम पर किसी समाज में गरीबों का शोषण होगा तो हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। खरगे ने सवाल उठाया कि गंगा में डुबकी लगाने से युवाओं को रोजगार मिलेगा क्या, गरीबी दूर होगी क्या, पेट को खाना मिलेगा क्या? मैं किसी की आस्था को चोट नहीं करना चाहता हूं। देश में बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज जो लोग कांग्रेस को गालियां देते हैं, उन्होंने आजादी के लिए कुछ नहीं किया, सिर्फ अंग्रेजों की नौकरी की। इनका कोई योगदान देश की आजादी में नहीं था। ऐसे लोगों को सबक सिखाना है तो एकजुट हो जाओ।

### किसी की भी मुंडी पकड़कर बना दे रहे महामंडलेश्वर: बाबा रामदेव

बॉलीवुड अभिनेत्री रहीं ममता कुलकर्णी के महामंडलेश्वर बनाए जाने पर योग गुरु बाबा रामदेव ने प्रतिक्रिया दी है। रामदेव ने कहा है कि एक दिन में किसी को संतत्व नहीं हो सकता। उसके लिए सालों की साधना लगती है। हम लोगों ने 50-50 वर्षों का तप करने के बाद साधुता को पाया है। आजकल देखने को मिल रहा है कि किसी की भी मुंडी पकड़कर महामंडलेश्वर बना दिया जा रहा। ऐसा नहीं होना चाहिए। वहीं रील्स के जरिए कुंभ में फैलाई जा रही फूहड़ता पर भी बाबा ने नाराजगी जाहिर की है।

### शाह ने अक्षय वट की पूजा की



संगम स्नान के बाद अमित शाह ने साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। आईसीसी चेयरमैन जय शाह को सीएम योगी आदित्यनाथ ने रजत कलश भेंट किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ महाकुंभ में स्वामी अवधेशानंद आश्रम में पहुंचे। यहां सभी ने जल पान आदि किया। अमित शाह ने पत्नी सोनल शाह के साथ स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज और अन्य संतों से मुलाकात की। इस दौरान स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज ने रुद्राक्ष की माला पहनाकर उनको आशीर्वाद दिया। उन्होंने प्रयागराज में 'अक्षय वट' की पूजा-अर्चना की। लेटे हनुमान मंदिर में दर्शन और पूजन किया।

### योगी ने रामदेव के साथ किया योग



महाकुंभ में स्नान करने पहुंचे योग गुरु बाबा रामदेव ने डुबकी लगाने के बाद प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ संगम तट पर योगाभ्यास किया। योगाभ्यास की फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर की जा रही है। योग गुरु बाबा रामदेव ने संगम में डुबकी लगाने के बाद सीएम योगी से मुलाकात की और उनके साथ योग किया। बाबा रामदेव, सीएम योगी आदित्यनाथ को धुवासन सिखाते हुए दिखाई पड़े।

खरगे के बयान पर भाजपा का पलटवार

### देश से माफी मांगें राहुल गांधी गंगा हमारे लिए नदी नहीं मां है




कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के 'गंगा में डुबकी से गरीबी दूर होगी क्या' वाले बयान को लेकर भाजपा ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर निशाना साधा है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने राहुल गांधी से माफी की मांग करते हुए कहा कि विपक्ष आस्था का मजाक उड़ा रहा है। खरगे ने गंगा मैय्या पर जो टिप्पणी की है उससे बहुत दुख हुआ है। महाकुंभ करोड़ों वर्षों से सनातन आस्था का प्रतीक है, कांग्रेस पार्टी और उसके अध्यक्ष इसका मजाक और माखौल उड़ा रहे है। महाकुंभ स्नान को लेकर खरगे का बयान अत्यंत शर्मनाक है। क्या इफ्तार पार्टी और हज यात्रा के लिए भी कांग्रेस पार्टी यही शर्मनाक बयान दे सकती है? राहुल गांधी आप विदेश जाकर स्विमिंग पुल में डुबकी लगाइए, हमें कोई आपत्ति नहीं है।

### प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर अमृत स्नान के दिन प्रवेश और निकास की विशेष योजना

कल 29 जनवरी को महाकुंभ के सबसे बड़े अमृत स्नान मौनी अमावस्या की तैयारी हो रही है। मौनी अमावस्या के पर्व पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इतनी भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनकी सुगम निकासी के लिए प्रयागराज रेल मंडल ने शहर के सभी स्टेशनों के लिए विशेष योजना और कुछ प्रतिबंध लागू किए हैं। मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के दिन प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश केवल सिटी साइड, प्लेटफॉर्म नंबर 1 की ओर से दिया जाएगा। निकास केवल सिविल लाइंस साइड, प्लेटफार्म न. 6 की ओर से होगा। आरक्षित यात्रियों, जिनका पहले से टिकट रिजर्व है, उन्हें सिटी साइड के गेट नंबर 5 से अलग से प्रवेश दिया जाएगा।


## खबर संक्षेप

### भीषण अग्निकांड कई घर जले, एक महिला की मौत



**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के मोरी में सावणी गांव में रविवार देर रात भीषण अग्निकांड हो गया। यहां अचानक एक घर में आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि उसने एक-एक कर कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। घर लकड़ी के बने थे इसलिए आग और फैल गई। इस दौरान गांव में पानी ना होने के कारण आग पर काबू पानी में काफी दिक्कत हुई। जिस वजह से नौ घर जलकर राख हो गए। वहीं, हादसे में एक महिला की जान भी चली गई। कई घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

### पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर बढ़ रहे अत्याचार



**लाहौर।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले जारी हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अहमदिया समुदाय से जुड़ी 40 कब्रों को चरमपंथियों ने नुकसान पहुंचाया है। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान ने कहा कि अहमदियों को निशाना बनाने के लिए शेखूपुरा में उनके घरों के बाहर आपत्तिजनकर बातें भी लिखी गई हैं। इसके पीछे तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के सदस्यों का हाथ माना जा रहा है। पुलिस ने कहा कि वह अहमदी समुदाय के कब्रिस्तानों को निशाना बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से की मुलाकात

# दोनों देशों ने माना- संबंधों में सुधार की प्रक्रिया में आई तेजी, सभी स्तरों पर बातचीत रहेगी जारी

*विदेश सचिव मिसरी ने कहा कि बैठक के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि चीन-भारत संबंधों में सुधार की प्रक्रिया में तेजी आई है। पिछले साल कजान में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पीएम मोदी की बैठक के बाद से सभी स्तरों पर सकारात्मक बातचीत हुई है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी चीन दौरे पर हैं। उन्होंने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से सोमवार को बीजिंग में मुलाकात की। मिसरी भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने के लिए चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के सिलसिले में दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। वांग विदेश मंत्री होने के साथ-साथ सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के शक्तिशाली राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और भारत-चीन सीमा तंत्र के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल भारतीय पक्ष के विशेष प्रतिनिधि हैं।

मिसरी की यात्रा पिछले महीने विशेष प्रतिनिधि तंत्र के तहत वांग और डोभाल के बीच वार्ता के बाद हुई है। इस दौरान इस बात पर जोर दिया कि चीन-भारत संबंधों में सुधार की प्रक्रिया में तेजी आई है। उनके मुताबिक पिछले साल कजान में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पीएम मोदी की बैठक के बाद से सभी स्तरों पर सकारात्मक बातचीत हुई है। मिसरी के साथ बैठक में वांग ने कहा कि पिछले वर्ष रूस के कजान में राष्ट्रपति शी चिनफिंग और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच बैठक के बाद से दोनों पक्षों ने दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को गंभीरतापूर्वक क्रियान्वित किया है, सभी स्तरों पर सक्रिय बातचीत की है तथा चीन-भारत संबंधों में सुधार की प्रक्रिया को गति दी है।

**चीन बोला- अलगाव के बजाए आपसी समझ दिखाएं**

**सुधार व विकास दोनों देशों और लोगों के हितों में**



### सकारात्मक दिशा में ले जाएं संबंध

*बता दें कि अक्टूबर 2024 में कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान अपनी बैठक के दौरान, पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति को बताया था कि भारत-चीन संबंधों को यदि सकारात्मक दिशा में जाना है तो इन्हें तीन सिद्धांत - परस्पर विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता पर आधारित होना चाहिए। पीएम मोदी ने शी जिनपिंग के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक के बाद कहा था कि हम पिछले चार वर्षों में भारत-चीन सीमा पर उत्पन्न मुद्दों पर बनी आम सहमति का स्वागत करते हैं। सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों का आधार हैं। यह बैठक करीब पांच वर्षों में प्रतिनिधिमंडल स्तर पर पहली बैठक थी।*

**दोनों पक्ष अवसरों का लाभ उठाएं**

बैठक के बाद चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी 'महत्वपूर्ण सहमति को दोनों पक्षों की तरफ से ईमानदारी से लागू किया गया है।' वांग ने कहा कि दोनों पक्षों को अवसर का लाभ उठाना चाहिए, एक-दूसरे से मुलाकात करनी चाहिए, अधिक ठोस उपाय तलाशने चाहिए, तथा एक-दूसरे पर संदेह, एक दूसरे से अलगाव के बजाए आपसी समझ, आपसी समर्थन को लेकर प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए।

### संबंध ग्लोबल साउथ के लिए अनुकूल

वांग ने कहा कि चीन-भारत संबंधों में सुधार व विकास दोनों देशों और उनके लोगों के मौलिक हितों में है, तथा 'ग्लोबल साउथ' देशों के वैध अधिकारों व हितों की रक्षा के लिए अनुकूल है। वांग ने कहा कि भारत और चीन के बीच अच्छे संबंध एशिया और दुनिया की दो प्राचीन सभ्यताओं की शांति, स्थिरता, विकास और समृद्धि में योगदान देने के लिए भी अनुकूल हैं।

### एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करें

*बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों को एक-दूसरे से मिलकर काम करना चाहिए, अधिक ठोस उपायों की तलाश करनी चाहिए, आपसी शक, अलगाव के बजाय आपसी समझ, समर्थन और उपलब्धि के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। बयान में कहा गया है कि चीन-भारत संबंधों का सुधार और विकास दोनों देशों और उनके लोगों के मौलिक हितों के लिए जरूरी है, वैश्विक दक्षिण देशों के वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के अनुकूल है।*

कोलंबियाई राष्ट्रपति का ट्रंप पर पलटवार

# मैं गोरे दास व्यापारियों से हाथ नहीं मिलाता, हम पर हावी न हों



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और कोलंबिया व्यापार युद्ध के कगार से पीछे हट गए हैं लेकिन इस बीच दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र के राष्ट्रपति की ओर से तीखा पलटवार सामने आया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना करते हुए यहां तक कहा कि वह गोरे गुलामों से हाथ नहीं मिलाते। दोनों देशों के बीच विवाद निर्वासितों के मुद्दे पर शुरू हुआ था।

सहमति से पहले कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने एक्स पर एक लंबी पोस्ट में लिखा कि आपको हमारी स्वतंत्रता पसंद नहीं है, ठीक है, मैं गोरे दास व्यापारियों से हाथ नहीं मिलाता। मैं उन श्वेत स्वतंत्रतावादियों से हाथ मिलाता हूं जो लिंकन के उत्तराधिकारी हैं और अमेरिका के युवा अश्वेत और श्वेत किसानों से भी, जिनकी कब्रों पर मैं रोया था और युद्ध के मैदान में प्रार्थना की थी, जहां मैं इटली के टस्कनी के पहाड़ों पर पैदल चलने और कोविड से बचने के बाद पहुंचा था। वे अमेरिका हैं और मैं उनके सामने झुकता हूं। किसी और के सामने नहीं। मुझे उखाड़ फेंकिए राष्ट्रपति, अमेरिकी और मानवता जवाब देगी। आप हम पर कभी हावी नहीं हो पाएंगे।

### कोलंबिया ने हटाए टैरिफ

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोलंबिया पर टैरिफ और ट्रैवल बैन लगा दिया, जिसके जवाब में कोलंबिया ने भी अमेरिका पर टैरिफ लगाए लेकिन कुछ ही घंटों के भीतर वह पीछे हट गया। ट्रंप का कहना है कि कोलंबिया ने अवैध प्रवासियों से भरे हुए अमेरिका के दो जहाजों को लौटा दिया है, जिसके बाद उन पर एक्शन लेते हुए टैरिफ और वीजा प्रतिबंध लगाया जा रहा है। ट्रंप का कहना है कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के इस फैसले से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा बाधित हुई है। ट्रंप ने अमेरिका के बाजारों में कोलंबिया के सभी उत्पादों पर 25 फीसदी इमरजेंसी टैरिफ लगा दिया है, जो एक हफ्ते के भीतर बढ़कर 50 फीसदी तक हो सकते हैं। इसके अलावा कोलंबिया सरकार के अधिकारियों और सहयोगियों पर वीजा प्रतिबंध भी लगाए गए हैं।*

### फिर, दोनों देशों के बीच बनी सहमति

हालांकि, रविवार को वाइट हाउस ने कहा कि दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र निर्वासित प्रवासियों को ले जाने वाले सैन्य विमानों को स्वीकार करने के लिए सहमत हो गया है और वाशिंगटन अपने चेतावनी भरे टैरिफ नहीं लगाएगा। बयान में कहा गया कि कोलंबिया पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाने वाले मसौदा आदेश 'रिजर्व में रखे जाएंगे' और उन पर हस्ताक्षर नहीं किए जाएंगे, जब तक कि कोलंबिया इस समझौते का सम्मान करने में विफल नहीं होता। वहीं, रविवार को देर से एक बयान में, कोलंबिया के विदेश मंत्री लुइस गिल्बर्टो मुरिलो ने कहा कि हमने अमेरिकी सरकार के साथ गतिरोध को दूर कर लिया है।

भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा संबंध होंगे और घनिष्ठ

# समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के लिए दोनों देशों की नौसेना के बीच हुई द्विपक्षीय बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने आए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो इस समय भारत की यात्रा पर हैं। इस दौरान उनके साथ एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है।

अपनी यात्रा के दौरान, एडमिरल मुहम्मद अली और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने समुद्री सहयोग को घनिष्ठ करने और दो समुद्री पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए परस्पर बातचीत की। दोनों नौसेना प्रमुखों के बीच वार्ता के मुख्य बिन्दुओं में



अभ्यास समुद्र शक्ति जैसी संयुक्त पहल को आगे बढ़ाना, परिचालन सहयोग को मजबूत करना और समुद्र में समुद्री डकैती, अन्य अवैध गतिविधियों सहित साझा समुद्री चुनौतियों का समाधान करना शामिल था। इंडोनेशियाई नौसेना के चीफ की इस यात्रा में प्रमुख समुद्री प्रतिष्ठानों जैसे कि सूचना संलयन केंद्र हिंद महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर), हथियार और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणाली, इंजीनियरिंग प्रतिष्ठान में भी बैठकें होनी हैं, जिसमें क्षेत्रीय सहयोग और समुद्री डोमेन जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इंडोनेशियाई नौसेना प्रमुख को साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

**ब्रह्मोस एयरोस्पेस का किया दौरा :** एडमिरल मुहम्मद अली ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) का भी दौरा किया। इंडोनेशिया ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली हासिल करने के लिए भारत के साथ बातचीत कर रहा है।

चीन और यूएस के बीच एआई से ट्रेड वार गहराया

# चीन के डीपसीक से अमेरिका में हाहाकार, 2 ट्रिलियन स्वाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देश अमेरिका और चीन के बीच लंबे समय से तनातनी चल रही है। खासकर टेक्नोलॉजी को लेकर दोनों देशों के बीच होड़ मची है। अमेरिका किसी भी कीमत पर अपनी टेक्नोलॉजी चीन को नहीं देना चाहता है।

इस बीच चीन के एक साल से भी कम पुराने एआई स्टार्टअप डीपसीक ने एआई की दुनिया को हिलाकर रख दिया है। दावा किया जा रहा है कि इसकी कीमत अमेरिका के मुकाबले बहुत कम है जबकि इसकी परफॉरमेंस दुनिया के सबसे बेस्ट चैटबॉट्स के बराबर है। इसके कारण अमेरिका के शेयर बाजार खासकर टेक कंपनियों में काफी गिरावट देखी जा रही है। एनवीडिया का शेयर प्री-ओपन ट्रेडिंग में करीब 12 फीसदी गिर गया है। डीपसीक के कारण आई गिरावट से अमेरिका का 2 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप साफ हो गया है।

**डीपसीक की कीमत अमेरिका के मुकाबले काफी कम**

**परफॉरमेंस दुनिया के सबसे बेस्ट चैटबॉट्स से अच्छा**




### दोनों देश टेक्नोलॉजी के हब बने

अमेरिका-चीन घमासान का फायदा साउथईस्ट एशिया के देश उठा रहे हैं। एआई के बूम से ये देश टेक्नोलॉजी के हब बन गए हैं और इनकी संयुक्त जीडीपी 3.7 ट्रिलियन डॉलर पहुंच चुकी है। चिप बनाने वाली कंपनी इंटेल और माइक्रोसॉफ्ट ने एडवांस्ड एआई बूम और चिप प्रोडक्शन इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए इन देशों में 8 अरब डॉलर का निवेश किया है। 2022 से 2035 के बीच साउथईस्ट एशिया की जीडीपी तिगुना पहुंचने की उम्मीद है। साल 2024 में इन देशों में जीडीपी ग्रोथ सभी दूसरे देशों के औसत का लगभग दोगुना रही।

### एआई से इनकम और वेल्थ में असमानता बढ़ी

*अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर गहराने से साउथईस्ट एशिया के देशों को और फायदा होने की उम्मीद है। सिंगापुर की पर कैपिटा इनकम 109000 डॉलर पहुंच चुकी है जो लक्जमबर्ग के बाद सबसे ज्यादा है। एआई का यूज बढ़ने और चिप शॉर्टेज बढ़ने से दुनिया के कई छोटे देशों के लिए संभावना बढ़ गई है। लेकिन इससे इनकम और वेल्थ में असमानता बढ़ने का भी खतरा बढ़ गया है। माना जा रहा है कि दुनियाभर में एआई के बढ़ते चलन से लाखों लोगों की नौकरी चली जाएगी जबकि लागत कम होने से कंपनियों का मुनाफा बढ़ जाएगा।*

## मुख्य समारोह में लोक निर्माण मंत्री ने फहराया राष्ट्र ध्वज

# हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

*राष्ट्र का 76 वाँ गणतंत्र दिवस जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया। गणतंत्र दिवस का जिले का मुख्य समारोह यहां सिविल लाइन स्थित पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित किया गयाए जहां मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली।*





हरिभूमि जबलपुर।

गणतंत्र दिवस के जिले के मुख्य समारोह में राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराने के बाद लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने खुली सफेद जिप्सी में कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के साथ परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉण मोहन यादव का प्रदेश की जनता के नाम गणतंत्र दिवस के संदेश का वाचन किया। इस मौके पर सशस्त्र बलों ने हर्षफायर किये तथा पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने तिरंगे के तीन रंगों के गुब्बारे मुक्त आकाश में छोड़े। समारोह में परेड द्वारा शानदार मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया।

मार्चपास्ट में एसटीएफ, कम्पेक्ट प्लाटून छठवीं वाहिनी, होमगार्ड, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, नेशनल कैडेट कोर की नेवल यूनिट, नेशनल कैडेट कोर की सीनियर तथा जूनियर डिवीजन की बालक एवं बालिका स्काउट एवं गाईड तथा शौर्य दल की प्लाटून शामिल थीं। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य ने किया। परेड के उप कमांडर सूबेदार अमित शिववंशी थे। मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह मंत्री ने परेड की सलामी ली तथा मार्चपास्ट के बाद प्लाटून कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया।

### आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित जिले के इस मुख्य समारोह में शालेय छात्र.छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भारत की विविध सांस्कृतिक विशेषताओं से परिचय कराते हुए इन बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सत्यप्रकाश पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जहां लोकनृत्य के माध्यम से पंजाब की छठा को बिखेरा, तो वहीं पोदार इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने असम एवं बंगाल की संस्कृतियों पर आधारित नृत्य की प्रस्तुत कर समारोह में इन राज्यों की अमिट छाप छोड़ दी। समारोह में घमापुर स्थित क्राइस्ट चर्च डायसेशन स्कूल के छात्र छात्राओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई। स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल की विद्यार्थियों ने गणेश वंदना और वंदे मातरम गीतों की पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। समारोह में सेंट नॉरबर्ट स्कूल की छात्राओं ने भारत का चेहरा गीत पर फ्यूजन नृत्य और बिलाबाँग इंटरनेशनल हाई स्कूल ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी।

### कृषि और जेल विभाग को मिला संयुक्त प्रथम पुरस्कार

मुख्य समारोह में राज्य शासन के 12 शासकीय विभागों जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कृषि, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस केन्द्रीय जेल, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, महिला एवं बाल विकास, यातायात पुलिस, जिला पंचायत, शिक्षा तथा शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं पर आधारित उपलब्धियां युक्त आकर्षक चलित विकास झांकी निकाली। झांकियों में ₹आधुनिक खेती, खुशहाल किसान, डिजीटल हिन्दुस्तान₹ की थीम पर कृषि विभाग एवं जेल विभाग की "जेलोत्कर्ष₹ की थीम पर केन्द्रित झांकी को संयुक्त रूप से पहला पुरूस्कार प्राप्त हुआ। जबकि जिला पंचायत की आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत, लखपति दीदी को दूसरा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की पेयजल विकास यात्रा₹ विरासत से विकास की ओर ने तीसरा पुरूस्कार हासिल किया।

### छटवीं वाहिनी को मार्चपास्ट का प्रथम पुरस्कार

मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा समारोह में प्रस्तुत आकर्षक मार्च पास्ट के लिए शस्त्र प्लाटून में विशेष सशस्त्र बल की छटवी वाहिनी की प्लाटून को प्रथम, होमगार्ड की प्लाटून को द्वितीय एवं जिला पुलिस बल की सीनियर प्लाटून क्रमांक.एक को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार बिना शस्त्र प्लाटून में नगर रक्षा समिति थाना गोराबाजार को पहला पुरूस्कार प्राप्त हुआ। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता करने वाले सभी शालाओं को प्रशसति पत्र प्रदान किये गये। इसी के साथ एकीकृत शासकीय कन्या हाई स्कूल व्हीकल स्टेट जबलपुर को आईएसओ 9001रूअ 2015 प्राप्त होने पर संस्था के प्राचार्य गिरीश मेराल को भी मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्यों के लिए शासकीय अधिकारियों.कर्मचारियों एवं पुलिस जवानों को भी मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

### ये रहे मौजूद

गणतंत्र दिवस के जिले के मुख्य समारोह में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, संभागायुक्त अभय वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक अनिल सिंह कुशवाह, पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह, कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी संपत उपाध्याय, अपर कलेक्टर मिशा सिंह, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, राजकुमार पटेल, सुभाष तिवारी रानू, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्कूल बच्चे भी मौजूद थे।



## गणतंत्र दिवस के अवसर पर बच्चों को वितरित की पेन और कॉपी

**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर युवा एकता संघ द्वारा पदाधिकारी एवं सदस्यों ने फहराया तिरंगा झंडा। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने बच्चों को कॉपी, पेन का वितरण किया। इस कार्यक्रम में युवा एकता संघ के रामेश्वर गौतेल, बिंदा प्रसाद बड़गैया, एड. वायएस सुखदान आदि उपस्थित रहे।

बेहतर कार्यनिष्पत्ति के लिए पुरस्कृत

## पावर जनरेटिंग कंपनी के तीन विद्युत गृह के योगदान को मिली सराहना

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी प्रबंध संचालक मनजीत सिंह के मुख्य आतिथ्य में रानी अवंती बाई सागर जलविद्युत गृह बरगीनगर में 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पावर जनेरटिंग कंपनी के डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर सहित वरिष्ठ अभियंता व कार्मिक उपस्थित थे। पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा के विद्युत गृह क्रमांक दो, बाणसागर जल विद्युत गृह-चार झिन्ना को बेहतर कार्यनिष्पत्ति के लिए पुरस्कृत किया। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह को सर्वोत्तम अग्निशिमन दल के अवार्ड से सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 अभयिंताओं व कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रबंध संचालक ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले समस्त अभयिंताओं व कार्मिकों को बधाई दी। अमरकंटक ताप विद्युत गृह को तीन लाख रूपए का पुरस्कार-प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह का पुरस्कार अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को प्रदान किया। चचाई विद्युत गृह को तीन लाख रूपए व चलित शील्ड प्रदान की गई। श्री सिंगाजी ताप विद्युत खंडवा के 660-660 मेगावाट स्थापित क्षमता के विद्युत गृह क्रमांक दो को विशिष्ट श्रेणी में उत्कृष्ट कार्यनिष्पत्त प्रदर्शित करने के लिए दो लाख रूपए व एक चलित शील्ड प्रदान की गई। बाणसागर जल विद्युत गृह चार झिन्ना को सर्वश्रेष्ठ जल विद्युत गृह के रूप में एक लाख रूपए की राशि व चलित शील्ड प्रदान की गई। सर्वोत्तम अग्निशिमन दल का पुरस्कार श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा को प्रदान किया। विद्युत गृह को पुरस्कार के रूप में दस हजार रूपए की राशि के साथ चलित शील्ड प्रदान की गई।

**पुरस्कृत होने वाले कार्मिक हैं-** श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के शैलेष कुमार चौहान, देवेन्द्र कुमार लचौरिया, अनिल कुमार सिंह व जावेद सईद, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के डा. वीके रघुवंशी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर के सनत पटेल, जगत प्रताप सिंह, धमेन्द्र कुमार तिवारी, जितेन्द्र त्यागी, जयेन्द्र कुमार व देवेन्द्र सिंह यादव, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के चन्द्रेश दुबे, टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर के धमेन्द्र सिंह, आलोक कुमार मिश्रा, डीडी मिश्रा व संजय महरा, राजघाट जल विद्युत गृह चंदेरी के आशीष श्रीवास्तव, पेंच जल विद्युत गृह के निकलेश नागदौने, उत्पादन भंडार कार्यालय जबलपुर के सतेन्द्र सिंह व शविम जैन, संचारण-संधारण कार्यालय जबलपुर की लक्ष्मी तिवारी, श्रेया घोष व श्रीधर दहायत, मटेरियल मैनेजमेंट कार्यालय जबलपुर के दीपक कुमार परजा, फ्यूल मैनेजमेंट कार्यालय जबलपुर के सचिन साहू, मुख्य वित्तीय कार्यालय जबलपुर की आंचल मरवाह, मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय जबलपुर के योगेन्द्र कुमार पटवारी, राजेश ताम्हने व रोमा मोंगिया गोयल, संचारण-संधारण जल विद्युत कार्यालय जबलपुर के अभषिक खटीक। पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने दूसरे चरण में नवीनीकृत विश्राम गृह का लोकार्पण किया और समस्त ठेका श्रमिकों को कम्बल वितरित किए।

## आबकारी विभाग के विक्रम सिंह हुये सम्मानित



**जबलपुर।** कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जबलपुर में पदस्थ लिपिक विक्रम सिंह को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्भाग स्तरीय कार्यक्रम में म.प्र. विधानसभा निर्वाचन, 2024 में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण पर प्रभावी कार्यवाहियों की जानकारी को ऑनलाईन चुनाव आयोग की बेवसाईट पर समयबद्ध प्रस्तुत किये जाने के लिए सहायक आबकारी आयुक्त, जबलपुर की अनुशंसा पर मंत्री लोक निर्माण विभाग, राकेश सिंह एवं कलेक्टर जबलपुर दीपक सक्सेना द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर मंत्रीराकेश सिंह के साथ-साथ कलेक्टर, सम्पत उपाध्याय पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित रहे।

## सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर मती मिशा सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने मुख्यालयों में रहे, पटवारी भी अपने मुख्यालयों में रहे और प्रकरणों का निराकरण करें। लापरवाही करने वाले पटवारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने टीएल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। प्रकरणों का निराकरण तत्परता व संवेदनशीलता के साथ करें।

बहुचर्चित हसनैन अंसारी-अंकिता राठौर विवाह मामला

## मैरिज रजिस्ट्रार ने खारिज किया दोनों का आवेदन

हरिभूमि जबलपुर।

सिहोरा का बहुचर्चित अंतरजातीय विवाह हसनैन अंसारी व इंदौर की अंकिता राठौर मामले में एक नया मोड़ आ गया है। जबलपुर न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी ने दोनों के विवाह आवेदन को खारिज कर दिया है। जिससे ये स्पष्ट हो गया है कि हसनैन हुसैन व अंकिता राठौर फिलहाल शादी नहीं कर सकते हैं। दरअसल बीते चार माह से चर्चा में आये हसनैन अंसारी और अंकिता राठौर एक दूसरे से प्रेम विवाह करना चाहते हैं, परंतु अंकिता के परिजन राजी नहीं हुए जिस पर उन्होंने जबलपुर कलेक्ट्रेट में विवाह संबंधी आवेदन दिया था। जिस पर आज सोमवार को अपर कलेक्टर कोर्ट ने उन्हें पेश होना था। परंतु इसके पूर्व ही मैरिज रजिस्ट्रार नाथूराम गौड़ ने उनका आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया कि हसनैन जब कोर्ट में आवेदन विवाह का आवेदन दिया था उसके 30 दिन पूर्व वह सिहोरा में निवासरत नहीं था।

### पेश हुई अंकिता

इस मामले में सोमवार को अंकिता और हसनैन अंसारी को मैरिज रजिस्ट्रार के समक्ष पेश होना था। अंकिता राठौर अकेली पुलिस अभिरक्षा में मैरिज रजिस्ट्रार कोर्ट में पेश हुई एवं आदेश को पढ़ने के बाद उस पर हस्ताक्षर किए। तकरीबन आधा घंटे कोर्ट रूम में रुकने के बाद पुलिस सुरक्षा में अंकिता को कलेक्ट्रेट परिसर से ले जाया गया।

### हिन्दूवादी ने किया था विरोध

लगभग चार माह पूर्व जब जबलपुर के मैरिज रजिस्ट्रार के यहां पर जबलपुर के सिहोरा में रहने वाले हसनैन अंसारी ने इंदौर में रहने वाली अंकिता राठौर के साथ शादी करने के लिए का आवेदन लगाया गया था, उसके बाद से ही वह हिन्दूवादी संगठनों के निशाने पर आ गए थे, व उनकी शादी का विरोध शुरू हो गया था। मामले में उस समय ज्यादा तूल पकड़ लिया था जब हैदराबाद के भाजपा विधायक टी राजा ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर इस विवाह को रोकने की मांग की थी। उसके बाद से हिन्दूवादी व लड़की परिजन सक्रिय हो गये थे। और उन्होंने इस विवाह पर आपत्ति जताते हुए कोर्ट में भी आवेदन दिया था। हालांकि पक्ष एवं विपक्ष दोनों ही हाईकोर्ट गये थे। यही नहीं इसमें एक एसएलपी क्रमांक 4788/2025 भी पेश की गई है।

### 10 से है दोस्ती

अंकिता राठौर और हसनैन अंसारी दोनों इंदौर में रहते थे हसनैन अंसारी 10 साल से यहां नौकरी कर रहा था। इस दौरान उसकी अंकिता से दोस्ती हुई, और दोस्ती प्यार में तब्दील हो गई। दोनों ने शादी करने का फैसला किया। चूंकि हसनैन अंसारी सिहोरा निवासी है, इसलिए दोनों ने जबलपुर में आकर मैरिज रजिस्ट्रार के समक्ष 7 अक्टूबर 2024 को आवेदन दिया था।

### कर सकते हैं अपील

हिन्दूवादी संगठनों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता केडी सिंह ने बताया कि विवाह का आवेदन निरस्त हो गया है परंतु इसकी अपील अगर वह लोग करते हैं तो हम भी न्यायालय का रुख कर अपनी बात रखेगें। हालांकि हमारी एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) लगाई है।


## छेड़छाड़ पर एक-एक वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रेशमा खातून की अदालत ने युवती से छेड़छाड़ के आरोपित पालीवाल कालोनी, जबलपुर निवासी धनंजय परोहा व रामकुमार यादव का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दोनों को एक-एक वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही दो-दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से एडीपीओ ने दलील दी कि 30 जनवरी, 2016 को सायं छह बजे युवती अमगवां में सड़क किनारे से गुजर रही थी। इसी दौरान मोटर साइकिल से जा रहे आरोपितों ने उसे पकड़ लिया। मुंह दबाकर अश्लील हरकत करने लगे। जबरन गाड़ी में बैठाने लगे। लिहाजा, युवती ने हल्ला मचा दिया। आवाज सुनकर गांव वाले आ गए। इसी के साथ आरोप वहां से भाग गए। घटना की शिकायत खितौला थाने में दर्ज कराई गई।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
With Best Compliments from:
NARMADA GELATINES LIMITED
(An ISO-9001: 2000 Company)
POST BOX No. 91, JABALPUR (M.P.)
Manufacturers of Edible / Pharmaceutical / Photographic Gelatines, Industrial Gelatines, Di-Calcium Posphate, EDC & Bone Meal
Phone: (Factory) 2830433, 2830518, 2830517, FAX: 0761-2830516
Registered Office
Room No. 27-28, 15, Caravas, Civil Lines, Jabalpur
Branch Office: Mumbai, New Delhi, Chennai & Kolkata

## खबर संक्षेप

### अदाणी विल्मर का मुनाफा हुआ दोगुना से ज्यादा




**नई दिल्ली।** अदाणी विल्मर का चालू वित्त वर्ष की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक होकर 410.93 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। खाद्य तेलों की मजबूत बिक्री के दम पर उसका मुनाफा बढ़ा है। अदाणी विल्मर ने एक साल पहले इसी अवधि में 200.89 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### जेएसडब्ल्यू तांबा खदानों पर 2600 करोड़ करेगा निवेश




**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू समूह ने सोमवार को कहा कि वह झारखंड में दो तांबा खदानों के विकास और संचालन तथा एक तांबा संकेन्द्रक संयंत्र की स्थापना के लिए 2,600 करोड़ रुपये निवेश करेगा। यह कदम जेएसडब्ल्यू समूह के विविधीकरण और वृद्धि के लिए प्रतिबद्धता के तहत तांबा कारोबार में प्रवेश का प्रतीक है।

### केनरा बैंक का तीसरी तिमाही मुनाफा 12.25 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 12.25 प्रतिशत बढ़कर 4,104 करोड़ रुपये रहा है। बैंक का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में मुनाफा 3,656 करोड़ रुपये रहा था।

### एलटी फूड्स का लाभ 4.75 प्रतिशत घटा

LT FOODS
NURTURING GOODNESS

**नई दिल्ली।** खाद्य क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एलटी फूड्स का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 4.75 प्रतिशत घटकर 145.38 करोड़ रुपये रहा है। ऊंचे खर्च की वजह से कंपनी का मुनाफा घटा है। समान तिमाही में 152.64 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 2,288.25 करोड़ रुपये हो गई।

### कोल इंडिया के मुनाफे में 17 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड का 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 17.4 प्रतिशत घटकर 8,491.22 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने कहा कि कम बिक्री के चलते उसका मुनाफे में गिरावट आई है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी।

### ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स ने टीपी-लिंक से की साझेदारी

OEL
Optiemus Electronics Limited

**नई दिल्ली।** ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने भारत में अपने नेटवर्किंग उपकरणों तथा 'स्मार्ट' घरेलू उत्पादों के विनिर्माण के लिए अग्रणी वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड टीपी-लिंक के साथ साझेदारी की सोमवार को घोषणा की। दोनों कंपनियों की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस रणनीतिक साझेदारी का मकसद कनेक्टेड डिवाइस के लिए भारत की बढ़ती मांग को पूरा करना तथा भारत में विनिर्मित इलेक्ट्रॉनिक को निर्यात बाजारों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करना है।

# चीन के एक दांव से चारों खाने चित्त हो गया अमेरिका, डीपसीक से तबाही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीन की एक बड़ी उपलब्धि से अमेरिका और जापान समेत ग्लोबल मार्केट में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। एनवीडिया कॉर्पोरेशन के शेयरों में सोमवार को अमेरिकी प्री-मार्केट ट्रेडिंग के दौरान भारी गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट चीन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप डीपसीक द्वारा अपनी नई एआई तकनीक पेश करने के बाद आई। डीपसीक ने अपनी इस तकनीक के जरिए पश्चिमी चैटबॉट्स के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया और सबसे बड़ी बात कि इसकी कीमत भी बहुत कम है।

- इसका अमेरिका के चैटबॉट्स के मुकाबले प्रदर्शन बेहतर

## चीन के स्टार्टअप डीपसीक ने नई एआई तकनीक पेश की

### डीपसीक एआई क्या है

डीपसीक एआई एक उभरता हुआ एआई प्लेटफॉर्म है, जो चीन में विकसित किया गया है। यह ओपन एआई जैसे प्रमुख एआई मॉडल्स के साथ कंपटीशन करने की क्षमता रखता है और हाल ही में डीपसीक-वी3 नामक एक नया वर्जन लांच किया गया है, जिसने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। आसान भाषा में समझाएं तो डीपसीक एआई, विशेष रूप से डीपसीक-वी3, एक ओपन-सोर्स एआई मॉडल है, जिसका अर्थ है कि इसे दुनिया भर के डेवलपर्स द्वारा इस्तेमाल और कस्टमाइज्ड किया जा सकता है।



*डीपसीक की सफलता* : डीपसीक, जो कि क्वांट फंड के प्रमुख लियांग वेनफेंग द्वारा स्थापित किया गया है, ने पिछले सप्ताह अपना नया एआई मॉडल लांच किया। यह मॉडल तुरंत ही एप्पल के ऐप स्टोर की रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गया। डीपसीक को अब ओपनएआई और मेटा प्लेटफार्म इंड. जैसी कंपनियों के लिए संभावित कंपीटीटर माना जा रहा है।

### अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद सफलता

सबसे बड़ी बात कि अमेरिका ने चीन के हाइटेक सेमीकंडक्टर तकनीकों के निर्यात पर बैन लगा रखा है। एनवीडिया के अत्याधुनिक एआई चिप्स की बिक्री भी चीन और उसके सहयोगी देशों को सीमित कर दी गई है। इसके अलावा, डच सरकार ने भी अमेरिका के दबाव में चीन को डीप अल्ट्रावायलेट लिथोग्राफी सिस्टम की आपूर्ति पर रोक लगा दी है। लेकिन, इसके बावजूद डीपसीक ने सीमित संसाधनों के साथ अधिक दक्षता पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस बाधा को पार कर लिया है।

*एआई व्यापार मॉडल के लिए चुनौती* : डीपसीक ने अपने एआई मॉडल को ओपन-सोर्स्ड रखा है, जिससे यह अन्य उत्पादों के मुकाबले काफी किफायती हो गया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह मौजूदा एआई व्यापार मॉडल के लिए बड़ी चुनौती पेश कर सकता है। यह मॉडल महंगे चिप्स, अधिक कंप्यूटिंग पावर और ऊर्जा पर आधारित होता है।

### स्टारगेट प्रोजेक्ट पर आ सकता है संकट

सबसे बड़ी बात कि यह घटना ऐसे समय पर सामने आई है, जब ओपन एआई, साफ्टबैंक ग्रुप और ओरेकल कोरपोरेशन ने संयुक्त रूप से 100 बिलियन डॉलर की लागत वाली स्टारगेट प्रोडेक्ट की घोषणा की है। इस परियोजना के तहत अमेरिका में डाटा सेंटर और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किए जाएंगे। एक्सपर्ट्स का कहना है कि डीपसीक जैसे इनोवेशन मौजूदा एआई व्यापार मॉडल को चुनौती दे सकते हैं, क्योंकि यह कम लागत और अधिक कुशलता के साथ काम करता है।

## सेंसेक्स ने लगाया 824 व निफ्टी ने 274 अंकों का गोता

# शेयर बाजार में मचा हड़कंप, सेंसेक्स सात माह के निचले स्तर पर, डूबे 8 लाख करोड़ से अधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि शेयर बाजार की इस तेज गिरावट के पीछे घरेलू और वैश्विक दोनों कारण जिम्मेदार रहे। कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और तेल एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली की गई।

### चाइनीज स्टार्टअप 'डीपसीक' ने मचाई खलबली

भारतीय शेयर बाजार के खुलने से पहले कमजोर ग्लोबल संकेतों के चलते निवेशकों का मूड बिगड़ा हुआ था। चीन के एक स्टार्टअप, डीपसेक ने एक मुफ्त और ओपन सोर्स एआई-मॉडल लांच करके तकनीक की दुनिया में हलचल मचा दी है। यह एआई-मॉडल, अमेरिकी कंपनी ओपनएई के चैटजीपीटी को टक्कर देता दिख रहा है। इसके चलते अमेरिकी स्टॉक फ्यूचर्स और अधिकतर एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट आई। नैस्डैक कंपोजिट फ्यूचर्स और एसएंडपी 500 फ्यूचर्स में क्रमशः लगभग 2 प्रतिशत और 1 प्रतिशत की गिरावट आई, जो निवेशकों की चिंताओं को दिखाता है।

### अमेरिकी व जापान के बाजार में गिरावट

नैस्डैक कंपोजिट फ्यूचर्स करीब 2 प्रतिशत गिरा, जबकि एसएंडपी 500 फ्यूचर्स 1 प्रतिशत गिरा। जापान के निक्केई में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे पहले की बढ़त खत्म हो गई। वहीं न्यूजीलैंड के बेंचमार्क इंडेक्स में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आई, जो निवेशकों की चिंताओं को दिखाता है। हालांकि इसके उलट चीन और हांगकांग के शेयर बाजारों में तेजी रही।



*शेयर बाजार में सोमवार को फिर भारी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 824.29 अंक टूटकर 75,366.17 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी करीब 274.9 अंकों का गोता लगाकर 22,817.30 अंक के स्तर पर आ गया। बाजार में हाहाकार की स्थिति रही। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 3 फीसदी, तो वहीं स्मॉलकैप इंडेक्स 4 फीसदी तक लुढ़का। इसके चलते बस शुरुआती दो घंटे में ही निवेशकों के शेयर बाजार में करीब 8 लाख करोड़ रुपए डूब गए।*

### बाजार पर दबाव बना रहेगा

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट डॉ वीके विजयकुमार ने कहा, एफपीआई की लगातार बिकवाली से बाजार पर असर पड़ रहा है। नए टैरिफ और ग्लोबल ट्रेड को लेकर चिंताएं सेंटीमेंट पर भारी पड़ रही हैं। बाजार अब बजट में इनकम टैक्स में जैसे बड़े ऐलानों की उम्मीद कर रहा है, जिससे खपत को बढ़ावा मिल सके। अगर ये उम्मीदें पूरी नहीं होती हैं, तो बाजार पर दबाव जारी रह सकता है।

*कंपनियों के मिले जुले तिमाही नतीजे*

*कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नतीजे अभी तक कुछ खास आशाजनक नहीं रहे हैं, जिससे निवेशकों का सेंटीमेंट कमजोर हुआ है। अभी तक के नतीजे सुस्त रहे हैं। अधिकतर के नतीजों में अनुमानों से कम रहे रहे हैं। वहीं कई कंपनियों के परिणाम तो बाजार की उम्मीदों से काफी कम रहे हैं। पहले से ही बढ़े हुए वैल्यूएशन और ग्लोबल अनिश्चितताओं के बीच ये कमजोर नतीजे, निवेशकों को शेयरों में लंबी पोजिशन लेने से रोक रहे हैं।*

- आईटी और तेल-गैस के शेयरों में भारी बिकवाली की गई
- चीन के स्टार्टअप डीपसीक ने निवेशकों का बिगाड़ा मूड
- दो घंटों में ही निवेशकों के आठ लाख करोड़ से अधिक डूबे

### इन शेयरों ने दर्ज की लाभ-हानि

सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक में सबसे अधिक 4.49 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा जोमैटो, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल के शेयर भी नीचे आए। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एमएंडएम, एसबीआई और एलएंडटी के शेयर लाभ में रहे।

# आरबीआई बैंकिंग प्रणाली में डालने जा रही नकदी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- तीन किस्तों में 60 हजार करोड़ डाले जाएंगे

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग प्रणाली में तरलता (नकदी) बढ़ाने के लिए सोमवार को तीन किस्तों में 60,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने और कई अन्य कदमों की घोषणा की। आरबीआई ने बैंकिंग तरलता की स्थिति के प्रबंधन उपायों के तहत 31 जनवरी, 2025 को छह महीने की अवधि के लिए पांच अरब डॉलर के अमेरिकी डॉलर/रुपये की खरीद/बिक्री अदला-बदली नीलामी की भी घोषणा की। केंद्रीय बैंक ने तरलता बढ़ाने के लिए कहा कि 30 जनवरी, 13 फरवरी और 20 फरवरी को 20,000 करोड़ रुपये की तीन किस्तों में कुल 60,000 करोड़ रुपये की राशि के लिए भारत सरकार की प्रतिभूतियों की मुक्त बाजार परिचालन (ओएमओ) खरीद नीलामी आयोजित की जाएगी।

इसके अलावा, 50,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के लिए 56-दिवसीय परिवर्तनीय दर रेपो (वीआरआर) नीलामी भी सात फरवरी को आयोजित की जाएगी। आरबीआई ने कहा, ''केंद्रीय बैंक उभरती हुई तरलता और बाजार स्थितियों की निगरानी करना जारी रखेगा और व्यवस्थित नकदी की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय करेगा।'' केंद्रीय बैंक ने कहा कि प्रत्येक परिचालन के लिए विस्तृत निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।

# चीन की कारखाना गतिविधियां जनवरी के चंद्र नववर्ष में रही मंदी

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

चीन की विनिर्माण गतिविधियों में जनवरी में मंदी दर्ज की गई। श्रमिकों का चंद्र नववर्ष की छुट्टियों के लिए अपने गृहनगर जाना इसकी मुख्य वजह मानी जा रही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, कारखाना प्रबंधकों के सर्वेक्षण पर आधारित क्रय प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 49.1 पर आ गया, जबकि दिसंबर 2024 में यह 50.1 था।

सूचकांक के 50 से ऊपर होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट दर्शाता है।नये ऑर्डर तथा उत्पादन में भी कमी आई है। गैर-विनिर्माण क्षेत्र के लिए समानांतर क्रय प्रबंधक सूचकांक (जिसमें विनिर्माण तथा सेवाएं शामिल हैं) दिसंबर के 52.2 अंक से फिसलकर जनवरी में 50.2 अंक पर आ गया। ब्यूरो के वरिष्ठ सांख्यिकीविद् झाओ किंगहे ने कहा कि कारखाना गतिविधियों में गिरावट आंशिक रूप से छुट्टियों के कारण थी। उन्होंने कहा कि चीन के सबसे बड़े त्यौहार का सार्वजनिक अवकाश मंगलवार से शुरू होगा तथा चार फरवरी तक जारी रहेगा। चीन के लाखों नागरिक छुट्टियों के दौरान अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए शहरों से अपने गृह नगर जाते हैं।



- चीन में चंद्र नववर्ष पर श्रमिकों को रहती है छुट्टियां
- क्रय प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 49.1 पर आ गया

### ट्रंप के नीति से परिदृश्य अनिश्चित

दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन से आयात पर शुल्क बढ़ाने की चेतावनी के बीच देश का निर्यात परिदृश्य भी अनिश्चित बना हुआ है।

# एक्सिकॉम का चार्जिंग स्टेशन के लिए चार्जजोन से करार



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग समाधान प्रदाता एक्सिकॉम ने 500 से अधिक चार्जिंग स्टेशन विकसित तथा स्थापित करने के लिए चार्जजोन के साथ गठजोड़ की सोमवार को घोषणा की। इस साझेदारी के तहत एक्सिकॉम उच्च-क्षमता वाले चार्जिंग समाधान विकसित करेगी तथा उनकी आपूर्ति करेगी, जिसे चार्जजोन द्वारा अपने आगामी केंद्रों और सार्वजनिक चार्जिंग स्थलों पर तैनात किया जाएगा। एक्सिकॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ईवीएसई अंशुमान दिव्यांशु ने बयान में कहा, चार्जजोन के साथ यह सहयोग हमें विश्वसनीय और उच्च-क्षमता वाले चार्जिंग समाधान पेश करने में मदद करेगा, जिसमें उन्नत बैटरी व नवीकरणीय एकीकृत समाधान शामिल हैं। यह भविष्य के लिए हरित परिवहन स्थापित करने में योगदान देंगे।''

# श्रीधर वेम्बू जोहो के सीईओ पद से हटे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रौद्योगिकी कंपनी जोहो कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीधर वेम्बू ने कंपनी के शोध एवं विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सीईओ पद छोड़ दिया है। वेम्बू के पद से हटने के बाद कंपनी के सह-संस्थापक शैलेश कुमार डेवी समूह सीईओ की जिम्मेदारी संभालेंगे। वेम्बू ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''हमारे सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों और अवसरों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि मैं अपने व्यक्तिगत ग्रामीण विकास मिशन को आगे बढ़ाने के साथ शोध एवं विकास पहल पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करूं। 'मैं जोहो कॉरपोरेशन के सीईओ पद से हट जाऊंगा और मुख्य वैज्ञानिक के रूप में एक नई भूमिका निभाऊंगा, जो गहन शोध एवं विकास कार्यों के लिए जिम्मेदार होगा।सह-संस्थापक टोनी थॉमस कंपनी की अमेरिकी इकाई जोहो यूएस का नेतृत्व करेंगे जबकि राजेश गणेशन कंपनी के मैनेजइंजन खंड का संचालन करेंगे और मणि वेम्बू जोहो डॉट कॉम खंड की कमान संभालेंगे।



- अब मुख्य वैज्ञानिक के रूप में कार्य करेंगे

### *आरएंडडी पर पूरा ध्यान*

*वेम्बू ने कहा, ''हमारी कंपनी का भविष्य पूरी तरह से इस पर निर्भर करता है कि हम शोध एवं विकास पर कितना ध्यान देते हैं। मैं ऊर्जा और जोश के साथ अपने नए कार्यभार की प्रतीक्षा कर रहा हूँ। मैं एक बार फिर तकनीकी काम करने को लेकर बेहद खुश हूं। पूर्व में एडवेंटनेट इंक के नाम से जानी जाने वाली चेन्नई स्थित जोहो कॉर्प की स्थापना 1996 में हुई थी।*

## एसीसी ने 1,091.8 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया...




**नई दिल्ली।** सीमेंट बनाने वाली कंपनी एसीसी लिमिटेड ने दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 1,091.8 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। कंपनी ने एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 537.67 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। एसीसी अब अदाणी सीमेंट का हिस्सा है। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 5,207.3 करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 4,855.22 करोड़ रुपये था। गौरतलब है कि एसीसी के नतीजों की पिछले परिणामों से तुलना नहीं की जा सकती है, क्योंकि कंपनी ने इस दौरान एशियन कंक्रीट्स एंड सीमेंट्स (एसीसीपीएल) की बाकी 55 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ ही अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एशियन फाइन सीमेंट्स का अधिग्रहण किया।

# इंडियन ऑयल के तीसरी तिमाही मुनाफे में 64 प्रतिशत की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के शुद्ध लाभ में 64 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसकी प्रमुख वजह भंडारण और विदेशी मुद्रा विनिमय पर नुकसान है।

इसके चलते कंपनी ने ईंधन की रिकॉर्ड बिक्री से हुआ लाभ गंवा दिया। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 2,873.53 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ हुआ है, जो गत वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 8,063.69 करोड़ रुपये था। हालांकि, जुलाई-सितंबर, 2024 की तुलना में कंपनी का लाभ बढ़ा है। जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी ने 189.01 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। आईओसी के निदेशक (वित्त) अनुज जैन ने कहा कि लाभ में गिरावट मुख्य रूप से भंडार और विदेशी मुद्रा विनिमय में हुए नुकसान की वजह से आई है।




- ईंधन की रिकॉर्ड बिक्री के बावजूद भंडारण में नुकसान
- अक्टूबर-दिसंबर में 2,873.53 करोड़ रुपए का एकल शुद्ध लाभ हुआ

*ईंधन बिक्री पर ध्यान केंद्रित : इसकी वजह यह है कि कंपनी ने ईंधन बिक्री की अपनी मुख्य क्षमता पर पुनः ध्यान केंद्रित किया है। इस तिमाही में पेट्रोरसायन कारोबार में भी सात प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि गैस कारोबार में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।*

## मौजूदा चेयरपर्सन माधवी बुच का कार्यकाल 28 फरवरी 2025 को हो रहा खत्म

# बुच की सेबी प्रमुख पद से विदाई तय, सरकार ने मंगाया आवेदन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शेयर बाजार के रेगुलेटर सेबी की मौजूदा चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच की विदाई की तैयारी शुरू कर दी है जिनका कार्यकाल 28 फरवरी 2025 को खत्म होने जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए अध्यक्ष के लिए 17 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाले आर्थिक मामलों के विभाग (वित्तीय बाजार प्रभाग) डिपारमेंट ऑफ इकानॉमिक अफेयर की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है, भारत सरकार भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), मुंबई में अध्यक्ष पद को भरने के लिए पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करती है।

- सेबी के नए अध्यक्ष के लिए 17 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए

### विवादों से भरा रहा कार्यकाल

बतौर सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच का कार्यकाल बहुत विवादों से घिरा रहा है। विपक्षी पार्टी और कांग्रेस ने तो बुच के इस्तीफे की भी मांग की थी। बीते साल माधबी पुरी बुच पर अडाणी समूह से जुड़े ऑफशोर फंड में उनके निवेश, आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप लगे थे। तो सेबी के कर्मचारियों ने रेगुलेटर के दफ्तर में उनपर टॉक्सिक वर्क कल्चर को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए मुंबई में सेबी मुख्यालय में धरना प्रदर्शन भी किया था। अडाणी समूह के खिलाफ जनवरी 2023 में रिपोर्ट जारी करने वाले शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने भी माधबी पुरी बुच पर हमला बोला था।



तीन सालों का बुच का कार्यकाल

मौजूदा सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने 2 मार्च, 2022 को तीन साल की अवधि के लिए सेबी चीफ का कार्यभार संभाला था और 28 फरवरी 2025 को उनके तीन सालों का कार्यकाल खत्म होने जा रहा है जो विवादों से घिरा रहा है। माधबी पुरी बुच अप्रैल 2017 से मार्च 2022 तक पांच साल के लिए सेबी में होल-टाइम मेंबर भी रह चुकी हैं।

### नियुक्ति अधिकतम पांच वर्ष के लिए

ये नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए या नियुक्त व्यक्ति की 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक जो भी पहले हो के लिए की जाएगी। इस नोटिस के मुताबिक सेबी के नए चेयरमैन के पास ये विकल्प होगा कि वे भारत सरकार के सचिव के समान स्वीकार्य वेतन प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते हैं या फिर 5,62,500 रुपए हर महीने का कंसॉलिडेटेड सैलेरी का विकल्प चुन सकते हैं लेकिन इसमें उन्हें घर और कार की सुविधा नहीं मिलेगी।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध ऋण 12 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि कंपनी का शुद्ध ऋण अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 12 प्रतिशत घटकर 4,320 करोड़ रुपये रह गया। लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध ऋण चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के अंत में 4,930 करोड़ रुपये था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन ''मजबूत'' रहा है और उम्मीद है कि वित्त वर्ष का समापन भी मजबूती के साथ होगा।

## चिंतन

# भारत और इंडोनेशिया के संबंध नई ऊंचाई की ओर

भारत और इंडोनेशिया करीब दो हजार वर्षों से पुराने अपने संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। सामरिक रूप से भारत के अहम साझेदार इंडोनेशिया सांस्कृतिक रूप से भारत के बहुत करीब है। इस बार गणतंत्र दिवस की परेड में मुख्य अतिथि के तौर पर भारत आए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, इस दौरान कई अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए। विनिर्माण, डिजिटल, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, सुरक्षा व सामरिक क्षेत्र में दोनों देश मिलकल काम करेंगे। भारत डिफेंस विनिर्माण में इंडोनेशिया को सहयोग करेगा। दोनों मुल्क समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और आतंकवाद से निपटने में आपस में सहयोग करेंगे। दोनों देशों के बीच फिनटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी है। भारत इंडोनेशिया के साथ स्वास्थ्य व खाद्य सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां साझा करेगा, दोनों देशों की आपदा प्रबंधन एजेंसियां संयुक्त अभ्यास करेंगी और इंडोनेशिया के प्रम्बानन हिंदू मंदिर के संरक्षण में भारत सहयोग देगा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो अपनी भारत यात्रा से इतने गदगद हैं कि उन्होंने कहा कि उनके देश के भारत के साथ गहरे सभ्यतागत संबंध हैं और कई इंडोनेशियाई लोगों के नाम संस्कृत में हैं। उनका 'डीएनए' भारतीय है। सुबियांतो के शब्दों में, भारत उन पहले देशों में से एक था, शायद पहला देश, जिसने हमारी स्वतंत्रता को मान्यता दी, स्वतंत्रता के लिए हमारे संघर्ष में हमारा समर्थन किया, हम कभी नहीं भूलेंगे कि भारत ने हमारी मदद के लिए क्या किया। सुबियांतो ने कहा कि स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, संस्कृति, क्षमता निर्माण, रक्षा, सुरक्षा, डिजिटल सहयोग, समुद्री सुरक्षा के अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हमारे बीच घनिष्ठ समझ विकसित हुई है और हम अपने सभी महत्वपूर्ण समझौतों और आम सहमति को क्रियान्वित करना चाहेंगे। सुबियांतो का उदगार भारत व इंडोनेशिया के बी मजबूत संबंधों की गवाही है। चीन को देखते हुए भारत के लिए इंडोनेशिया सामरिक रूप से अहम है। दोनों देशों के बीच बढ़ती दोस्ती चीन को एक संदेश भी है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने इंडोनेशिया को 10 देशों के आसियान ब्लॉक के साथ-साथ इंडो-पैसिफिक में भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बताया है। यह भी कहा कि दोनों देश इस क्षेत्र में नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं। नौवहन की स्वतंत्रता अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप सुनिश्चित की जानी चाहिए। भारत कई देशों को हथियार बेच रहा है। अब इस सूची में इंडोनेशिया भी शामिल है। इंडोनेशिया को हथियार आपूर्ति करते हुए भारत चीन को घेरने की कोशिश में है। भारत के ब्रह्मास्त्र कहे जाने वाले ब्रह्मोस मिसाइल को इंडोनेशिया खरीदने जा रहा है, दोनों देशों के बीच इस पर सौदा भी हो चुका है। दरअसल, हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन का दबदबा कम करने के लिए भारत अपने पड़ोसी मुल्कों के साथ संबंध बेहतर बनाने में लगा है। जवाहरलाल नेहरू और इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो को एक साथ अप्रैल 1955 में इंडोनेशिया के बांडुंग सम्मेलन के दौरान गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नाम) की स्थापना का श्रेय दिया जाता है। आसियान में इंडोनेशिया भारत का बड़ा भागीदार है। सबांग पोर्ट का विकास भारत को दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के अवसर प्रदान करेगा। ट्रेड क्षेत्र में दोनों देशों के बीच अनेक मौके हैं। भारत को अधिक प्रभावी ढंग से इंडोनेशिया में उपलब्ध अवसर का फायदा उठाना चाहिए।


## जयंती

कृष्ण प्रताप सिंह



# लाला लाजपत राय : जिनकी शहादत से उबल पड़ा था देश

अहिंसा का कर्तव्य खुद अहिंसक बने रहने से ही पूरा नहीं होता, क्योंकि उसमें दूसरों को हिंसा से विरत करने के जतन करने का कर्तव्य भी शामिल है।...यों, अहिंसा शांतिपूर्ण साधनों से उद्देश्य प्राप्त करने के प्रयासों का नाम है और इन प्रयासों में अविचलित रहकर झेली गई असफलता सफलता की ओर बढ़ा सबसे जरूरी कदम सिद्ध होती हैं। ये विचार स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति दे गये पंजाब केसरी लाला लाजपतराय के हैं, जो अहिंसा में अपने अगाध विश्वास के बावजूद स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र संघर्ष चलाने वाले क्रांतिकारियों के लिए भी उतने ही आदरणीय थे, जितने अहिंसा के पैरोकारों के लिए। इस सिलसिले में जानना दिलचस्प है कि वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल की 'लाल-बाल-पाल' के नाम से प्रसिद्ध उस तिकड़ी के पहले सदस्य थे, जिसने उन दिनों गोरों की दासता में जकड़े देश के लिए सबसे पहले पूर्ण स्वतंत्रता की



माँग की। इतना ही नहीं, उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के निर्णायक दौर में गोरी सत्ता के क्रूरतम चेहरे का सामना किया और अपनी जान देकर देशवासियों के नेतृत्व का कर्तव्य निभाया। यही कारण है कि 30 अक्टूबर, 1928 को लाहौर में कुख्यात साइमन कमीशन के विरुद्ध प्रदर्शन के नेतृत्व के वक्त उन पर पुलिस की लाठियां बेतरह बरसीं और उनसे आई सांघातिक चोटों ने 27 नवम्बर, 1928 को उनकी जान ले ली तो उद्वेलित देश ने गोरों से उसका बदला चुकाये बिना चैन नहीं लिया। इसीलिए उनकी मौत को आज भी, 13 अप्रैल, 1919 को जलियांवाला बाग में गोरे जनरल माइकल ओ' डायर द्वारा कराये गये भीषण नरसंहार और ऐतिहासिक चौरी-चौरा कांड के कारण महात्मा गांधी द्वारा 12 फरवरी,1922 को असहयोग आंदोलन को, उसकी चरमावस्था में, अचानक वापस ले लेने के बाद देश को क्षुब्ध करने वाली तीसरी सबसे बड़ी घटना माना जाता है।

इतिहास गवाह है कि जलियांवाला बाग कांड और असहयोग आंदोलन की वापसी के बाद आजादी के लिए कुछ भी करने और किसी भी हद से गुजरने को आतुर देश के जो युवा अहिंसा के रास्ते निस्तार न देख सशस्त्र क्रांतिकारी संघर्ष की ओर मुड़ गये थे, निर्मम पुलिस दमन में लाला जी को खो देने के बाद उनका ऊष्ण रक्त कुछ ज्यादा ही उबाल खाकर हर हाल में 'बदला-बदला' पुकारने लगा था। पुकारता भी क्यों नहीं, लाहौर में उक्त प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए लाला जी प्रभावशाली नेता की अपने ही द्वारा तय की गई उस कसौटी से रंच भी पीछे नहीं हटे थे, जिसके अनुसार किसी भी सच्चे नेता को सत्साहस व निर्भीकता बरतने में सदैव अपने अनुयायियों से आगे रहना चाहिए। निर्मम लाठी-चार्ज में गोरी पुलिस ने जानबूझकर उनको प्राणघातक चोटें पहुंचानी शुरू कीं तो भी उनके साहस व निर्भीकता ने उनका साथ नहीं छोड़ा था। कहते हैं कि उस वक्त वे इस विश्वास से भरे हुए थे कि उन्हें कुछ हो गया तो देश की उद्वेलित युवा पीढ़ी ब्रिटिश साम्राज्य की ईंट से ईंट बजाने पर तुल जायेगी। इसीलिए बुरी तरह घायल होने के बाद उन्होंने कहा था कि मेरे शरीर पर पड़ी पुलिस की एक-एक लाठी ब्रिटिश साम्राज्यवाद के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी। अपने इस आकलन में वे कितने सही थे, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि कोई महीना भर मौत से लड़ने के बाद उन्होंने 27 नवंबर, 1928 को इस संसार को अलविदा कहा तो उसके दो भी दशक नहीं बीते और देशवासियों ने ब्रिटिश साम्राज्य को इस देश में अपना सूर्यास्त देखने को विवश कर दिया। इस साम्राज्य से उनकी जान का बदला तो क्रांतिकारियों ने महीने भर में ही ले लिया था।

हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के सैनिकों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव आदि ने सेनापति चंद्रशेखर आजाद के साथ योजना बनाकर उनके प्राणांत के ठीक महीने भर बाद 17 दिसम्बर, 1928 को ब्रिटिश पुलिस के अफ़सर सांडर्स को गोली से उड़ा दिया था। हालांकि वे मारना पुलिस सुपरिटेंडेंट जेम्स स्काट को चाहते थे, जो लाला जी पर लाठियां बरसाने के लिए जवाबदेह था। बाद में भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को बदला लेने की अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने की कीमत अपनी शहादत से चुकानी पड़ी थी। जैसा कि पहले बता आये हैं, अहिंसावादी कांग्रेस में होने के बावजूद लाला जी क्रांतिकारियों के ऐसे चहेते थे कि कहा जाता है कि उनकी असामयिक मृत्यु ने पराधीन भारत को उसकी आन पर हंसते-हंसते बलिदान हो जाने वाले जानें कितने भगतसिंह और ऊधम सिंह दिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अमेरिका
प्रभात कुमार रॉय

> राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी टैरिफ पर कहा,वह दूसरे मुल्कों से आयात किए जाने वाले माल पर कहीं अधिक टैरिफ और टैक्स आयद करके अपने अमेरिका को समृद्ध बनाएंगे। अमेरिका की आर्थिक तरक्की को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप का नजरिया एकदम संकीर्ण और अंधराष्ट्रवादी रहा है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन से अमेरिका को बाहर निकाल कर राष्ट्रपति ट्रंप ने सिद्ध कर दिया है कि उनकी विश्व स्वास्थ्य कल्याण में कदापि कोई रुचि नहीं रही है। डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 2015 में ही पर्यावरण पर अंजाम दी गई अंतरराष्ट्रीय पेरिस संधि से बाहर आ चुका था। जो बिडेन ने फिर से पेरिस संधि में शामिल होना का निर्णय लिया था। पर्यावरण संरक्षण में ट्रंप की कभी कोई पहल नहीं रही।

# वैश्विक दायित्वों से भाग रहे ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप दूसरी दफा अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर विराजमान हो चुके हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति की हैसियत से अपनी पहली तकरीर में प्रशासन की नीतियों का ऐलान किया। राष्ट्रपति ने बड़े जोश ओ खरोश से फरमाया कि अमेरिका का स्वर्ण युग अब प्रारंभ हो रहा है। अमेरिका आने वाले दौर में विश्व पटल पर एक अत्यंत समृद्ध और सम्मानित राष्ट्र के तौर पर निर्मित होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर आसीन होते ही ट्रंप द्वारा करीब 100 कार्यकारी आदेशों पर दस्तखत किए। इन प्रशासनिक आदेशों के तहत अमेरिकन राष्ट्रपति द्वारा जो सबसे विशिष्ट हुक्मनामे जारी किए हैं, वो अमेरिका की इमीग्रेशन, एनर्जी, इकोनामी और जेंडर से जुड़ी जटिल समस्याओं पर जारी किए गए हैं। अमेरिका - मेक्सिको सरहद पर डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नेशनल इमरजेंसी आयद करने का बाकायदा ऐलान कर दिया गया। डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी उद्घोषणा में कहा कि अमेरिका में अवैध प्रवेश पर अत्यंत सख्ती के साथ प्रतिबंध आयद कर दिया जाएगा। ट्रंप हुकुमत द्वारा अमेरिका में अवैध तौर पर निवास कर रहे हुए लाखों अप्रवासियों को उनके वतन वापस भेजने की कानूनी प्रक्रिया का तत्काल आगाज कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में अवैध तौर पर बसने वालों में मेक्सिको मूल के अप्रवासियों की तादाद सबसे अधिक है। इसके बाद साल्वाडोर के अप्रवासियों का नाम आता है और फिर भारत के अप्रवासियों का नाम लिया जाता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकन हुकूमत के आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में रहने वाले तकरीबन पचास लाख से अधिक भारतीयों के मध्य लगभग सात लाख भारतवासी अमेरिका में अवैध तौर पर निवास कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप सरकार ने अमेरिका में प्रवासियों के जन्म लेने वाले बच्चों को भी जन्मजात नागरिकता प्रदान करने वाले कानून खत्म करने का ऐलान किया है। अब 20 फरवरी 2025 के बाद प्रवासियों के घर जन्म लेने वाले बच्चों पर राष्ट्रपति ट्रंप का हुक्म लागू हो जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप की इमीग्रेशन पॉलिसी का जबरदस्त तौर पर प्रतिकूल प्रभाव भारतवासियों पर आयद होने वाला है। पहले ही बाइडन प्रशासन द्वारा तकरीबन बीस हजार भारतीय अप्रवासियों को अमेरिका से निष्कासित किए जाने का आदेश जारी कर दिया है। भारत से कॉरपोरेट सेक्टर में नौकरियों के लिए अमेरिका में जाने वाले भारतीयों के लिए जारी किए जा रहे एच-1बी अमेरिकन वीजा पर भी अभी तकरार जारी है। एच-1बी वीजा वस्तुत एक वर्क परमिट है, जो कि अमेरिका सरकार द्वारा केवल 3 वर्ष के लिए प्रदान किया जाता है और जिसकी अवधि को 6 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। फिलहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने एच-1बी वीजा प्रदान करने के पक्ष में ही अपनी राय पेश की है और कहा है कि अमेरिका को अत्यधिक शिक्षित वैज्ञानिक और इंजीनियर चाहिए। अमेरिका के कॉरपोरेट सेक्टर में कार्यरत प्रवासियों में भारतीयों व चीनियों की संख्या सबसे अधिक है।

इसी बीच एक अद्भुत घटना प्रकाश में आई। शपथ ग्रहण करने के पश्चात अमेरिकन राष्ट्रपति परंपरा अनुसार वाशिंगटन के एक प्रोटेस्टेंट चर्च की प्रार्थना सभा में शिरकत करने के लिए जाया करते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप इस प्रार्थना सभा में गए तो चर्च में विद्यमान महिला बिशप मारियन एडगर द्वारा अप्रवासियों के प्रति डोनाल्ड ट्रंप की



नीतियों की उनके समक्ष ही कड़ी आलोचना की गई। बिशप मारियन ऐडगर के करुणा और दया से सराबोर शानदार उद्गार सुनकर राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सहयोगी हतप्रभ रह गए। बिशप मारियन ऐडगर ने कहा कि आपकी नीतियों से डरे हुए लोग चाहे बाहर से आए हैं, चाहे अमेरिका के नागरिक ना भी हैं और उनके पास पूरे कागजात भी नहीं है, पर वे सभी कामकाजी मेहनतकश इंसान है। यदि आप स्वयं पर ईश्वर का हाथ महसूस करते हैं तो भगवान की खातिर उन लोगों को मत सताइए। उन्होंने आगे कहा अमेरिका में बसने वाले सभी अप्रवासी मेहनतकश अपराधी नहीं है, अमेरिका के निर्माण में अप्रवासियों ने अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान किया हैं। उनके प्रति आपका सख्त व्यवहार अमानवीय होगा। सारी दुनिया जानती है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद मेक्सिको के मेहनतकशों को पुनर्निर्माण के कार्य के लिए अमेरिका में बकायदा आमंत्रित किया गया था। आज भी अमेरिका के विशाल एग्रीकल्चर फार्म हाउसों में खेतीबाड़ी का सारा कार्य मेक्सिको से अमेरिका आए हुए अप्रवासी मजदूर ही संभालते रहे हैं। अपने विगत कार्यकाल में भी डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और अमेरिका के मध्य बड़ी और लंबी दीवार निर्मित करने का ऐलान किया था, किंतु उनके पूरे कार्यकाल में केवल सात किलोमीटर लंबी दीवार ही निर्मित की जा सकी थी, जबकि मेक्सिको और अमेरिका के मध्य तीन हजार किलोमीटर से भी अधिक लंबी सरहद विद्यमान है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने भाषण में पूर्व राष्ट्रपति बाइडन प्रशासन द्वारा अमेरिका में विद्यमान अप्रवासी संकट का निदान करने के तौर तरीकों की भी कटु आलोचना की है।

राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अमेरिकी टैरिफ पर भी अपना नजरिया स्पष्ट किया गया। ट्रंप ने कहा,वह दूसरे मुल्कों से आयात किए जाने वाले माल पर कहीं अधिक टैरिफ और टैक्स आयद करके अपने अमेरिका को समृद्ध बनाएंगे। अमेरिका की आर्थिक तरक्की को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप का नजरिया एकदम संकीर्ण और अंधराष्ट्रवादी रहा है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन से अमेरिका को बाहर निकाल कर राष्ट्रपति ट्रंप ने सिद्ध कर दिया है कि उनकी विश्व स्वास्थ्य कल्याण में कदापि कोई रुचि नहीं रही है। डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 2015 में ही पर्यावरण पर अंजाम दी गई अंतरराष्ट्रीय पेरिस संधि से बाहर आ चुका था। जो बिडेन ने फिर से पेरिस संधि में शामिल होना का निर्णय लिया था। पर्यावरण संरक्षण में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कभी कोई पहल नहीं रही। सर्व विदित है कि अमेरिका विश्व में कार्बन उत्सर्जन करने वाला सबसे अग्रणी देश है। अमेरिकी कारोबार को अति उन्नत करने की लिप्सा में वैश्विक पर्यावरण को नष्ट करने में ट्रंप सबसे ताकतवर राष्ट्रपति साबित होंगे। वह तो केवल अमेरिका की आर्थिक तरक्की में ही खुद को झोंक देना चाहते हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल में चीन और अमेरिका के मध्य ट्रेड वार शुरू हुई थी। किंतु बाइडन के काल में यह शिथिल पड़ गई थी। राष्ट्रपति पद पर आसीन होते ही ट्रंप ने फिर से चीन पर जुबानी हमला बोल दिया है, उन्होंने कहा कि चीन को पनामा नहर एक तोहफा में दे दी गई है। पनामा के राष्ट्रपति जास राहुल मुलिनो ने इस बात से साफ इंकार किया है कि किसी भी तरह से पनामा नहर पर चीन का नियंत्रण स्थापित हो गया है। उन्होंने कहा कि पनामा नहर का संचालन एक प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। आमतौर पर कहा जाता है कि व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप गहरे राजनीतिक दोस्त हैं, ठीक उसी तरह जैसे कहा जाता था कि ट्रंप और नरेंद्र मोदी भी बड़े गहरे दोस्त हैं। पर अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक मंच पर राष्ट्र के हित ही सदैव सर्वोपरि होते हैं, राष्ट्राध्यक्षों की व्यक्तिगत दोस्ती अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अधिक महत्व नहीं रखती। अभी ट्रंप के पत्ते खुलने बाकी हैं।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## उद्यमो भैरवः



संकलित
दर्शन

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सब कुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है।

## शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया शाप



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का

## सटाका




## आज की पाती

### क्रोध में की गई नासमझी महंगी पड़ती है

हम अपने को हर परिस्थिति में संयमित रख सकते हैं तो बड़ी बात है। उसे ही शिक्षित कह सकते हैं। इसके विपरीत अगर मन में उठने वाली उत्तेजनाओं और आवेगों पर हम कंट्रोल नहीं कर सकते हैं तो यह असंयमित जीवन है। आवेगों को नहीं रोक पाना नासमझी है। आवेग में आदमी इतना उत्तेजित हो जाता है कि अपना आपा खो देता है। आवेग में परिवार उजड़ते जा रहे हैं। उसके बाद में पश्चाताप से कोई फायदा नहीं है। आत्महत्या के कारणों के पीछे भी लोगों की नासमझी ही है। इस तरह की मानसिकता वालों के लिए हर तरह की शिक्षा व्यर्थ है। कोई भी किसी भी कार्य में आदमी सफल नहीं हो सकता है जब तक वह अपना स्वामी स्वयं नहीं है।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### शुभकामनाएं सराहनीय



मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति मैक्रों। 76वें गणतंत्र दिवस पर आपकी शुभकामनाएं बहुत ही सराहनीय हैं। पिछले साल इस अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति वास्तव में हमारी रणनीतिक साझेदारी और स्थायी मित्रता में एक महत्वपूर्ण पल था।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रतिमा खंडन निंदनीय



संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पंजाब के अमृतसर में स्वर्ण मन्दिर के पास हैरिटेज स्ट्रीट में स्थापित प्रतिमा खण्डित करने और वहाँ संविधान की किताब के नजदीक आग लगाने का प्रयास शर्मनाक है। घटना निंदनीय है।

-मायावती, पूर्व सीएम, यूपी

### मनरेगा मजदूरी दर बढ़े



बजट में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के तहत दी जाने वाली मजदूरी को बढ़ाकर राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन तक करने का लक्ष्य रखा जाए। कार्यदिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 150 दिन की जाय।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### सिद्धार्थ आनंद प्यारे इंसान



मैं इन दिनों 'किंग' फिल्म पर काम रहा हूं। मेरे निर्देशक सिद्धार्थ आनंद बहुत प्यारे हैं। उन्होंने 'पठान' बनाई थी। मैं यकीन दिला सकता हूं कि यह फिल्म आपको भरपूर मनोरंजन देगी।

- शाहरुख खान, अभिनेता

## करंट अफेयर

# कोविड19 वायरस की उत्पति प्रयोगशाला से हुई :सीआईए

अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) का मानना है कि कोविड-19 महामारी के लिए जिम्मेदार वायरस की उत्पत्ति संभवत: एक प्रयोगशाला से हुई है। सीआईए के एक आकलन के अनुसार, यह आशंका चीन पर उंगली भी उठाती है, हालांकि खुफिया एजेंसी को अपने निष्कर्षों पर पूर्ण विश्वास नहीं है। यह निष्कर्ष किसी नयी खुफिया जानकारी का परिणाम नहीं है, तथा शनिवार को जारी की गई रिपोर्ट पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन और पूर्व सीआईए निदेशक विलियम बर्न्स के आदेश पर पूरी की गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एजेंसी का नेतृत्व करने के लिए चुने गए जॉन रैटक्लिफ के आदेश पर इस रिपोर्ट को शनिवार को सार्वजनिक किया गया। सीआईए का सूक्ष्म निष्कर्षों के आधार पर मानना है कि साक्ष्यों की समग्रता से यह पता चलता है कि कोविड-19 के लिए जिम्मेदार कोरोना वायरस की उत्पत्ति प्राकृतिक उत्पत्ति की तुलना में प्रयोगशाला में होने की अधिक आशंका है। सीआईए के प्रमुख रैटक्लिफ ने फॉक्स न्यूज को बताया, मुझे अपने पहले दिन ही बाइडन प्रशासन में वास्तव में हुए एक आकलन को सार्वजनिक करने का अवसर मिला।



## ऑफ बीट

# पृथ्वी से 32 गुना बड़ी आकाशगंगा की खोज

खगोलविदों का अनुमान है कि समय बीतने के साथ प्लाज्मा जेट बाहर की ओर फैलते रहते हैं, और अंतत: इतने बड़े हो जाते हैं कि वे विशाल रेडियो



आकाशगंगा बन जाते हैं। विज्ञान को सामान्य आकार की लाखों रेडियो आकाशगंगाएं ज्ञात हैं। लेकिन 2020 तक केवल 800 विशाल रेडियो आकाशगंगाएं ही पाई गई थीं। इन्हें पहली बार खोजे जाने के लगभग 50 वर्ष बाद ये अस्तित्व में आई हैं। उन्हें दुर्लभ माना जाता था। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के 'मीरकैट' सहित रेडियो दूरबीनों की एक नयी पीढ़ी ने इस विचार को पूरी तरह बदल दिया है: पिछले पांच वर्षों में लगभग 11,000 विशालकाय तारामंडल खोजे गए हैं। दक्षिण अफ्रीकी रेडियो दूरबीन मीरकैट की नयी विशाल रेडियो आकाशगंगा की खोज असाधारण है। इस ब्रह्मांडीय विशालकाय आकाशगंगा के प्लाज़्मा जेट एक छोर से दूसरे छोर तक 33 लाख प्रकाश वर्ष तक फैले हैं – जो हमारी आकाशगंगा 'मिल्की वे' के आकार से 32 गुना अधिक है। मैं यह खोज करने वाले प्रमुख शोधकर्ताओं में से एक हूं। हमने इसका नाम इंकाथाज़ो रखा है, जिसका अर्थ दक्षिण अफ्रीका की इसिज़ोसा और इसिज़ुलु भाषाओं में 'परेशानी' है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**कटनी।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शहीदों के योगदान का पुण्य स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं कलेक्टर श्री यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री रंजन ने भी पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शहीद स्मारक स्थल पर आम के पौधे का रोपण भी किया गया। इस दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दीपक टंडन सोनी एवं नगर निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### करहिया कला में जुआ खेल रहे 7 गिरफ्तार

**कटनी।** ग्राम करहिया कला में जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बिलहरी पुलिस चौकी प्रभारी सुयश पाण्डेय ने अपने स्टाफ के साथ गणतंत्र दिवस समारोह एवं उससे संबंधित आयोजनों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से ढाबों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की। शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों को चेक कर उन्हें समुचित हिदायत दी एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले व्यक्तियों को हिदायत दी गई। मुखबिर की सूचना पर ग्राम करहिया कला में जुआ खेल रहे जुआरियों को पकड़ा गया। सभी के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जुआ खेलते जिनको पकड़ा गया उनमें शुभम शिवहरे 25 साल निवासी गायत्री नगर, संजय यादव 26 वर्ष निवासी द्वारा, आकाश गर्ग 19 वर्ष निवासी द्वारा, छोटू राय 30 साल निवासी पाठक वार्ड, नीलू बासुदेव 36 वर्ष निवासी करहिया कला, प्रदुम बर्मन निवासी सिहोरा एवं गंगा कुशवाहा 29 वर्ष नदीपार शामिल हैं।

### ग्राम पंचायत परिसर में किया पौधारोपण

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप यादव ने जिला पंचायत के सीईओ की मौजूदगी में ग्राम पंचायत परिसर में बॉटल पाम का पौधा लगाकर पौधारोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संतुलन एवं सुरक्षा की दृष्टि से ग्रामीणों से पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा किए जाने हेतु संवाद किया।

### फाइलेरिया दिवस के संबंध में दी जाएगी जानकारी

**कटनी।** जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस का आयोजन 10 से 25 फरवरी तक किया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजेश अठ्या ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के लिये मंगलवार 28 जनवरी को दोपहर 1 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी के सभागार में प्रेस वार्ता रखी गई है। सीएमएचओ ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सदस्यों से उपस्थित होने आग्रह किया है।

### बड़वारा तहसील मुख्यालय सहित ग्राम पंचायतों, सरकारी कार्यालयों एवं स्कूल कॉलेजों में हुआ ध्वजारोहण

# उत्साह से मना गणतंत्र दिवस पर्व, शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा






बड़वारा मुख्यालय समेत समूचे ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लाष के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। बड़वारा नगर में स्थित समस्त शासकीय अशासकीय कार्यालयों में देश की शान गर्व का प्रतीक राष्ट्र ध्वज फहराया गया। बड़वारा में स्थानीय शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में सञ्चालक बी पी द्विवेदी ने बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह व गणमान्य जनों की मौजूदगी में राष्ट्र ध्वज फहराया एवम ध्वज की सलामी ली तथा देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद करवाने में अपने प्राणों की आहुती देने वाले देश के बीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य सतीश द्विवेदी ने देश की एकता अखण्डता अक्षुण्य बनाये रखने पर बल दिया। स्कूल में अध्ययन रत छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। देखो बीर जवानों अपने खून पे ये इल्जाम न आये के देश भक्ति पूर्ण गीत पर सभी उपस्थित जनों की आंखें नम हो गईं। स्कूल के छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया इस दौरान शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक एवम शिक्षिकाओं की उपस्थिती रही।

### सरपंच ने किया ध्वजारोहण

ग्राम पंचायत बड़वारा में बड़वारा ग्राम की लोकप्रिय सरपंच श्रीमती सुनैना बाई टेकाम ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवम तिरंगे की सलामी ली। इस दौरान उप सरपंच अनुराग गुप्ता, सचिव रंजीत सिंह, सहायक सचित भीम कोरी, समस्त पंच, गणमान्य जन तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। ध्वजारोहण के पश्चात सभी को प्रसाद व लड्डुओं का वितरण किया गया।

### ग्राम पंचायत संकरीगढ़

ग्राम के मुखिया राजेश त्रिपाठी के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवम राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया गया तथा शहीदों एवं सपूतों को स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। ग्राम पंचायत कार्यालय संकरीगढ में झालरों व झंडियों तथा पुष्पों से आकर्षक सजावट की गई। ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश त्रिपाठी के सौजन्य से भारत माता की आकर्षक मनोहर झांकी निकाली गई जिससे पूरे ग्राम में उल्लास दिखाई दिया। सभी ने सरपंच राजेश त्रिपाठी के कार्यों की सराहना की। पंचायत में देश भक्ति की भावना से पूर्ण विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस दौरान उप सरपंच प्रेम बाई कोल,समस्त पंच गण, गणमान्य जनों में सेवा निवृत्त शिक्षक लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, सेवा लाल दाहिया, मदनलाल रजक की विशिष्ट मौजूदगी रही।

### बिश्राम गृह में ध्वजारोहण

बड़वारा में स्थित मप्र लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह बड़वारा में समय पाल सुरेंद्र कुमार पटेल के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया व राष्ट्रीय ध्वज की सलामी ली गई। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विश्राम ग्रह को आकर्षक झालरों की लड़ियों से सजाया गया। विश्राम गृह को साफ सुथरा कर हरियाली की मनोहारी छवि की अनुपम छटा बिखेरी गई। मौजूद गणमान्य जनों को प्रसाद वितरण एवम स्वल्पाहार करवाया गया। इस दौरान मोबीना अफरोज खान, दददू लाल चौधरी, हेतराम यादव, बाबादीन कोल उपस्थित रहे।

### संकुल केंद्र बसाड़ी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र बसाड़ी में प्राचार्य जे एल बुनकर के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवम ध्वज वंदन कर ध्वज की सलामी ली गई। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में अध्ययन रत छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के राष्ट्रीय गीत व देश भक्ति के गीतों की मनमोहनी प्रस्तुती पेश की जिसे उपस्थित जनसमुदाय के द्वारा सराहा गया। छात्र छात्राओं को उपहार प्रदान किये गए। इस दौरान विद्यालय का समूचा स्टाफ उपस्थित रहा।

बड़वारा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य चंदन सिंह ने ध्वजारोहण किया एवम राष्ट्ररीय ध्वज तिरंगे की सलामी ली। देश को अंग्रेजों की हुकूमत से स्वतंत्र करबाने में अहम भूमिका निभाने वाले शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में अध्ययन रत छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। देश की आजादी में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले जांबाज अमर शहीदों की शहादत को नमन किया गया। मेरा रंग दे बसंती चोला मेरा रंग दे बसंती चोला के गीत पर छात्राओं के द्वारा शानदार मनमोहक प्रस्तुति पेस की गई जिसे उपस्थित जन समुदाय के द्वारा सराहा गया। इस दौरान स्कूल का समूचा स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी को प्रसाद व लड्डुओं का वितरण किया गया।

### स्वास्थ्य केंद्र में हुआ लहराया तिरंगा

बड़वारा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ अनिल झामनानी ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रीय ध्वज की सलामी ली। शहीदों की शहादत को स्मरण कर पुष्प सुमन अर्पित किए। सभी उपस्थित जनों को प्रसाद व मीठा वितरित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा। स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती प्रसूतिका महिलाओं एवम पोषण पुनर्वाष केंद्र में कुपोषित बच्चों को लेकर भर्ती महिलाओं को विशेष भोज प्रदान किया गया।

जनपद कार्यालय में जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवम राष्ट्रीय ध्वज पर श्रद्धा सुमन अर्पित कीं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के के पांडेय ने प्रदेश के मुखिया के प्रदेश की आवाम के नाम दिए गए सन्देश का वाचन किया एवम सरकार की जनता के प्रति किये गए वादों की वचनबद्धता को व्यक्त किया। ध्वजारोहण के पश्चात देश के शहीदों को नमन कर श्रद्धा पुष्प अर्पित किये गए। सभी उपस्थित जनों को प्रसाद व मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान,जनपद पँचायत बड़वारा का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

ग्राम पंचायत कछारी में ग्राम की मुखिया श्रीमती भारती नीलेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवम देश के अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी गौरव गाथा पर प्रकाश डाला। इस दौरान ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक नीलेन्द्र सिंह, पँचायत सचिव कौशल पाठक, सहायक सचिव विनय सिंह सोलंकी तथा पँचायत के पंच गण व आम जन मौजूद रहे। अंत मे उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया।

### ग्राम पंचायत बड़ेरा

ग्राम पंचायत बड़ेरा में ग्राम की सरपंच श्रीमती सुमन शिव मंगल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व ध्वज की सलामी ली। देश के आजाद करबाने में अपने प्राणों की आहुति देने बाले वीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित कीं। उपस्थित जनों को प्रसाद व मीठा वितरित किया गया। इस दौरान पँचायत के सचिव रामरतन सेन,सहायक सचिव भोलू पटेल व समस्त पंच गण तथा ग्राम के ग्राम वासी मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत लखाखेरा

ग्राम पंचायत लखाखेरा में ग्राम की सरपंच श्रीमती पूजा दहायत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व ध्वज को नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उपस्थित गण मान्य जनों को प्रसाद व लड्डू वितरित किये गए। इस दौरान पँचायत के उपसरपंच, सचिव,सहायक सचिव व पंच गणों की उपस्थिति रही।

# प्रभारी मंत्री ने छात्राओं के साथ बैठकर किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्लीमनाबाद स्थित कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास पहुंचकर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने छात्राओं का हौसला बढ़ाया एवं छात्राओं के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास में आयोजित मध्यान्ह भोज में पहुंचे प्रभारी मंत्री श्री सिंह का छात्राओं द्वारा पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। वहीं प्रभारी मंत्री श्री सिंह द्वारा भी आर्शीवाद स्वरूप छात्राओं पर पुष्पवर्षा की गई।

इसके बाद विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पीताम्बर टोपनानी सहित अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के साथ पंगत मे बैठकर स्वादिष्ट भोजन किया। भोजन में आज छात्रों की पसंद की चावल की खीर, पुलाव, पूड़ी, रोटी, मटर-पनीर की सब्जी, आलू - गोभी की सूखी सब्जी, दाल, अचार, पापड़ और सलाद परोसा गया। परोसे गए सुस्वाद व्यंजनों का छात्रों सहित अतिथियों ने जमकर लुत्फ उठाया।

# भारत पर्व में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुतियां



**कटनी।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र के लोक पर्व पर भारत पर्व का आयोजन नगर निगम के बस स्टैंड ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों सहित दीपेन्द्र सिंह एवं साथी कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीत तथा शालिनी खरे एवं साथियों द्वारा कथक नृत्य रामायण की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इसके अलावा भारत पर्व के अवसर पर हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम अंतर्गत भारत पर्व स्थल पर देश के संविधान तथा संविधान निर्माताओं के विषय में जानकारी के लिए चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, निधि सिंह गोहल,, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, एस डी एम प्रदीप कुमार मिश्रा, निगमायुक्त नीलेश दुबे, उपयुक्त पवन कुमार अहिरवार सहित अन्य अधिकारियों की मौजूद थीं।

# जनकल्याण अभियान के समापन आयोजन पर हितग्राहियों को किया गया हितलाभ का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अन्तर्गत 11 दिसंबर से 26 जनवरी 2025 तक शिविरों का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की कार्यवाही की गई।इसी क्रम में आज 27 जनवरी को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का समापन कार्यक्रम नगरपालिक निगम कार्यालय के मेयर इन काउन्सिल हाल में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया जिसके अन्तर्गत शेष हितग्राही जो छूट गये थे, उन्हें महापौर प्रीति संजीव सूरी पार्षद,अधिकारियों द्वारा स्वीकृति पत्र वितरण कर हितलाभ दिया गया। अभियान के तहत कुल 1539 आवेदन में से 1516 का निराकरण करते हुए पात्रों को शासकीय योजना के माध्यम से लाभान्वित किया गया।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य मे प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम सांवेर, जिला इंदौर में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मेयर इन काउन्सिल सभाग्रह में देखा एवं सुना गया।

कार्यक्रम में आयुक्त नीलेश दुबे, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा , डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, पार्षद शकुंतला सोनी,सुखदेव चौधरी,ईश्वर बहरानी,उमेन्द्र अहिरवार, पूर्व पार्षद चोखे भाई, जिला पंजीयक पंकज कोरी, तहसीलदार बी.के मिश्रा, उपायुक्त पवन अहिरवार,राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक,सहा यंत्री आदेश जैन,अनिल कांबले, समाजसेवी विनीत जायसवाल,प्र कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल सहित हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

### महापौर ने कहा कर्तव्य निष्ठा से करें काम, जनता की सेवा सर्वोपरि

# नगर निगम कार्यालय में महापौर ने किया ध्वजारोहण, वीरों की शहादत को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



गणतंत्र दिवस की 76 वाँ वर्षगांठ पर आज नगर की प्रथम नागरिक महापौर प्रीति संजीव सूरी ने नगर निगम कार्यालय में ध्वजारोहण कर शहीदों व संविधान निर्माता बाबा साहेब को याद किया।

ध्वजारोहण उपरांत के.सी.एस स्कूल की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया,तत्पश्चात सभी ने भारत माता के जयकारों के साथ तिरंगे को सलामी दी। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने माँ भारती के चरणों में नमन करते हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज हम सब गणतंत्र दिवस कि 76 वी वर्षगाँठ मनाने इस प्रांगण में एकत्रित हुए है। यह दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदान की याद दिलाता है जिनकी वजह से हम आज आज़ादी की हवा में साँस ले पा रहे हैं,हमारे देश के वीरों के संघर्ष ने हमें यह सीख दी है की हमारे लोकतंत्र की असली ताकत हमारे नागरिकों में छिपी हुई है ,उसी तरह हमारे इस लोकतंत्र में नगर निगम कटनी की ताकत नागरिक या जनता से है,और जनता है तो नगर निगम है ,हम सब नागरिकों की सेवा के लिए हैं।हमारे संविधान से हमें यह सीख मिलती है कि देश ,परिवार, संस्था जहाँ हम काम करते हैं उसके प्रति अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ पालन कर,राष्ट्र परिवार और अपनी संस्था की अखंडता और एकजुटता को बनाए रखने की दिशा में काम करेंगे ,अपने साथ-साथ दूसरे के अधिकारों का भी ध्यान रखेंगे और यही हमारे नगर निगम कटनी के द्वारा संविधान के प्रति सम्मान होगा। नगर निगम द्वारा जनता की सुविधा के लिए प्रयास करते हुए शहर के कई स्थानों में जोन कार्यालय बनाने की बहुत सुन्दर पहल की जा रही है, जिससे ऐसे वंचित वर्ग जिन्हें सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पाता है उन्हें इन जोन कार्यालय के माध्यम से सारी जन हितैषी योजनाओं का लाभ सीधा पहुँचाया जा सकेगा,और यही हमारे संविधान का सम्मान होगा ।हमारे संविधान में भी यह स्पष्ट बताया जाता है की असहाय ,गरीब ,वंचित वर्ग के व्यक्तियों को प्राथमिकता से इन सब को योजनाओं के माध्यम से लाभ देकर इन्हें मजबूत बनाएं।

### जिले के मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने फहराया तिरंगा

# आन-बान और शान से लहराया तिरंगा, योजनाओं पर केन्द्रित निकली झांकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी







राष्ट्र का 76 वां गणतंत्र दिवस जिलेभर में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। गणतंत्र दिवस का जिले का मुख्य समारोह यहां झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया गया। जहां मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। श्री सिंह ने खुली सफेद जिप्सी में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के साथ परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस मौके पर सशस्त्र बलों द्वारा हर्ष फायर किए गए तथा राष्ट्र धुन बजाई गई।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने हर्ष और उत्साह के प्रतीक तिरंगे के तीन रंगों के गुब्बारे मुक्त आकाश में छोड़ा । समारोह में प्लाटून द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया गया। मार्च पास्ट में एस.ए.एफ., जिला पुलिस बल पुरुष, होमगार्ड, जिला पुलिस बल महिला और जिला होमगार्ड बल सहित एन.सी.सी. और स्कूल व कालेजों का प्लाटून शामिल था।

प्रभारी मंत्री, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने हर्ष और उत्साह के प्रतीक तिरंगे के तीन रंगों के गुब्बारे मुक्त आकाश में छोड़े। समारोह में प्लाटून द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया गया। मार्च पास्ट में परेड कमांडर, इन कमांडर, एस.ए.एफ., जिला पुलिस बल पुरुष, होमगार्ड, जिला पुलिस बल महिला सहित एन.सी.सी. और स्कूल व कॉलेजों का प्लाटून शामिल था। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर श्रीमती संध्या राजपूत ने किया। सेकंड इन कमांडर सूबेदार अंजू लकडा थे। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने परेड की सलामी ली तथा मार्च पास्ट के बाद कमांडरों से परिचय प्राप्त किया।

मुख्य समारोह में जिपं सी.ई.ओ. शिशिर गेमावत, वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा, महापौर प्रीति संजीव सूरी, जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त संस्कृति शर्मा, निधि सिंह गोहल, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, ए.डी.एम. प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिले के मुख्य समारोह में राज्य शासन के 8 विभागों द्वारा विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं पर केंद्रित आकर्षक झांकियां निकाली गई। मुख्य कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत पांच स्कूलों जे.पीव्ही डीएवी, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, श्रीराम इंटरनेशनल स्कूल, सीएम राइज स्कूल कटनी तथा सावित्री विद्या पीठ स्कूल के छात्रों द्वारा देशभक्ति के बोल पर एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता में सीएम राइज स्कूल कटनी के छात्रों ने पहला स्थान हासिल किया, वहीं श्री राम इंटरनेशनल स्कूल को द्वितीय और जेपीवी डीएवी को तृतीय स्थान मिला। जबकि परेड प्रतियोगिता में नगर सेना होमगार्ड को पहला, जिला पुलिस बल महिला को दूसरा और विशेष सशस्त्र 18वीं बटालियन कटनी को तीसरा स्थान मिला।

# जनकल्याणकारी योजनाओं से सुसज्जित जिपं की झांकी को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गणतंत्र दिवस के अवसर पर झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में जिले के आठ प्रमुख विभागों द्वारा राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और संस्थाओं के माध्यम से विकास की झलक दिखाती हुई झांकियां प्रदर्शित की गई। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संस्कृति शर्मा एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला पंचायत कटनी, आदिम जाति कल्याण, यातायात पुलिस, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परियोजना अधिकारी उद्यानिकी और नगर निगम द्वारा योजनाओं तथा कार्यक्रमों से सरोकार रखती हुई झांकियों का प्रदर्शन किया गया। जिला पंचायत के सीईओ गेमावत के निर्देश और निगरानी में जन कल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा योजना के अंतर्गत जल संरक्षण की गतिविधियां, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, अटल ग्राम सेवा केंद्र, कस्टम हायरिंग सेंटर आदि के माध्यम से विकास की झलकियों से सुसज्जित दर्शनीय झांकी को न केवल सराहना मिली बल्कि झांकी ने ऐसा रंग जमाया की निर्णायक मंडल ने झांकी को सर्वश्रेष्ठ झांकी के फलस्वरूप प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## कोतवाली एवं बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए हादसे, मामले की जांच में जुटी पुलिस

# दो सड़क हादसों में तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली एवं बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के खिरहनी चौकी अंतर्गत सोमवार सुबह लगभग साढ़े 8 बजे एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक चालक को जोरदार टक्कर मारी। हादसे में युवक बुरी तरह घायल हो गया जिसे इलाज के लिए शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी लाया गया जहाँ पर युवक की इलाज के दौरान मौत हों गईं पूरी हादसे का पूरा घटना क्रम वीडियो सीसी टीवी में कैद हों गया।

जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार खिरवा रीठी निवासी सौरभ राय 23 वर्ष को जोरदार सामने से जोरदार टक्कर मारी जिसमें वो गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सौरभ को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हों गईं। इस पुरे हादसे की घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हों गया जिसमे एक इण्डिका विजिटा कार जों शहडोल पासिंग बताई जा रही हैं ने उस समय सामने से जोरदार टक्कर मारी जब सौरभ ड्यूटी करने के लिए सुबह 8:00 बजे कटनी आ रहा था। टक्कर लगते ही बाइक



सवार युवक कई फीट उछल कर जमीन पर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया. मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह से घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया लेकिन इलाज के दौरान युवक की मौत हों गईं। हादसे का सीसी टीवी फुटेज मिलने के बाद पुलिस वाहन को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई में जुट गई है।

### बाइको के बीच हुई टक्कर

इसी तरह बड़वारा थानान्तर्गत मझगवां वेयर हाउस के पास बाइकों में सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में रिश्ते में चाचा-भतीजे को गंभीर चोटें आई। गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया। बताया जाता है कि इलाज दौरान दोनों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर 12 बजे हादसा हुआ। बताया जाता है कि धर्मेंद्र 35 वर्ष और जयभान 59 वर्ष बाईक पर सवार होकर घर जा रहे इसी दौरान सामने से आ रहे बाईक सवार युवक से भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों को गम्भीर चोटें आई। 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

### प्रौढ़ पर पत्थर से हमला

इधर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाटर घाट के पास एक प्रौढ़ पर अज्ञात बदमाशों ने मारपीट करते हुए उसके सिर पर पत्थर पटक दिया। गंभीर रुप से घायल युवक को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। सोमवार को पुलिस टीम घायल प्रौढ़ के बताए अनुसार मारपीट वाले स्थान पर भी पहुंची। जहां पर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी एकत्र करने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने जिस स्थान पर युवक पर पत्थर पटका गया था, वहां की जांच की। फिलहाल हमलावर कौन है, इस बात की जानकारी पुलिस के पास नही है। मामले की जांच की जा रही है।

सोमवार को कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि सुक्खन चौक निवासी जगदीश पिता टिल्लू खाटिक (50) रविवार रात गाटर घाट की ओर से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान गाटर घाट नदी पुल के पास अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए उसे जमीन पर गिरा दिया। जिसके बाद बदमाशों ने उसके सिर पर पत्थर पटक दिया। जिसके कारण वह गंभीर रुप से घायल हो गया है। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।



# दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में सोमवार को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र कार्यालय, सिविल लाइन कटनी में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में एडिप योजनान्तर्गत चिन्हित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सूरी ने दिव्यांगजन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने कुछ वर्षों में जो सकारात्मक कदम दिव्यांगजन हेतु उठाये है वे हमारे दिव्यांगजनों को सामान्य मानव शक्ति की तरह कार्य करने के लिए सक्षम बनाते है। दिव्यांगजन आम जन से कम नही है। उन्होंने भारत सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन को सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जो अभियान चलाये जा रहे है, उससे दिव्यांगजन को बहुत सहायता हो रही है।

उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, कटनी एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सचिव नयन सिंह ने बताया कि नगर निगम एवं जनपद पंचायत कटनी अर्न्तगत सामाजिक न्याय विभाग के शिविरों के माध्यम से चिन्हित कुल 42 हितग्राहियों को 09 नग मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, 06 नग हियरिंग ऐड, 06 नग बैशाखी, 08 वॉकिंग स्टीक, 01नग रोलेटर, 01 स्र्साट फोन, 01 सुगम्य कैन, 06 नग ट्राईसाईकिल, 06 नग व्हील चेयर आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा केन्द्र के सहायक परियोजना समन्वयक अनिल त्रिपाठी, मोबाइल स्त्रोत सलाहकार आरती डेंगेर, जनपद पंचायत कटनी से प्रीति श्रीवास्तव, नगर निगम से सुनील जार मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### हितग्राहियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**उमरियापान।** शासन के निर्देशानुसार 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर आयोजित किए गए। सोमवार को अभियान के समापन में उमरियापान ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर एसडीएम विन्की सिंह मारे,जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी,नायाब तहसीलदार अजय मिश्रा,सरपंच अटल ब्यौहार, जिला मंत्री विजय दुबे,मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया,जनपद सदस्य शैलेन्द्र पौराणिक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान जीआरएस अतुल चौरसिया,वैभव चौरसिया, पंच प्रवीण चौरसिया, पर्यवेक्षक मंजू मिश्रा,राजेन्द्र चौरसिया, अंकित झारिया सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### डीईओ ने हाईस्कूल गुडाकलॉ एवं भुड़सा का किया निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बड़वारा द्वारा बड़वारा विकासखण्ड के हाई स्कूल गुडाकलों तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुडसा का निरीक्षण किया गया। डीईओ पी.पी.सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान शासकीय हाई स्कूल गुडाकलों में कक्षा संचालित पायी गयी तथा शिक्षक दैनन्दिनी का संधारण पाया गया। विद्यार्थियों की उपस्थिति कम पाये जाने पर संस्था प्राचार्य एवं शिक्षको को पालको से संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये गये। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में कक्षाओ का संचालन विधिवत पाया गया। मंडल परीक्षा की विशेष तैयारी करायी जा रही है। फाइनल 30 के प्रश्नों का अभ्यास कराया जाना पाया गया। उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये गये अन्य शासकीय योजनाओ जैसे सायिकल, आपार आई.डी., छात्रवृत्ति समीक्षा की।

### कलेक्टर ने किया विकास की झलक प्रदर्शनी का शुभारंभ



**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बस स्टैण्ड स्थित ऑडिटोरियम में गणतंत्र दिवस की संध्या पर आयोजित भारत पर्व कार्यक्रम के दौरान राज्य शासन की जनहितैषी योजनाओं और कार्यक्रमों की झलक प्रदर्शित करती विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते और डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता मौजूद रहे। राज्य सरकार द्वारा तय थीम पर सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों ,संकल्पों और संविधान पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी में पहुंचे सभी अधिकारी कर्मचारियों व अन्य उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी सराहना की। जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मुख्यमंत्री कन्या विवाह या निकाह योजना, आयुष्मान भारत निरामय मप्र, विदेश मे अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति योजना, पीएम स्वनिधि योजना ,प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी योजनाओं की प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

*उत्साह एवं हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस पर्व*

# तिरंगा फहराकर दी सलामी, स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान क्षेत्र में पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ 76 वां गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया गया।इस मौके पर शासकीय कार्यालयों और अन्य निजी संस्थानों में तिरंगा फहराया गया। स्कूलों में इस पर्व को बड़े ही अनोखे तरह से मनाया गया। यहाँ बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर लोगों के दिल में देशभक्ति के जज्बे को जगाया।

उमरियापान के झंडा चौक में पं.मौजीलाल पौराणिक तो ग्राम पंचायत उमरियापान में सरपंच अटल ब्यौहार, तहसीलदार कार्यालय में नायब तहसीलदार अजय मिश्रा,थाना परिसर में थाना प्रभारी दिनेश तिवारी,सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य मुकेश पटेल,वन विभाग में रेंजर अजय मिश्रा,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉ. बीके प्रसाद और विधुत मंडल में जेई वीरेन्द्र उइके ने तिरंगा फहराया और सलामी दी। इसी प्रकार उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य ड़ॉ. आरती धुर्वे, ढीमरखेड़ा महाविद्यालय में प्राचार्य रजनीश कुशवाहा,सिलौड़ी महाविद्यालय में प्राचार्य रतिराम अहिरवार ने तिरंगा फहराया। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में सरपंचों ने तिरंगा फहराया। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने गणतंत्र दिवस और महापुरुषों के जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला।इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रहीं।

ग्राम पंचायतों और स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहा पर स्कूली बच्चों ने अनेकों मनमोहक प्रस्तुतियां पेश किया। उपस्थित अविभावकों और जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

## उत्कृष्ट कार्य पर कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित




लोकतंत्र का लोकोत्सव, भारत पर्व के शुभ अवसर पर 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस की संध्या बेला स्थानीय आडिटोरियम, न्यू बस स्टैंड नदीपार में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव एवं समस्त प्रशासनिक अधिकारियों के कर कमलों द्वारा बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी को उत्कृष्ट कार्य पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त संस्था के सदस्यों एवं सहयोगियों में अति उत्साह है, संस्था के प्रगति में सहयोग देने में मुख्य रूप से माया गुप्ता, काशी विश्वकर्मा, शिवकुमार चौधरी, रविकांत राय, रूपा बर्मन, राजेश कुमार चौधरी, अनिल पटेल सुनील बर्मन, नमिता विश्वकर्मा, दीपा पटेल, मीरा विश्वकर्मा एवं जागेश्वर रजक का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# महापौर ने अधिकारियों के साथ ट्रांसपोर्ट नगर विस्थापन पर की विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर विकास हेतु ट्रांसपोर्ट नगर विस्थापन के अहम विषय को दृष्टिगत रखते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने निगमाध्यक्ष मनीष पाठक के साथ शुक्रवार को अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक बुलायी। महापौर ने अधिकारियों से 95 ट्रांसपोर्टर से कितने लोगों द्वारा भवन अनुज्ञा प्राप्त कर लिया है तथा कितने ट्रांसपोर्टर्स द्वारा आवेदन दिया गया,कितने नक्शा स्वीकृत किये जा चुके है तथा कितने भू-खंड धारियों द्वारा निर्माण कराया गया एवं बचे हुये शेष किन लोगों द्वारा भवन अनुज्ञा नहीं ली एवं उन पर क्या कार्यवाही



की गई इसकी संपूर्ण जानकारी माँगी गई।जिस पर अधिकारियों द्वारा अवगत कराते हुए बताया कि 55 भू-खंड धारियों द्वारा भवन अनुज्ञा प्राप्त कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।महापौर सूरी द्वारा बचे हुए शेष ट्रांसोपोर्टर्स की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए भवन अनुज्ञा,एवं अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु ट्रांसपोर्ट नगर में ही शिविर आयोजित किए जाने हेतु निर्देश दिये हैं। साथ ही नगर हित को ध्यान में रखते हुए अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

*जन कल्याण अभियान के समापन पर हुआ आयोजन*

# जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में हितलाभ वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सामान्य प्रशासन द्वारा 25 जनवरी को दिए गए निर्देश अनुसार शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने तथा हितग्राही मूलक योजना के पात्र नागरिकों को 27 जनवरी को जिला स्तर व जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए है। शासन द्वारा दिये गए निर्देशानुसार सभी आवेदन पत्रों का निराकरण 26 जनवरी 2025 तक किया जाना अपेक्षित था। इन शिविरों के माध्यम से प्राप्त हितलाभों की स्वीकृति एवं सेवाएं समय समय पर अभियान के दौरान शिविरों में प्रदान की गई हैं। शेष स्वीकृति ,सेवाओं एवं हितलाभ



वितरण के लिए शासन स्तर से 27 जनवरी निर्धारित की गई है।

समापन समारोह के अवसर पर रीठी की ग्राम पंचायत कैना में समस्त 139 आवेदनों तथा बरजी में 74 आवेदनों तथा आमगांव में 57 आवेदनों का निराकरण किया जाकर पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। वहीं नगर परिषद विजयराघवगढ में एस.डी.एम महेश मंडलोई की मौजूदगी में पात्र हितगाहियों को हितलाभ वितरित किया गया। जबकि जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत गुडाकलॉ में प्राप्त 297 आवेदनों का तथा बिजौरी में 153 आवेदनों तथा कछारी में 127 आवेदनों भुडसा में 210 आवेदनों का निराकरण किया जाकर हितलाभ का वितरण किया गया।

समापन कार्यक्रम के तहत तहसील बहोरीबंद के ग्राम बड़खेरा में 71 आवेदनों का निराकरण तथा ग्राम तिहारी में 59 आवेदनों का निराकरण किया जाकर हितलाभ का वितरण किया गया। वहीं ग्राम पंचायत बरही ग्राम पंचायत नदावन एवं बरतला मे आयोजित कार्यक्रम में राजस्व संबधी सेवाओं का हितलाभ, पड़वार में हितग्राही मुन्ना सेन को वृद्धा पेंशन योजना, ग्राम पंचायत कुडरेही में आयुष्मान कर्ड का वितरण, ग्राम पंचायत पहरूआ में 15 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृत आदेश का वितरण सहित अन्य समस्त ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं के लाभ की ली जानकारी

# कलेक्टर ने शिविर का किया औचक निरीक्षण, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनपद पंचायत कटनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत तखला पहुंच कर मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविरों का आयोजन कर हितग्राही मूलक योजनाओ में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराया जाकर शत प्रतिशत सैचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त किया जाना था एवं इसी के साथ ही 27



जनवरी को हितलाभ वितरण एवं सेवाएं प्रदान किए जाने के निर्देश हैं।

कलेक्टर यादव ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर यथोचित निराकरण हेतु अधिकारियों को तत्परतापूर्वक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने पेंशन योजनाओं के तहत सुकराना आदिवासी, गुन्नू आदिवासी, ताराबाई बर्मन, राजरानी सिंह एवं आयुष्मान कार्ड के 70 वर्ष से अधिक आयु के बारेलाल यादव, श्रीमती द्रोपती बाई और देवशरण सिंह चौहान को आयुष्मान कार्ड स्वीकृति पत्र वितरित किए। कलेक्टर श्री यादव ने ग्राम पंचायत द्वारा शिविर में की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ गेमावत ने ग्रामीणों से संवाद कर राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में जानकारी ली। जनपद पंचायत कटनी के सीईओ श्री प्रदीप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आयुष्मान के 84, सामान्य प्रशासन विभाग का 1, परिवहन विभाग के 103, सामाजिक न्याय विभाग के 7 और राजस्व विभाग के 6 कुल 201 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। प्राप्त 201 आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्य कार्यवाही करते हुए निराकरण कर दिया गया है।

### मन लगाकर पढ़ाई करने कहा

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने प्राथमिक शाला तखला पहुंचकर शिक्षकों और छात्र-छात्राओं से शैक्षणिक गतिविधियों के विषय में जानकारी ली। उन्होंने कक्षा चौथी और पांचवी के छात्रों से अध्ययन के विषय में जानकारी ली तथा शिक्षक से समक्ष में अध्यापन कार्य करने को कहा। कलेक्टर ने शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण अध्यापन कार्य करने के निर्देश दिए वहीं कक्षा चौथी की छात्राओं अनन्या और समीक्षा से बात करते हुए अन्य सभी छात्र-छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु सीख दी। जिला पंचायत सीईओ ने भी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन परिश्रम और निष्ठा से करने को कहा। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच अनिल सिंह चौहान आदि की उपस्थिति रही।



15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में राज्यपाल समेत विभूतियों ने किया सम्मानित

# चुनाव प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि चुनाव आयोग, कम मतदान वाले केन्द्रों को चिन्हित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने जनजागृति के विशेष प्रयास करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन प्रणाली और मतदाताओं की सहभागिता, लोकतंत्र का मूल आधार है। निर्वाचन आयोग की ओर से इस दिशा में किए जा रहे कार्य सराहनीय है।

राज्यपाल पटेल शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी स्तर के अधिकारी-कर्मचारी और आयोग की ओर से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर मुख्य कार्यपालन पदाधिकारी सीईओ सुखबीर सिंह समेत कई जिलों के कलेक्टर व अधिकारी मौजूद थे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले यह कलेक्टर हुए सम्मानित



विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने पर अलीराजपुर कलेक्टर अभय अरविन्द बेडेकर, एसडीएम प्रियांशी भंवर, रायसेन कलेक्टर अरविन्द दुबे, एसडीएम मनीष शर्मा, दतिया के कलेक्टर संदीप कुमार माकिन, एसडीएम भूमिजा सक्सेना को सम्मानित किया गया। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों में रायसेन सिलवानी से सौरभ मिश्रा, भरत सिंह मांडले, दतिया भांडेर संतोष तिवारी, सुनील प्रभास, शिवपुरी करेरा से अजय शर्मा और सुश्री कल्पना शर्मा को सम्मानित किया गया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ

उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ में धार के घनश्याम चौहान, रतलाम के तोलाराम निनामा, सिंगरौली के अरूण कुमार पनिका, उमरिया के धर्मेन्द्र कुमार तिवारी, सागर के जयंत कुमार विश्वकर्मा, रायसेन के मनीष कीर, हरदा की सीमा सोनी, जबलपुर के मनीष जैन को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने पर सीईओ कार्यालय के एसडीएम राजेश यादव, अनुभाग अधिकारी अनुकृति मिश्रा, सहायक अनुभाग अधिकारी सुजाता चिन्चोलकर, सहायक प्रोग्रामर प्रवास जैन और प्रोग्रामर विनय देशमुख को सम्मानित किया गया।





## लोस चुनाव व मतदाता पुनरीक्षण के लिए यह अधिकारी हुए सम्मानित

राज्यपाल ने स्वीप गतिविधियों में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने पर भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ भोपाल ऋतुराज सिंह, सहायक नोडल स्वीप रीतेश शर्मा को सम्मानित किया। इसी कार्य के लिए ग्वालियर कलेक्टर रूचिका चौहान को भी सम्मानित किया गया। सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराने पर झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना, रतलाम कलेक्टर राजेश बाथम, अशोकनगर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी को सम्मानित किया। उत्कृष्ट कानून-व्यवस्था के लिए शिवपुरी कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी और एसपी अमन सिंह राठौर, श्योपुर के तत्कालीन कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ और एसपी अभिषेक आनंद, भिण्ड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव और एसपी असित यादव को सम्मानित किया। प्रदेश स्तर से कानून व्यवस्था बनाए रखने में उत्कृष्ट कार्य के लिए आईजी कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा तथा राज्य पुलिस नोडल अधिकारी अंशुमान सिंह को सम्मानित किया। स्वीप गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य पर शहडोल जोन के एडीजी डीसी सागर, आईटी इनिशिएटिव एवं स्वीप गतिविधियों पर नर्मदापुरम की कलेक्टर सोनिया मीना को सम्मानित किया।

### स्वीप से मतदान को बढ़ाया, सहायक परियोजना अधिकारी पुरस्कृत

चुनाव में स्वीप गतिविधियों से मतदान प्रतिशत को बढ़ावा देने वाले सहायक परियोजना अधिकारी संदीप श्रीवास्तव को मतदाता दिवस पर पुरस्कृत किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मतदाता दिवस के मौके पर कुशाभाऊ ठाकरे हाल में पुरुस्कृत किया।

### निबंध प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

राज्यपाल ने जिला स्तर पर 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में इंदौर के रजनीश त्रिपाठी को प्रथम, गंजबासौदा विदिशा की कु. सृष्टि तिवारी को द्वितीय, छिन्दवाड़ा के मयंक विश्वकर्मा को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। नवीन मतदाताओं कुशआग्रे सेन, अभिलाषा केसरिया, आकृति लुइटेल, ऋषि श्रीवास्तव,गौरव जाट को ईपिक कार्ड दिए। कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह, भोपाल संभाग आयुक्त संजीव सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल, स्टेट आईकन राजीव वर्मा, गोविन्द नामदेव, दिव्यंका त्रिपाठी दहिया, संजना सिंह और देशना जैन मंचासीन थे।

*सिलाई सेंटर में रखी मशीनें, कपड़ों की गठानें और कुछ घरों का सामान पूरी तरह से जल कर खाक*

# तीन मंजिला इमारत में लगी भीषण आग, 50 लोगों को सुरक्षित निकाला

## दमकल कर्मचारियों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

- वीआईपी रोड स्थित खानूगांव में हुआ हादसा
- बिल्डिंग में रखे दस घरेलू गैस सिलेंडर समय रहते निकाले
- सेकंड फ्लोर पर सिलाई सेंटर में शार्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीआईपी रोड स्थित खानूगांव की एक तीन मंजिला बिल्डिंग में आग भड़क गई, जिससे यहां रहने वाले पचास लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके साथ यहां रहने वाले परिवारों के दस सिलेंडर भी सुरक्षित निकाले गए। मौके पर पहुंची दो दर्जन फायर की दमकलों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दरअसल बिल्डिंग के नीचे गोदाम में कपड़े की गठानें रखी थीं, जिन्होंने आग पकड़ ली थी। घटना शनिवार सुबह आठ बजे की है।

सुबह आठ बजे बिल्डिंग के पड़ौस में रहने वाले फाईम उद्दीन ने इस बिल्डिंग के सेकंड फ्लोर से धुआं उठता हुआ देखा, तो उन्होंने यहां रहने वाले लोगों को बिल्डिंग से बाहर निकाला। इस दौरान उन्होंने किचन में रखे दस सिलेंडरों को भी बिल्डिंग से बाहर किया। इस दौरान सिलाई सेंटर में रखी मशीनें, कपड़ों की गठानें और कुछ घरों का सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है।





### नीचे गोदाम, सिलाई सेंटर, ऊपर रह रहे परिवार

बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर कपड़ा गोदाम और लोग रहते हैं, जबकि दूसरे तल पर सिलाई सेंटर संचालित होता और तीसरे तल पर लोग परिवार सहित निवास करते हैं। आग बढ़ती इससे पहले उन्होंने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और इमारत में साथियों को लेकर पहुंचे। आग तेजी से फैलती तब तक उन्होंने एक-एक घर के दरवाजे खटखटाए और महिलाओं, बच्चों सहित सभी को इमारत से बाहर जाने के लिए कहा। वहीं घरों में रखे 10 सिलेंडरों को बाहर निकाला गया।

### दो दर्जन दमकलों की मदद से बुझाई आग

सुबह आठ बजे सूचना मिलने के बाद फतेहगढ़, संत हिरदाराम नगर, गांधीनगर, माता मंदिर, पुल बोगदा से फायर दमकलों को रवाना किया गया। दो दर्जन दमकलों की मदद से फायर कर्मचारियों ने साढ़े 11 बजे तीन घंटे में आग को बुझा लिया था।

सेरीखेड़ी गांव में महिला के मकान पर पुलिस का छापा

# महिला अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार, 3 बोरियों में घर में छिपाकर रखी थी बोतलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर में अवैध तरीके से शराब बेचते महिला गिरफ्तार हुई है। महिला ने अपने घर के भीतर तीन बोरियों में शराब की बोतलें छिपाकर रखी थी। पुलिस ने खुफिया सूचना पर रेड मारकर घेराबंदी की। इस मामले में मंदिर हसौद पुलिस आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 26 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली कि सेरीखेड़ी गांव में रानी मनहरे नाम की महिला का मकान है। रानी अपने घर से अवैध तरीके से शराब बेच रही है। इसके बाद मंदिर हसौद पुलिस ने रेड मारकर घर की घेराबंदी की। पुलिस को इस जांच में घर के भीतर तीन बोरियों में देशी शराब की बोतलें मिली, जो अवैध रूप से बेची जा रही थीं।



**महिला के घर से करीब 600 से ज्यादा शराब की बोतलें जब्त** : इस मामले में पुलिस ने आरोपी महिला रानी मनहरे को गिरफ्तार कर लिया है। महिला के पास से करीब 600 से ज्यादा शराब की बोतलें जब्त की गई हैं। महिला पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

पंजाब से सप्लाई हुआ था 18 लाख का माल

# दो महिला समेत छह आरोपी हेरोईन के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर में हेरोइन (चिट्टा) के साथ दो महिला समेत 6 लोग गिरफ्तार हुए है। पंजाब से बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ रायपुर में सप्लाई हुआ था। आमानाका और गुढ़ियारी पुलिस ने शहर के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर पकड़ा है।

रायपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि पंजाब से अंतरराज्यीय गिरोह हेरोईन-चिटटा बिक्री करने के लिए रायपुर ला रहा है। हेराईन को अलग-अलग जगहों पर बांटने वाले हैं। एक विशेष टीम ने शहर के कई जगहों पर रेड मारकर 6 आरोपी को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में 5 पंजाब के निवासी है।

# पिकअप पलटने से 11 लोग घायल



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** गौरेला थाना क्षेत्र के पिपरखुटी के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन पलट गया। हादसे में 11 लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक, सभी यात्री अनूपपुर के राजेंद्र ग्राम के बदरा ग्राम पंचायत के निवासी हैं, जो बिलासपुर के खोंगसरा में आयोजित बरहो कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। तभी खोड़री तिराहा मोड़ पर पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद सभी घायलों को तत्काल गौरेला के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

युवक ने पुजारी को धमकाया

# हनुमान चालीसा बंद कराने पर बवाल, हिंदू संगठनों ने घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर जिले में हनुमान मंदिर में लाउडस्पीकर से हनुमान चालीसा बजाने को लेकर विवाद हो गया। ऑटो चालक इशाक खान ने पुजारी को धमकी दी है। इशाक खान ने कहा कि स्पीकर का वाल्यूम कम करके बजाओ।

ज्यादा भगवागिरी और भगवानगिरी मत दिखाओ। गाली-गलौज करने और धमकी देने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। नाराज हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद थाने का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया। मामला कोनी थाना क्षेत्र का है।

### जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई




*कोनी थाना प्रभारी नवीन देवांगन ने उन्हें समझाइश देकर शांत कराया। साथ ही उनकी शिकायत पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। टीआई देवांगन ने बताया कि पुजारी ने मामले की शिकायत की है, जिसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।*

### ऑटो चालक का धमकी भरा वीडियो वायरल, हिंदूवादी संगठनों ने किया प्रदर्शन

*दरअसल, कोनी स्थित आईटीआई गेट के पास हनुमान मंदिर है। जहां पुजारी मंदिर की देखरेख करता है। वह सुबह-शाम पूजा अर्चना भी करता है। लोगों ने मंदिर में लाउडस्पीकर भी लगवाया है, जिससे आसपास का माहौल भक्तिमय बना रहता है। सोमवार की सुबह ऑटो चालक इशाक खान मंदिर में हनुमान चालीसा और भक्ति संगीत चलाने का विरोध किया। पुजारी से कहा कि स्पीकर का वाल्यूम कम करके बजा। सुबह से नींद खराब होती है। कई बार मना कर चुका हूं। अवैध निर्माण कर मंदिर बनाए हो। ज्यादा श्रीराम वाले हो तो अयोध्या जाओ। ऑटो चालक का धमकी भरा वीडियो वायरल होने के बाद हिंदूवादी संगठन के लोगों ने थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया। उन्होंने धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले विद्रोही ऑटो चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।*

बच्ची को छोड़ने का फुटेज आया सामने

# मंदिर में ढाई साल की मासूम को छोड़कर महिला हुई फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी जिले में एक महिला ढाई साल की मासूम बच्ची को गणेश मंदिर में अकेला छोड़कर फरार हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मंदिर के पुजारी ने जब बच्ची को अकेले रोते हुए देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने कुछ समय तक बच्ची की देखभाल की। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को सुरक्षित बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला की पहचान करने का प्रयास कर रही है। दरअसल, कोतवाली थाना क्षेत्र के ब्राह्मण पारा में गणेश मंदिर है, जहां पर सुबह से लोगों आना-शुरू हो जाता है। इसी मंदिर में सोमवार को एक महिला अपने गोद में बच्ची को लेकर पहुंची थी।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9034410425 (रायपुर /31 /जनवरी 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

### 10 लाख का इनामी दामोदर मरा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

पिछले दिनों बीजापुर जिले के पुजारी कांकेर में 50 लाख का इनामी नक्सली दामोदर उर्फ चोखा राव के मुठभेड़ में मारे जाने की खबर पुलिस ने जारी की थी। बाद में नक्सली पर्चे में भी इसे सही बताया गया था, लेकिन 22 जनवरी को जारी एक और नक्सली पर्चा में दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा है कि दामोदर जिंदा है। उसके मरने की खबर को पुलिस का दुष्प्रचार बताया है। दो पेज के पर्चे में नक्सली प्रवक्ता ने दामोदर और अन्य नक्सलियों के सुरक्षित होने की बात कही है, बल्कि उसने पुलिस पर 4 ग्रामीणों की हत्या का आरोप लगाया है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5760

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | | 6 | 7 |
| ■ | | ■ | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| 10 | ■ | ■ | 11 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 12 | | 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | 16 | |
| | ■ | | ■ | 17 | | ■ | 18 | ■ | | ■ |
| 19 | 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 | | 24 |
| ■ | | ■ | | ■ | 25 | | ■ | | ■ | |
| 26 | | | ■ | 27 | | ■ | 28 | | | |
| | ■ | ■ | 29 | ■ | 30 | | | ■ | ■ | |
| 31 | 32 | ■ | 33 | | | ■ | | ■ | 34 | ■ |
| 35 | | | | ■ | | ■ | 36 | | | |

■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 5759 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | रा | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5771

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5770 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

हरिभूमि
जबलपुर, मंगलवार
28 जनवरी 2025

# सहेली

वसंत पंचमी विशेष



आ गया वसंत.. सुहाना-मोहक वसंत..! उपवनों में खिले सतरंगी फूल, इस पर मंडराते भंवरे, रंग-बिरंगी-प्यारी तितलियां और वृक्षों पर आईं नई कोंपलें, इनके बीच फुदकती मैना, कोयल की मधुर कूक एक अलग ही वातावरण बनाती है। स्वयं का मन भी उल्लासित हो उठता है। वसंत जीवन में नई ऊर्जा पैदा कर हमें नवसृजन के लिए प्रेरित करता है, जीवन में नए रंग भरता है।

## वसंत पंचमी राग-अनुराग की जीवंत रुत

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

शीत की ठिठुरन से सहमी-सिमटी सी प्रकृति, वसंत के दस्तक देते ही उल्लास भरी अंगड़ाई लेने लगती है। धरती के पोर-पोर में नई रंगत छा जाती है। सूनी-स्याह रातों का कोहरा छंटने लगता है। उल्लासित प्रकृति सतरंगी पुष्पों से सजी चूनर ओढ़कर इठलाने लगती है। किसी भी कोण से देखें, ऋतु चक्र का यह पड़ाव सृजनशीलता का सार्थक संदेश देता प्रतीत होता है। हर ओर लचकती डालियों पर खिलते फूल और भंवरों की गुनगुन सुनाई देने लगती है। इन दिनों धरा ऐसी धुन गाती है कि हर किसी का मन उसमें रम जाए। सचमुच, मौसम की सबसे प्यारी करवट कहा जाने वाला वसंत, जीवन में नई उमंग-तरंग लेकर आता है। इतना ही नहीं, प्रकृति को जरा ठहर कर देखने के भाव भी जगाता है वसंत। हर तरफ बिखरी वासंतिक छटा हाथ थामकर कुछ पल सुकून से बैठने का न्योता देती है।

### भीतर भी हो वसंत

रंग-बिरंगे फूल और सुवासित हवा का खिला-खिला परिवेश वसंत के आगमन का संदेश देते हुए साथ चलने की चिट्ठी हाथ में थमा देता है। वसंत कहता है कि क्यारियों में खिले फूलों के साथ मानवीय मन में भी सुख के पुष्प खिलें। रचनात्मक सोच की कलियां चटकने लगें। तितलियों की नाजुक परों से भरी उड़ान से आसमान को छूने की जिजीविषा बलवती हो। पेड़ों से झरते सूखे पत्तों के समान दुख का भारी कंबल उतार कर बेहतरी की आशाओं वाली गुनगुनी धूप में बैठकी हो। शरद की ठिठुरन के समान ही उदासी को विदा कर जीवन में उम्मीदों का स्वागत किया जाए। सरसों के खेतों के चटक रंग में उतरा वसंत मुस्कुराते हुए समझाता है कि हर जद्दोजहद के बीच सजीव सोच की ऊर्जा लिए पीतवर्णी आभा से मन-जीवन दमकता रहे। वसंत समझाता है कि आस-पास के वातावरण में खिलते फूलों, फूटती कोंपलों और बदलती हवा को लेकर हमारा मन जागृत रहे। भंवरों की गुंजन और कोयल की कूक के स्वर सुनाता वसंत, संबंधों में प्रेमपगे भावों वाली बतकही की समझाइश देता है। राग-अनुराग की यह रुत जीवन के हर पहलू को अनुभूतियों के केसरिया धरातल पर जीना सिखाती है। वसंत का यूं भीतर उतरना सुप्त मनोभावों को जगाकर नवोत्कर्ष की राह सुझाता है।





### आंगन में उतरे वसंत

वसंत हर घर के आंगन में उतरने की इच्छा रखता है। लेकिन आज मां धरती का सुशोभित आंगन जरा सिकुड़ गया है। हमारे चौक-चौबारे सिमट गए हैं। खेतों की पगडंडियों से नाता टूट गया है। वन-उपवन भी छूट गए हैं। तब भी वसंत खिड़की से झांकता जरूर है। इठलाता-मदमाता वसंत बरामदे-बालकनी में भी अपनी छटा बिखरने में पीछे नहीं रहता। यह रुत हमारी थकी-रूखी जिंदगी को भी प्रकृति के प्रेमिल भावों से सींचने का माध्यम बन ही जाता है। आंगन छोटा हो या बड़ा, वसंत का कुसुमित संसार हमारे लिए अपने द्वार खोल देता है। वसंती हवा की चंचलता उदास मन को ऊर्जा देने हमारी देहरी तक आ जाती है। पलाश, महुआ, नीम और अमराई के पुष्पित होने से हर ओर भीनी-भीनी सुवास फैल जाती है। वसंत के मौसम में प्रकृति से दूर होते जा रहे हमारे जीवन तक भी कुदरत के रंग-सुगंध पहुंच ही जाते हैं। वसंत की विनम्रता और अल्हड़पन देखिए कि पेड़-पौधों पर छा जाने वाली बनी-ठनी ऋतु मानवीय हृदय के दरवाजे खटखटाने से भी नहीं चूकती। पेड़ों की डालियों पर नव पल्लव फूटने के पावन समय में पूरी प्रकृति ही त्योहार मनाती प्रतीत होती है। झरे पत्तों के दुख के बजाय नए पत्तों के स्वागत में रत वसंत के साथ पूरा जीवन दर्शन जुड़ा है। प्रफुल्लता संग हर आंगन में उतर कर उत्साह जगाने वाली वसंत ऋतु, श्रमशील भाव के साथ आगे बढ़ते रहने का संदेश भी देती है।

### जीवंत भाव-चाव

ऋतुओं का राजा कहा जाने वाला वसंत का मौसम, कुदरत के सुंदर और जीवंत स्वरूप से मिलवाता है। शीत और ग्रीष्म ऋतु के मध्य का अंतराल सहज शीतलता ही नहीं नई चेतना भी साथ लाता है। यह चैतन्यता प्रकृति से जुड़ी है। वसंत पंचमी को विद्या की देवी सरस्वती के जन्म से भी जोड़ा जाता है। माना जाता है कि प्रकृति के कण-कण की झंकार देवी सरस्वती की वीणा के सुरों से निकली है। खिली-अधखिली कलियों के बीच आनंदित होते भंवरे-तितलियां, मनोहर भावबोध से जोड़ते हैं। अपनी सुंदरता से मोहित करती वसंत ऋतु के परिवेश में उमंग, आशा, आकर्षण और संतुलन सब कुछ दिखता है। असल में यह रुत मानवीय जीवन के हर पहलू में सुंदरता देखने की सोच को बल देती है। उत्तरायण के बाद शृंगारित धरती जीवन में विविध वर्णी सज-धज की उपस्थिति के अर्थ बता रही होती है। बौराते आम के वृक्ष चुपके से इशारा करते हैं कि थोड़ा अल्हड़पन आवश्यक है। सच, वसंत मानवीय अनुभूतियों का आधार बचाए रखना भी सिखाता है। a

## वासंती रंगों वाली अट्रैक्टिव ट्रेडिशनल ड्रेसेस

जब मौका हो वसंत पंचमी जैसे पर्व का तो आपके लुक में भी वासंती छटा दिखनी चाहिए। इसीलिए हम आपको यहां बता रहे हैं वासंती रंगों वाली ट्रेडिशनल ड्रेसेस ऑप्शंस के बारे में। इनके बारे में जानिए और चुन लें अपनी पसंद की वासंती रंग वाली ड्रेस।


फैशन

निधि गोयल

वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। उन्हें पीला और केसरिया रंग बहुत पसंद है। इसीलिए इस अवसर पर पीले रंग की वस्तुओं का पूजा-पाठ में इस्तेमाल किया जाता है। इस अवसर पर आपको अगर किसी आयोजन में शामिल होना है तो ट्रेडिशनल ड्रेस ही पहनेंगी। ऐसे मौके पर अगर आप पीले रंग की ड्रेस पहनेंगी तो और भी सुंदर लगेंगी। हम आपको बता रहे हैं कि पीले रंग की ड्रेसेस में किस तरह के ऑप्शंस आप सेलेक्ट कर सकती हैं।

**लहंगा:** आजकल मार्केट में बहुत से ऐसे लाइट वेट लहंगे मिल रहे हैं, जिन्हें आप आसानी से कैरी कर सकती हैं। सबसे ज्यादा लाइट वेट लहंगों में पटोला प्रिंट या फिर गोटा वर्क पसंद किए जा रहे हैं। ये लहंगे बहुत सुंदर लगते हैं। भारी न होने की वजह से इन्हें आप पूरे दिन भी पहने रखेंगी तो आपको इनमें दिक्कत नहीं होगी। इनमें आपको बहुत सारे कलर्स और पैटर्न मार्केट में मिल जाएंगे। लेकिन वसंत पंचमी के मौके पर जरूरी हैं कि आप पीले रंग का लहंगा पहनें। जिसमें आप और भी सुंदर लगेंगी।





**सूट:** पटियाला सूट बेहद सुंदर और आकर्षक ड्रेसअप माना जाता है। अगर आप यलो कलर का पटियाला सलवार और यलो दुपट्टा ले रही हैं तो कुर्ते को कंट्रास्ट में जैसे हरा, लाल या फिर बैंगनी पहन सकती हैं। यह सभी रंग पीले के साथ कंट्रास्ट में फबते हैं। अगर आपका मन यलो पैंट या प्लाजो सूट पहनने का है, तो इनमें भी बेहद स्टाइलिश सूट मार्केट में उपलब्ध है। आप अपने हिसाब से इन्हें डिजाइन भी करवा सकती हैं। पैंट और प्लाजो में आप नीचे के साइड कट वर्क या फिर मोती या फिर थ्रेड से वर्क करवा सकती हैं, जिससे आपका सूट बेहद सुंदर नजर आएगा।

**साड़ी:** ट्रेडिशनल ड्रेसेस में सबसे पहले जिक्र साड़ी का आता है। अगर आपके पास बनारसी या सिल्क में पीले रंग की साड़ी है तो आप उसे वसंत पंचमी के अवसर पर पहन सकती हैं। क्योंकि बनारसी और सिल्क साड़ी इस मौसम में बेहद खूबसूरत लगती हैं। आप चाहें तो साड़ी को डिफरेंट बनाने के लिए कोई कंट्रास्ट कलर का ब्लाउज पहन सकती हैं। इसमें आपका लुक बेहद डिफरेंट नजर आएगा। अगर आपका मन कुछ लाइटवेट साड़ी पहनने का है तो जॉर्जेट या फिर शिफॉन में भी आप यलो कलर की साड़ी ट्राई कर सकती हैं। इनमें भी जरी वाला वर्क आता है, जो पहनने पर बेहद सुंदर नजर आता है। a

**(फैशन डिजाइनर ममता आनंद से बातचीत पर आधारित)**



## जब बढ़ जाए वजन ऐसे करें कंट्रोल

सजेशन

मधु सिंह







हालांकि अब ठंड का प्रकोप कम हो रहा है, लेकिन अभी इसका असर बरकरार है। इस मौसम में अपने शरीर को गर्म रखने के लिए हमें अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। मेटाबॉलिज्म रेट बढ़ने से हमारी भूख भी बढ़ने लगती है। इस वजह से लोग सामान्य से ज्यादा मात्रा में खाने लगते हैं, जो ओवर वेट की वजह बन जाता है।

**इसलिए बढ़ता है वजन:** इस मौसम में गर्माहट के लिए वसा से युक्त खाद्य पदार्थ, मीठे और हाई कैलोरीज वाले फूड्स का सेवन ज्यादा किया जाता है। इसके अलावा ठंड से बचने के लिए घर से बाहर निकलना भी कम हो जाता है। ठंड में वॉकिंग और रनिंग जैसी गतिविधियां भी कम हो जाती हैं। शारीरिक गतिविधियां कम होने के कारण शरीर में कैलोरीज की मात्रा गर्मी की तुलना में काफी ज्यादा हो जाती है और कैलोरीज बर्न न हो पाने के कारण वजन बढ़ने लगता है।

**ओवरवेट से बढ़ने वाली प्रॉब्लम्स:** मोटापा बढ़ने के साथ हृदय रोग, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां होने का भी रिस्क बढ़ जाता है। वजन ज्यादा बढ़ने से मांसपेशियों और जोड़ों पर दबाव पड़ने से गठिया, जोड़ों का दर्द और हड्डियों से संबंधित बीमारियां घेरने लगती हैं।

**इन उपायों पर करें अमल:** ओवरवेट से बचाव और इससे निजात पाने के लिए आप कुछ बातों पर अमल कर सकती हैं।

- ठंड में घर से बाहर भले न निकलें, घर के भीतर ही रहकर योगाभ्यास और नियमित व्यायाम जरूर करें।
- ठंड में भी पानी पीते रहना चाहिए। दिन में कम से कम 3-4 लीटर पानी जरूर पीएं। ताजी हरी सब्जियों के सूप भी लें।
- ज्यादा तले-भुने और नमक वाले प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों की बजाय ताजी सब्जियों और फलों को अपनी डाइट में शामिल करें। सूखे मेवे और सीड्स जैसे खाद्य पदार्थों के साथ संतुलित आहार लें।
- ज्यादा कैफीनयुक्त, मोटापा बढ़ाने वाले भोज्य पदार्थों की बजाय प्रोटीनरिच फूड्स जैसे अंडा, दूध, सोयाबीन और फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ लें। a

## एग्जाम टाइम में बच्चों की पढ़ाई ऐसे कराएं

देखा जाता है, जब बच्चों के एग्जाम शुरू होने वाले होते हैं तो मांएं टेंशन में आ जाती हैं। आप इस तरह स्ट्रेस में न आएं, इसका बच्चे पर गलत असर पड़ेगा, उसकी परफॉर्मेंस प्रभावित होगी। बच्चे के एग्जाम पीरियड में किन बातों का ध्यान रखें, जानिए।

प्रिपरेशन

शिखर चंद जैन



अक्सर देखने में आता है कि कुछ मांएं बच्चों के एग्जाम आते ही बहुत टेंशन में आ जाती हैं। इस टेंशन में वे अपने बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालती हैं, उन पर तमाम तरह के प्रतिबंध लगाती हैं। माताएं दिन-रात दबाव के साथ अपने बच्चों को पढ़ाती हैं। अगर आप अपने बच्चे की मां होने के साथ ट्यूटर की भूमिका भी निभाती हैं तो इस बात को समझिए कि ऐसा करने पर आपको और बच्चों को सिवाय परेशानी और तनाव के कुछ हासिल नहीं होगा। आप चाहती हैं कि आपका बच्चा एग्जाम में अच्छा परफॉर्म करे, तो यहां दिए जा रहे सुझावों पर अमल करिए-

**फ्रेंडली बनें:** आपका बेटा या बेटी किसी भी उम्र का स्टूडेंट हो, उन्हें कठोर स्वभाव के व्यक्ति से पढ़ना अच्छा नहीं लगता। अपने बच्चे के साथ आपका बिहेवियर दोस्ताना और प्यार भरा होना चाहिए ताकि वह खुलकर अपनी प्रॉब्लम्स को आपके साथ डिस्कस कर सके। हां, इसमें एक बैलेंस रखना जरूरी है, बच्चे आपको फ्रेंडली मदर ही समझें, न कि अपनी फ्रेंड समझने लगें।

**संवाद कायम रखें:** आप लगातार पढ़ाती चली जा रही हैं, बच्चा भी आपकी बात सुनता या नोट करता है, लेकिन बाद में आपको पता चलता है कि आप बच्चे को क्या पढ़ाती हैं, उसे कुछ समझ में ही नहीं आता है। ध्यान रखिए, जो कुछ बच्चे को पढ़ाएं, बीच-बीच में उससे संबंधित सवाल जरूर पूछती रहें। तभी आपको पता चल सकेगा कि वह आपकी बात समझ रहा है या नहीं। जब बच्चा ठीक से समझ रहा होता है तो वह आपकी बात को गौर से सुनेगा और समझेगा।

**डिस्कस करें:** किसी सब्जेक्ट को पढ़ा लेने के बाद, आपका बच्चा उसे कितना समझ पाया और कौन-सा चैप्टर समझ में नहीं आया, इसका पता लगाने के लिए पढ़ाई के अंतिम 15 मिनट डिस्कशन और रिवीजन के लिए रखें। जो पढ़ाया है, उससे जुड़े सवाल बच्चे से पूछें। आस-पास के दूसरे सहपाठी बच्चों को भी बुला लें, एक-दूसरे से सवाल पूछने को कहें। इससे आप समझ जाएंगी कि आपके बच्चे ने कितना समझा है। एक तरह से उसकी भी पढ़ाई हो जाएगी।

**थोड़ा-सा फन भी हो:** पढ़ाई-लिखाई का माहौल बनाने के लिए जरा सा हंसी-मजाक भी जरूरी है ताकि बच्चे का मूड फ्रेश रहे। लगातार कोर्स की बातें करते रहना जरूरी नहीं है। बीच-बीच में आप कुछ इधर-उधर की ऐसी बातें भी करती रहें, जो उसकी पसंद की हों। हर दिन एक छोटी सी मोटिवेशनल स्टोरी सुनाएं, ऐसा सुनाएं जिससे बच्चा अपने को फ्रेश महसूस करे।

**डाइट का भी रखें ध्यान:** एग्जाम, नजदीक आते ही मांएं अपने बच्चों की याददाश्त बढ़ाने के लिए देशी घी का हलवा और न जाने क्या-क्या खिलाने लगती हैं। साथ ही बच्चे को खुश रखने के लिए वे उसका मनपसंद बर्गर, पिज्जा, समोसा आदि भी खाने को देती हैं। लेकिन अनजाने में ऐसा करके वे बच्चों का नुकसान ही करती हैं। एग्जाम टाइम में खान-पान पर कंट्रोल ज्यादा जरूरी है, उन्हें हेल्दी न्यूट्रिशियस डाइट ही दें, ताकि एग्जाम टाइम में बच्चों को जरूरी एनर्जी मिले। a



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

# टी20 आज : कप्तान सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद, श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| राजकोट

पहले दो मैच में जीत से उत्साहित भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव फॉर्म में लौटना चाहेंगे। पिछले साल सूर्यकुमार ने जब टीम की कमान संभाली तो भारत ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन कप्तान स्वयं रन बनाने के लिए जूझते रहे।

टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार ने इस बीच 17 पारियों में 26.81 की औसत से 429 रन बनाए। सूर्यकुमार को खराब फॉर्म के कारण चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में भी नहीं चुना गया। वह इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 श्रृंखला के पहले दो मैच में भी नहीं चल पाए और अब समय आ गया है जबकि उन्हें खुद को साबित करना होगा।




### सैमसन भी हो रहे फेल

सूर्यकुमार की खराब फॉर्म और संजू सैमसन की शॉर्ट पिच गेंद के सामने कमजोरी के कारण भारत चेन्नई में खेले गए दूसरे मैच में मुश्किल स्थिति में फंस गया था लेकिन तिलक वर्मा ने एक छोर संभाले रखकर टीम को दो विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका में शानदार प्रदर्शन करने वाले सैमसन पिछले दो मैच में जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट पिच गेंद पर आउट हुए। उन्हें जल्द से जल्द इस कमजोरी से पार पाना होगा।



### आठ बल्लेबाजों को दी प्राथमिकता

भारत ने पहले दो मैच में अर्शदीप सिंह के रूप में एकमात्र विशेषज्ञ तेज गेंदबाज उतारा था। हार्दिक पंड्या ने उनके साथ नई गेंद की जिम्मेदारी संभाली थी। भारत के इस संयोजन में बदलाव करने की संभावना नहीं है। भारत ने अभी तक आठ बल्लेबाजों के साथ उतरने को प्राथमिकता दी है क्योंकि बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती ने अच्छी गेंदबाजी की है।

### दुबे और रमनदीप में एक को मिलेगा मौका

आर्चर और मार्क वुड ने अभी तक अपनी शॉर्ट पिच गेंद से भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश की है। लेकिन तिलक के सामने उनकी यह रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। तिलक ने दूसरे मैच में आर्चर पर चार छक्के लगाकर अपनी प्रतिभा का अच्छा परिचय दिया था। रिंकू सिंह और नीतीश रेड्डी चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह शिवम दुबे और रमनदीप सिंह में से किसी एक को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है।



### इंग्लैंड के सामने सीरीज बचाने की चुनौती

जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो उसे पांच मैच की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखने के लिए इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इंग्लैंड की तरफ से अभी तक बल्लेबाजी में केवल कप्तान जोस बटलर ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। उसके अन्य बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजी के सामने रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। जेमी स्मिथ और ब्रायडन कार्स ने पिछले मैच में अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई थी लेकिन उन्हें बड़ी पारी खेलनी होगी। गेंदबाजी में आर्चर फिर से शुरू में विकेट लेने की कोशिश करेंगे। वह रन प्रवाह पर रोक लगाने का प्रयास भी करेंगे क्योंकि पिछले मैच में उन्होंने चार ओवर में 60 रन लुटा दिए थे। राशिद ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वह बल्लेबाजी है जिसमें इंग्लैंड को बेहतर खेल दिखाना होगा।

## खबर संक्षेप



### खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन शुरू

**देहरादून।** भारतीय ओलंपिक संघ ने मंगलवार से शुरू होने वाले राष्ट्रीय खेलों के दौरान उत्पीड़न, दुर्व्यवहार और अन्य प्रकार की पारस्परिक हिंसा को रोकने के लिए स्थानीय आयोजन समिति के साथ मिलकर सोमवार को एक हेल्पलाइन शुरू की। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड के विभिन्न स्थान पर किया जाएगा। इनका समापन 14 फरवरी को होगा। आईओए ने कहा, 'भारतीय ओलंपिक संघ और राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति ने सुरक्षा और कल्याण को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय खेल 2025 के दौरान प्रतिकूल घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए एक टेलीफोन हेल्पलाइन शुरू की है।'

### राहुल कर्नाटक की टीम में शामिल

**बेंगलुरु।** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल को सोमवार को कर्नाटक की टीम में शामिल किया गया जो 30 जनवरी से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के अपने अंतिम लीग मैच में तालिका में शीर्ष पर काबिज हरियाणा का सामना करेगी। राहुल को भारतीय क्रिकेट बोर्ड की मेडिकल टीम ने खेलने के लिए हरी झंडी दे दी है। एजेंसी ने 21 जनवरी को बताया था कि राहुल रणजी ट्रॉफी के अंतिम लीग मैच में कर्नाटक के लिए खेलेंगे जो 2020 में कोलकाता में बंगाल के खिलाफ खेलने के बाद उनका पहला रणजी ट्रॉफी मैच होगा।



### सुपर किंग्स ने सनराइजर्स को नौ विकेट से दी मात

**जोहानिसबर्ग।** तेज गेंदबाज लुथो सिपामला और हार्डस विजोएन की शानदार गेंदबाजी के दम पर जॉबर्ग सुपर किंग्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को नौ विकेट से हराकर बोनस अंक हासिल किया। सिपामला ने तीन ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट और विजोएन ने चार ओवर में 24 रन देकर चार विकेट लिए। इन दोनों की घातक गेंदबाजी से सनराइजर्स की टीम 19 ओवर में 118 रन पर आउट हो गई। सुपर किंग्स ने केवल 14 ओवर में एक विकेट पर 119 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। डेवोन कॉनवे (नाबाद 76 रन) और विहान लुबे (नाबाद 25 रन) ने छह ओवर शेष रहते अपनी टीम को जीत दिला दी।



### रूस के अलेक्जेंद्रोविच बने भारत के भालाफेंक कोच

**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा और राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अन्नु रानी समेत भारत के शीर्ष भालाफेंक खिलाड़ी रूस के महान एथलीट रहे सर्जेइ माकारोव अलेक्जेंद्रोविच के मार्गदर्शन में अभ्यास करेंगे जिन्हें भारत का नया भालाफेंक कोच बनाया गया है। सिडनी ओलंपिक 2000 और एथेंस ओलंपिक 2004 में कांस्य पदक जीत चुके 51 वर्ष के माकारोव को अगले ओलंपिक चक्र के लिये कोच बनाया गया है।


### पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीज़ शीर्ष 10 में शामिल, सिनर नंबर-1 पर कायम

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में महिला एकल चैंपियन मैडिसन कीज़ ने सोमवार को जारी डब्लूटीए विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए फिर से शीर्ष 10 में जगह बनाई जबकि पुरुष वर्ग के चैंपियन यानिक सिनर ने एटीपी सूची में अपनी महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी। कीज़ ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

कीज़ महिला वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली अमेरिका की चौथी खिलाड़ी है। उनके अलावा कोको गॉफ (नंबर तीन), जेसिका पेगुला (नंबर छह) और एम्मा नवारो (नंबर नौ) शीर्ष 10 में शामिल अन्य अमेरिकी खिलाड़ी हैं। सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब की हैट्रिक पूरी नहीं कर पाई लेकिन वह नंबर एक पर बनी हुई हैं। उनके बाद इगा स्वियाटेक का नंबर आता है जो सेमीफाइनल में कीज से हार गई थी। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन तीन स्थान गिरकर आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि पाओला बडोसा मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गईं।



### छठे स्थान पर जोकोविच

पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले साल जून से नंबर एक पर काबिज सिनर इस स्थान पर बने हुए हैं जबकि फाइनल में उनसे हारने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद कार्लोस अलकराज और टेलर फ्रिट्ज का नंबर आता है। पांव की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सेमीफाइनल से हटने वाले नोवाक जोकोविच एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि दानिल मेदवेदेव दो पायदान नीचे सातवें स्थान पर फिसल गए हैं।

### नागल शीर्ष 100 और बोपन्ना 20 से बाहर

भारत के सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में लगातार 10 महीने शीर्ष 100 में रहने के बाद लचर प्रदर्शन के कारण सोमवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में इससे बाहर हो गए जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जल्दी हारने के कारण अनुभवी रोहन बोपन्ना भी अब युगल रैंकिंग में शीर्ष 20 खिलाड़ियों का हिस्सा नहीं हैं। नागल मार्च 2024 से शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल थे। नवीनतम रैंकिंग में वह हालांकि 16 स्थान के नुकसान से 106वें नंबर पर खिसक गए हैं। उनके 565 अंक हैं। नागल के बाद शशिकुमार मुकुंद 365वें स्थान पर हैं। बोपन्ना युगल रैंकिंग में पांच स्थान के नुकसान से 21वें स्थान पर खिसक गए हैं।

रणजी ट्रॉफी

## 13 साल बाद विराट कोहली की वापसी, युवाओं के लिए मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

13 साल बाद रणजी ट्रॉफी मैच खेलने जा रहे विराट कोहली के मंगलवार से दिल्ली रणजी ट्रॉफी टीम के साथ अभ्यास करने की उम्मीद है और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की तैयारी कर रहा है। कोहली को सोमवार को आधिकारिक तौर पर 30 जनवरी से अरुण जेटली स्टेडियम में रेलवे के खिलाफ होने वाले अंतिम ग्रुप मैच के लिए आयुष बडोनी के नेतृत्व वाली दिल्ली टीम में नामित किया गया था। गाजियाबाद के मोहन नगर में उत्तर प्रदेश के खिलाफ 2012 में खेलने के बाद से यह कोहली का पहला रणजी मैच होगा। भारत के इस पूर्व कप्तान के नाम अब 80 अंतरराष्ट्रीय शतक है। डीडीसीए के सचिव अशोक शर्मा ने कहा, 'हमारे जूनियर खिलाड़ियों के लिए जाहिर तौर पर यह बहुत अच्छा अनुभव होगा क्योंकि उन्हें विराट के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलेगा। आप हमारी टीम पर नजर डालें तो केवल नवदीप सैनी ही भारत के लिए और आईपीएल में विराट के साथ खेले हैं। इस टीम के किसी भी अन्य खिलाड़ी को रणजी ट्रॉफी में विराट के साथ खेलने का अनुभव नहीं है। युवा खिलाड़ी उन्हें देखकर वे बहुत कुछ सीख सकते हैं।'



### दिल्ली टीम

आयुष बदोनी (कप्तान), विराट कोहली, प्रणव राजवंशी (विकेटकीपर), सनत सांगवान, अर्पित राणा, मयंक गुसाई, शिवम शर्मा, सुमित माथुर, वंश बेदी (विकेटकीपर), मनी ग्रेवाल, हर्ष त्यागी, सिद्धांत शर्मा, नवदीप सैनी, यश ढुल , गगन वत्स, जोंटी सिद्धू, हिम्मत सिंह, वैभव कांडपाल, राहुल गहलोत, जितेश सिंह।

क्रिकेट

## वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 120 रन से हराकर बराबर की श्रृंखला



एजेंसी ▶▶| मुल्तान

बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन के फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के तीसरे ही दिन सोमवार को यहां पाकिस्तान को 133 रन पर समेटकर 120 रन से जीत दर्ज की और श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी।

पाकिस्तान की टीम सोमवार को दूसरी पारी में चार विकेट पर 76 रन से आगे खेलने उतरी और जीत के लिए उसे 178 रन की और दरकार थी। मेजबान टीम ने हालांकि वारिकन (पांच विकेट) की फिरकी के सामने 57 रन जोड़कर बाकी बचे छह विकेट भी गंवा दिए। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान में 34 से भी अधिक साल बाद पहली टेस्ट जीत दर्ज की।ऑफ स्पिनर केविन सिंक्लेयर (61 रन पर तीन विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती (35 रन पर दो विकेट) ने भी वारिकन का अच्छा साथ निभाया। वारिकन 19 विकेट के साथ श्रृंखला के सबसे सफल गेंदबाज रहे। इस हार के साथ पाकिस्तान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में अंतिम स्थान पर खिसक गया। दोनों टीम ने डब्ल्यूटीसी के मौजूदा सत्र में अपना अभियान पूरा कर लिया है।वेस्टइंडीज डब्ल्यूटीसी तालिका में आठवें जबकि पाकिस्तान नौवें स्थान पर रहा।

### खिलाड़ियों को 32 खेलों में अपनी छाप छोड़ने का मिलेगा मौका

## स्टार खिलाड़ियों के बिना आज से शुरू होंगे राष्ट्रीय खेल

एजेंसी ▶▶| देहरादून

भारत के अधिकांश स्टार खिलाड़ी उत्तराखंड के सात स्थलों पर आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे लेकिन मंगलवार को आधिकारिक उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होने वाले खेलों में हजारों अन्य खिलाड़ियों को 32 खेलों में अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेलों के उद्घाटन की घोषणा करेंगे और 18 दिवसीय राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत करेंगे। इन खेलों में 38 टीम के करीब 10,000 खिलाड़ी और अधिकारी हिस्सा लेंगे। खिलाड़ियों की संख्या के लिहाज से यह दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिताओं में से एक है, हालांकि देश की अंतरराष्ट्रीय सफलता में इसकी प्रासंगिकता पर बहस हो सकती है। इस बार खेल उत्तराखंड के सात शहरों में आयोजित किए जाएंगे जिसमें देहरादून मुख्य आयोजन स्थल होगा। 14 फरवरी तक चलने वाले खेलों के अन्य आयोजन स्थल हरिद्वार, नैनीताल, हल्द्वानी, रुद्रपुर, शिवपुरी और नयी टिहरी हैं।

गोवा में 2023 में हुए पिछले राष्ट्रीय खेलों में पांच शहरों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी उत्तराखंड के लिए विशेष महत्व रखती है क्योंकि राज्य अपने गठन की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है।

### खेल से भी भारत 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र

**गांधीनगर।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को यहां कहा कि भारत को आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तब विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में खेल एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकता है। मांडविया ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक अनुसंधान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें 2036 में देश में ओलंपिक का आयोजन करना है।



### रन लुटाने को लेकर चिंतित नहीं : वुड

**राजकोट।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने सोमवार को खुलासा किया कि उनके गेंदबाजों को कहा गया है कि वे रन लुटाने को लेकर किसी तरह की चिंता ना करें और अति आक्रामक भारतीय बल्लेबाजी इकाई के खिलाफ सिर्फ विकेट लेने पर ध्यान केंद्रित करें। पिछले साल जुलाई के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेल रहे वुड ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने चेन्नई में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवर में 60 रन लुटाए थे। विशेष रूप से तिलक वर्मा ने उन्हें निशाना बनाया था।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक - 406 / ई-टेंडर/न.पा.नि./2025 //निविदा सूचना // रीवा, दिनांक 24-01-2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2025_UAD_398329_1 24.01.2025 [FIRST CALL] 400/24.01.2025 | स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)-2.0 योजना के तहत जोन क्रमांक 01 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 02 नग मूत्रालय (Urinals) का निर्माण कार्य । | 03 माह ₹5.44 लाख | ₹2000.00 ₹5440.00 | 25.02.2025 18:00 बजे तक । |
| 2 | 2025_UAD_398331_1 24.01.2025 [FIRST CALL] 401/24.01.2025 | स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)-2.0 योजना के तहत जोन क्रमांक 02 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 22 नग मूत्रालय (Urinals) का निर्माण कार्य । | 06 माह ₹59.86 लाख | ₹10000.00 ₹44895.00 | 25.02.2025 18:00 बजे तक । |
| 3 | 2025_UAD_398332_1 24.01.2025 [FIRST CALL] 402/24.01.2025 | स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)-2.0 योजना के तहत जोन क्रमांक 03 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 15 नग मूत्रालय (Urinals) का निर्माण कार्य । | 06 माह ₹40.81 लाख | ₹ 5000.00 ₹30608.00 | 25.02.2025 18:00 बजे तक । |
| 4 | 2025_UAD_398334_1 24.01.2025 [FIRST CALL] 403/24.01.2025 | स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)-2.0 योजना के तहत जोन क्रमांक 03 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 15 नग मूत्रालय (Urinals) का निर्माण कार्य । | 06 माह ₹19.05 लाख | ₹ 2000.00 ₹14288.00 | 25.02.2025 18:00 बजे तक । |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (SBM)
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडला संभाग मंडला बिझिया चौराहे के पास मंडला**

कमांक/1682/निविदा/ग्रा.या.सेवा/2025 मण्डला दिनांक 21/01/2025

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 02-2025

म.प्र के राज्यपाल की ओर से दो लिफाफा पद्धति के आधार पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारिक पोर्टल http://mptenders.gov.in पर मध्यप्रदेश सरकार के केन्द्रीयकृत पंजीयन पद्धति में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विभाग द्वारा जारी टेण्डर डाक्यूमेंट अपेंडिक्स 210 प्रतिशत दर पर मंडला जिले में निम्न तालिका मे अंकित कार्यों हेतु ऑनलाईन मोहरबंद निविदा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की दिनांक 11/04/2022 से प्रभावशील दर अनुसूची एवं निविदा आमंत्रण सूचना के दिनांक तक संशोधित के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | टेण्डर सिस्टम नंबर | विकास खण्ड | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) | अमानत राशि (रुपये में) | कार्य अवधि वर्षाकाल सहित (माह में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रू में) | आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_RES_397713_1 | मवई | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य शासकीय हाई स्कूल कुम्हली | 12.32 | 24600 | 03 माह | 2000 | द्वितीय |
| 2 | 2025_RES_397714_1 | मवई | अटल टिकरिंग लैब निर्माण कार्य शासकीय हाई स्कूल कुम्हली | 12.70 | 25400 | 03 माह | 2000 | द्वितीय |
| | | | योग :- | 25.02 | | | | |

उपरोक्त निविदाओ की जानकारी http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने पर इसकी सूचना ऑन लाइन प्रदर्शित की जावेगी।

1. निविदा संबंधी तिथियां (Key Dates)
1 Purchase of Tender Start Date - 30.01.2025 Time 11.00 Am
2 Purchase of Tender End Date - 06.02.2025 Time 18.00 Pm
3. Bid Submission Start Date - 30.01.2025 Time 11.00Am
4. Bid Submission End Date - 06.02.2025 Time 18.00 Pm
5. Envolape A Open Date -10.02.2025 Time 11.00AM
6. Envolape C Open Date -10.02.2024 Time 11.00Am

गीता आरमो
(9691818756)
कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
मण्डला प्रभाग मण्डला

G-22225/24

## पाटन थाना अंतर्गत ग्राम टिमरी में वारदात, जनप्रतिनिधियों समेत कलेक्टर-एसपी मौके पर पहुंचे

# जुए के विवाद पर चार लोगों की नृशन्स हत्या, दो गंभीर

*संस्कारधानी के पाटन थाना अंतर्गत ग्राम टिमरी में दो पक्षों में पुरानी रंजिश के कारण सोमवार को हुए विवाद के बाद नरसंहार को अंजाम देने का मामला सामने आया है।*


हरिभूमि, जबलपुर।

दो समाज के बीच हुए टकराव में खुलकर लाठी डंडे तलवार चाकू चले जिसमें चार लोगों की जान चली गई दो लोग जीवन से संघर्ष कर रहे हैं। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए बड़ी संख्या में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। सांसद आशीष दुबे, क्षेत्रीय विधायक अजय बिश्नोई ,कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय मौके पर पहुंच गए।

### लंबे समय से चल रही थी तनातनी

पाठक परिवार और साहू परिवार के बीच में किसी के खेत में जुआँ खिलाए जाने की बात पर पुरानी रंजिश चली आ रही थी। इसी पुरानी रंजिश को आज सुबह फिर चिंगारी मिल गई और दोनों पक्षों के बीच में बहसबाजी और गालीगलौज हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों ने अपने समर्थकों को बुला लिया। साहू समाज के लोग पहले मौके पर पहुंच गए और उन्होंने दुबे और पाठक परिवार के लोगों को संभालने का मौका ही नहीं दिया और ताबड़तोड़ हथियारों से हमला कर दिया।

विलाप करते मृतकों के परिजन








### सड़क पर लगाया जाम

घटना के बाद से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया है और तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी सहित अन्य मांगे प्रशासन के समक्ष रखी है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उन्हें समझाइए देने का प्रयास कर रहे हैं और जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कुछ टीमें रवाना की है। मृतक और हमलावर दोनों पर पूर्व से मामले दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है। घटना स्थल पर तनावपूर्ण माहौल है।

### सुनवाई होती तो नहीं होती वारदात

मृतक परिवार के लोगों ने पाटन थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना था कि विवाद की जानकारी नुनसर पुलिस चौकी प्रभारी समेत टीआई, एसडीओपी को उनके द्वारा की गई। बावजूद इसके पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।अगर समय रहते इस पर संज्ञान लिया जाता तो यह वारदात टल सकती थी।

### इन लोगों की हुई मौत, इन लोगों ने किया हमला

अनिकेत दुबे, कुंजन पाठक ,चंदन पाठक और समीर दुबे की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मौके पर मृतक के परिजन अखिलेश दुबे ने अपने बयान में बताया कि हमला करने वालों में पप्पू साहू, मनोज साहू ,चंद्रभान साहू ,दिनेश साहू ,सर्वेश साहू, विवेक साहू महेश साहू, कालू साहू ,संदीप साहू, लाली नामदेव सहित 10-12 लोग और मौजूद थे जिन्होंने आते साथ ही हथियारों से हमला कर दिया। दो अन्य विपिन और छोटू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां घायलों का उपचार जारी है।

## व्हील चेयर, हियरिंग एड एवं सुगम्य स्टिक की भी दी सौगात

# मुख्य न्यायाधीश कैत ने दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल का किया वितरण

हरिभूमि, जबलपुर।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के परिसर में गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन किया। साथ ही कैलेंडर व ब्रोशर का विमोचन किया। अगले चरण में दिव्यांगजनों के हितार्थ मोटराईज्ड ट्राईसाकिल, व्हील चेयर, हियरिंग एड व सुगम्य स्टिक का वितरण किया गया। बाल अधिकारों, पर्यावरण संरक्षण एवं विधिक सेवा विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर बालक-बालिकाओं द्वारा बनाई गई प्रथम तीन सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्द्धन किया।

इस दौरान वन क्षेत्रों से निकाले जाने वाले उत्पाद एवं वन्य पदार्थों से निर्मित औषधियों, साबुन इत्यादि, केन्द्रीय जेल जबलपुर के बंदियों द्वारा जेल में निर्मित उत्पादों, संप्रेषण गृह के बालकों द्वारा बनाये गये साज-सज्जा संबंधी वस्तुओं तथा भारत सरकार के उपकम ट्राईब्स इंडिया द्वारा निर्मित वस्तुओं एवं कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसका उद्देश्य निर्मित किए जा रहे उत्पादों का प्रचार-प्रसार कर उत्पादों की जानकारी आमजन तक उपलब्ध करवाकर उत्पादों का निर्माण करने वाले कारीगरों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है।

### सीजे ने स्वयं के स्तर पर 37 आदिवासी कलाकारों को दिए पांच-पांच हजार



डिंडौरी से आए आदिवासी समुदाय के कलाकारों द्वारा सैलाकर्मा नृत्य व उमरिया के ताला बांधवगढ़ से आए आदिवासी समुदाय के कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। आदिवासी समुदाय के कलाकारों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्य न्यायाधिपति द्वारा सम्मान राशि पांच हजार रुपये प्रस्तुति देने वाले प्रत्येक कलाकार (कुल 37 कलाकार) को स्वयं की ओर प्रदान करने की घोषणा की गई। इस दौरान हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी, मप्र राज्य न्यायिक अकादमी के निदेशक कृष्णमूर्ति मिश्रा, प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप मित्तल, उप सचिव अनिरूद्ध जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी प्रदीप सिंह ठाकुर, दिग्विजय सिंह, सर्वेश चतुर्वेदी, अधिवक्ता संघों के प्रतिनिधि, सम्माननीय अधिवक्तागण एवं राज्य प्राधिकरण के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जिला सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर के स्थानांतरण पर रोक

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति द्वारिकाधीश द्वारिकाधीश बंसल की एकलपीठ ने जिला सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर के स्थानांतरण आदेश के क्रियान्वयन पर आगामी सुनवाई तक रोक लगा दी। साथ ही जिला सहकारी बैंक जबलपुर के महप्रबंधक, प्रशासक और क्लर्क प्रहलाद दाहिया को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी जागेश्वर अवस्थी की ओर से अधिवक्ता सुघोष भमोरे व निशांत मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि बैंक प्रबंधन ने आठ अक्टूबर, 2024 को याचिकाकर्ता ब्रांच मैनेजर का स्थानांतरण हेड आफिस स्टोर स्टेशनरी से गोसलपुर ब्रांच किया गया। इसके दो माह बाद दो जनवरी, 2025 को पुनः नियम विरुद्ध तरीके से गोसलपुर से हेड आफिस कर दिया गया। दलील दी गई कि ब्रांच में पदस्थ क्लर्क को उसका प्रभार दे दिया गया।

## हाई कोर्ट ने मनरेगा लोकपाल को शिकायतों की जांच के निर्देश दिए

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने मनरेगा लोकपाल को निर्देश दिए हैं कि ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव व ग्राम रोजगार सहायक के विरुद्ध शिकायतों की जांच कर समुचित कार्रवाई करें। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने इसके लिए चार सप्ताह की मोहलत दी है।

**ग्राम पंचायत के फंड के दुरुपयोग के आरोप का मामला**

जनहित याचिकाकर्ता रीवा निवासी समय लाल सेन की ओर से अधिवक्ता वैभव कुमार पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जिले की ग्राम पंचायत बड़ी हरदी कला के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक के द्वारा विगत तीन कार्यकाल से ग्राम नागरिकों के विकास के लिए दिए गए सरकारी फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है। शासकीय पैसे का गबन कर निजी उपयोग किया गया है। इस वजह से गांव के सभी विकास कार्य रुके हुए हैं। जनहित याचिकाकर्ता सहित ग्राम वासियों ने सभी उच्च अधिकारियों से इस संबंध में शिकायतें कीं, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर व्यापक जनहित में हाई कोर्ट की शरण ली गई।

## 5 दुकानें जलकर खाक, लाखों का नुकसान

# कठौंदा थोक पटाखा बाजार में भीषण आग

हरिभूमि, जबलपुर।



कठौंदा थोक पटाखा बाजार में रविवार की शाम अचानक आग लग गई, जिससे बाजार में हड़कंप मच गया। यह घटना शाम करीब चार बजे की है, जब पटाखों से भरी दुकानों में तेज धमाकों और लपटों के साथ धुंआ उठने लगा। देखते ही देखते आग ने एक दुकान से फैलते हुए आसपास की पांच दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की खबर मिलते ही कलेक्टर दीपक सक्सेना, मंत्री राकेश सिंह सासंद आशीष दुबे, क्षेत्रीय विधायक डॉ अभिलाष पांडे सहित 3 थानों की पुलिस टीम, दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची।

3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, इस दौरान पटाखों के बारूद से दुकानों के आसपास आग की लपटें बाहर तक पहुंच गईं, जिससे बाहर खड़े दर्जनों दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है और इस घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है। अब प्रशासन इसकी जांच करेगा और नुकसान का आंकलन करेगा।

### शार्ट सर्किट बनी वजह

प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह बिजली का शार्ट सर्किट बताई जा रही है। घटना के बाद, बाजार क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया गया था। दमकल कर्मियों को आग बुझाने में अंधेरे का सामना करना पड़ा, लेकिन उनकी तत्परता से आग पर काबू पाया गया।

### दमकल कर्मियों ने दिखाया साहस

नगर निगम के दमकल विभाग ने पूरे साहस के साथ सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर और सहायक अधीक्षक राजेंद्र पटेल ने बताया कि महापौर और निगामायुक्त के निर्देशों पर 10 दमकल वाहन और अन्य मशीनरी समान लगाकर जल्द ही आग पर नियंत्रण पाया गया जिससे आग अन्य दुकानों में नहीं फैल पाई।

## तृतीय काउन्सलिंग में नियुक्त सभी पटवारियों को बनाया जाए पक्षकार

# पटवारी चयन परीक्षा में तृतीय काउन्सलिंग को चुनौती

**जबलपुर।** म. प्र. उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकल पीठ ने पटवारी चयन परीक्षा-2022 में तृतीय काउन्सलिंग को चुनौती देने वाली याचिका में तृतीय काउन्सलिंग में नियुक्त होने वाले सभी पटवारियों को संशोधन के द्वारा पक्षकार बनाने निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर के प्रयाग राज दुबे ने याचिका दायर करते हुए तथ्य प्रस्तुत किये कि पटवारी चयन परीक्षा के नियम में यह विहित किया गया है कि यदि द्वितीय काउन्सलिंग के बाद भी पटवारी के पद रिक्त रहते हैं, तो पुनः काउन्सलिंग न कर शेष पद अगली भर्ती में भरे जायेंगे किन्तु उक्त नियम का घोर उल्लंघन कर तृतीय काउन्सलिंग शेष पदों को भरने के लिए आयोजित की गई जिससे भविष्य में याचिकाकर्ता के लिए व पद अपेक्षाकृत सीमित हो जायेंगे। याचिकाकर्ता की ओर से आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, आनंद शुक्ला, विनीत टेहेनगुरिया पैरवी कर रहे हैं।

### अतिरिक्त अग्निशमन सब स्टेशन स्थापित करने विधायक ने लिखा पत्र

**जबलपुर।** जबलपुर ग्रीन सिटी स्थित फटाका बाजार में हुई आगजनी की घटना को लेकर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में मौके का जायजा लिया एवं किसी प्रकार की जनहानि न हो संबंधित अधिकारियों को तत्काल संभव मदद करने के लिए कहा। अभिलाष पांडे ने बताया कि जबलपुर ग्रीन सिटी में हुई पटाखा बाजार में आगजनी की घटना को लेकर तत्काल जबलपुर कमिश्नर कलेक्टर एवं नगर निगम कमिश्नर को विधानसभा क्षेत्र में एक अतिरिक्त अग्नि समन कार्यालय/सब स्टेशन स्थापित करने के लिए पत्र लिखा है ताकि इस प्रकार की यदि घटनाएं भविष्य में हो तो तत्काल उन पर काबू पा लिया जाए।




## जिलहरीघाट में पिकनिक के दौरान हुई थी वारदात

# हत्याकांड में तीन को आजीवन कारावास

हरिभूमि जबलपुर।



प्रधान सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी की अदालत ने हत्याकांड के तीन आरोपितों जबलपुर निवासी अनिल झारिया, पवन झारिया व रिंकू उर्फ सुनील ठाकुर का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही एक-एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

राज्य शासन की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि यह मामला जिलहरीघाट में पिकनिक के दौरान खाना न देने की बात पर हत्याकांड को अंजाम देकर लाश नर्मदा में फेंके जाने से संबंधित था। दरअसल, दीपक रैकवार अपने दो साथियों (राहुल व पवन) के साथ पिकनिक मनाने 15 मार्च, 2016 को जिलहरीघाट गया था। कुछ देर बाद उनके मोहल्ले में रहने वाले विक्की उर्फ विकास, अजय पटेल, अशोक, गुल्लन सोनी और आकाश सोनी भी आ गए। सभी मिलकर वहां पर गक्कड़ भर्ता बना रहे थे। उसी दौरान वहां पर रेतनाका के पास रहने वाले आरोपित अनिल झारिया, पवन झारिया व रिंकू उर्फ सुनील ठाकुर वहां पहुंचे और उन्होंने खाना मांगा। चूंकि गक्कड़ भर्ता तैयार नहीं हुआ था, इसलिए युवकों ने आरोपितों को कुछ समय बाद आने कहा। इसी बात को लेकर आरोपितों ने अपशब्दों का प्रयोग करके युवकों पर हमला कर दिया। आरोपितों ने विक्की उर्फ विकास को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद हत्या कर नदी में फेंककर चले गए। गौरीघाट थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चालान कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के बाद अदालत ने तीनों आरोपितों को दोषसिद्ध पाते हुए सजा सुना दी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240